रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 20 जून 2024, वर्ष-25, अंक-138, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com


संसेक्स
77,337.59 ↑ +36.45

डॉलर
83.421 ↑ +0.058

रांची सर्राफा
10 ग्राम 70,930
01 किलो 95,600



पीएम कल जाएंगे जम्मू कश्मीर, 21 को योग दिवस...






## राज्य में सभी स्कूल सुबह सात से 11:30 बजे तक चलेंगे

**रांची।** राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी सहित सभी स्कूल अब सुबह सात बजे से दिन के 11:30 बजे तक संचालित किए जाएंगे। इस संबध में बुधवार को स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि राज्य में गर्मी और उष्ण लहर की स्थिति को देखते हुए यह आदेश दिया गया है। बताया गया है कि कक्षा केजी से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं सुबह सात से 11:30 बजे तक चलेंगी। यह व्यवस्था अगले आदेश तक लागू रहेगी। झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

### आज | कल




### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## प्रधानमंत्री ने बिहार के राजगीर में किया नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन

# नालंदा एक पहचान है, देश का सम्मान है : नरेंद्र मोदी

नवीन मेल संवाददाता

**नालंदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि बिहार अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, नालंदा का यह परिसर उसी की एक प्रेरणा है। नालंदा एक पहचान है, देश का सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। विदेश मंत्री एस जयशंकर और 17 देशों के राजदूत और बिहार के सीएम नीतीश कुमार, राज्यपाल विश्नाथ राजेंद्र अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और संसदीय कार्यमंत्री विजय चौधरी ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



*पीएम ने कहा, आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, ज्ञान नहीं मिटता*

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि नालंदा कभी भारत की परंपरा और पहचान का जीवंत केंद्र हुआ करता था। शिक्षा को लेकर यही भारत की सोच रही है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है, विचार देती है और उसे आकार देती है। प्राचीन नालंदा में बच्चों का प्रवेश उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देख कर नहीं होता था। हर देश, हर वर्ग के युवा यहां पर अध्ययन करने के लिए आते थे। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए परिसर में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से आधुनिक रूप में मजबूती देनी है शेष पेज 11 पर

### नए परिसर का उद्घाटन एनडीए राज में हुआ

## पुराने नालंदा विवि का यूपीए राज में शुरू हुआ पुनर्जीवन

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 18 सदस्य देशों द्वारा समर्थित अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करने का काम मनमोहन सिंह सरकार ने 2010 में शुरू किया। मनमोहन सरकार ने इसके लिए उसी जगह से, उसी नाम से चलाने के लिए भारतीय संसद में एक अधिनियम पास कराया। इस विश्वविद्यालय की स्थापना के निर्णय का दूसरे और चौथे पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में समर्थन किया गया था। भारत के राष्ट्रपति विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।

नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना नालंदा के प्राचीन विश्वविद्यालय का अनुकरण करने के लिए की गई थी, जो 5वीं और 13वीं शताब्दी के बीच कार्य करता था। नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करने के विचार का 2007 में दूसरे पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में सोलह सदस्य देशों द्वारा समर्थन किया गया था। 2009 में, चौथे पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान, ऑस्ट्रेलिया, चीन, कोरिया, सिंगापुर और जापान सहित आसियान के सदस्य देशों ने और समर्थन का वादा किया। बिहार सरकार ने अपने नए परिसर के लिए स्थानीय लोगों से प्राप्त भूमि विश्वविद्यालय को सौंप दी। वास्तुशिल्प डिजाइन को एक वैश्विक प्रतियोगिता के आधार पर चुना गया था। लियू थाई केर सहित वास्तुकारों की जूरी ने डिजाइन प्रतियोगिता के विजेता के रूप में प्रित्जकर पुरस्कार विजेता बीवी दोशी की फर्म, वास्तु शिल्प कंसल्टेंट्स को चुना। फर्म डीबीएचएमएस ट्रिपल नेट जीरो एनर्जी, वाटर और वेस्ट स्ट्रेटेजिक प्लान प्रदान करती है। परियोजना से जुड़ी मूल अवधारणाओं में 'एक एशियाई समुदाय की अवधारणा को आगे बढ़ाना... और पुराने रिश्तों को फिर से खोजना' शामिल है। और 'दक्षिण पूर्व एशिया के विभिन्न हिस्सों में छात्रों के लिए एक सेतु के रूप में कार्य करना।

विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय महत्व के एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान और उत्कृष्टता के रूप में देखा गया है। शेष पेज 11 पर

## अमन साहू के खिलाफ एनआईए की छापेमारी में कई सामान जब्त

- *गैंगेस्टर अमन साहू के खिलाफ एनआईए की छापेमारी में वाहन, डीवीआर और दस्तावेज हुए जब्त*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को झारखंड के कुख्यात अपराधी अमन साहू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एनआईए रांची ब्रांच ने उसके बुढ़मू स्थित पैतृक आवास के साथ बुकरू और हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र स्थित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान एनआईए की टीम अमन के घर से फॉर्च्यूनर वाहन, सीसीटीवी का डीवीआर और बैंक खातों से संबंधित कागजात सहित कई अन्य दस्तावेज जब्त करके अपने साथ ले गई। बताया गया है कि एनआईए ने टेरर फंडिंग मामले में यह छापेमारी की है। शेष पेज 11 पर

## खरीफ फसलों के लिए एमएसपी को मिली मंजूरी

नवीन मेल संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में धान, रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का और कपास सहित खरीफ की 14 फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी गई। कैबिनेट की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस वार्ता में कहा, आज की कैबिनेट में कुछ बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसमें किसानों के कल्याण के लिए लिया गया निर्णय शामिल है। खरीफ सीजन के लिए कैबिनेट ने 14 फसलों पर एमएसपी को मंजूरी दी है। धान के लिए नया एमएसपी 2,300 रुपये प्रति क्विंटल है, जो पिछले मूल्य से 117 रुपये अधिक है। कपास के लिए एमएसपी में 501 रुपये की वृद्धि की गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने महाराष्ट्र में 76 हजार करोड़ रुपये की वधावन बंदरगाह परियोजना को भी मंजूरी दी है।

## झारखंड कैबिनेट में 33 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# राज्य में होगा जातिगत सर्वेक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार ने मास्टर स्ट्रोक खेला है। जातिगत सर्वेक्षण को चंपाई कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। कैबिनेट विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कैबिनेट की बैठक के बाद बुधवार को पत्रकारों बताया कि कार्मिक विभाग की देख-रेख में जातिगत सर्वेक्षण होगा। वहीं, पुलिस अफसरों को अब प्रशंसा चिह्न दिए जाएंगे। इस बार गणतंत्र दिवस में 120 पुलिस कर्मियों को प्रशंसा चिह्न दिए जाएंगे। झारखंड गृह रक्षा सेवा नियमावली 2022 में संशोधन की स्वीकृति दी गई। झारखंड न्यायिक सेवा नियमावली 2024 के गठन को स्वीकृति दी गई। राज्य के विधायकों, सचेतकों, अधिकारियों के वेतन भत्ते में बढ़ोतरी कर दी गई है। कैबिनेट में कुल 33 प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई। कार्मिक विभाग अब जाति सर्वेक्षण कराएगा। कैबिनेट में टैक्स डिफॉल्टरों वाहनों के वन टाइम सेटलमेंट के लिए पेनाल्टी माफी के प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई। राज्य में लगभग 4.83 लाख वाहन टैक्स डिफॉल्टरों की श्रेणी में हैं। इसके विरुद्ध 2204 करोड़ का बकाया है। इसमें रोड टैक्स 763 करोड़ ओर पेनाल्टी 1436 करोड़ है। रोड टैक्स का पूरा देना होगा पेनाल्टी या 50 प्रतिशत देना होगा। शेष पेज 11 पर

- विधायकों का वेतन भत्ता बढ़ा, रिटायर्ड कर्मचारियों को भी मिलेगा प्रमोशन

**सचेतक का वेतन भत्ता :** मुख्य सचेतक को 75000 प्रतिमाह उप सचेतक को 70000 रुपये प्रतिमाह सचेतक को 60000 प्रतिमाह मिलेगा। इन्हें सत्कार भत्ता 55000, क्षेत्रीय भत्ता 65000, प्रभारी भत्ता 3000, राज्य के अंदर 4000, राज्य के बाहर लगभग एक लाख रुपये प्रतिमाह। कंप्यूटर की सुविधा 1,00,000 तक और होम लोन 60 लाख तक मिलेगा।



### झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन

झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन किया गया है। इसके तहत अब लिखित परीक्षा में 45 प्रतिशत न्यूनतम अंक सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को लाना होगा। ओवरऑल 50 प्रतिशत अंक लाना होगा। वहीं आरक्षित वर्ग के छात्र-छात्राओं को 40 प्रतिशत और ओवरऑल 45 प्रतिशत अंक लाना होगा। वहीं इंटरव्यू और रिटर्न परीक्षा को जोड़कर ही अब रिजल्ट जारी होगा। लुगुबुरु में डीवीसी के 1500 मेगावाट के प्लांट को स्थगित करने का निर्णय ले गया है और इससे भारत सरकार को अनुरोध किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग में सेंट्रल डिजिटल सिस्टम को विकसित किया जाएगा विभिन्न कार्यों के लिए पोर्टल तैयार होगा और इसके लिए एजेंसी का एक चयन किया गया और कार्य के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

**नेता विरोधी दल :** वेतन 8,50,000 रुपये प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 95 हजार रुपये प्रतिमाह, सत्कार भत्ता 55,000 प्रतिमाह, होम लोन 60 लाख तक और प्रभारी भत्ता राज्य के अंदर 3000 राज्य के बाहर 4000 रुपये मिलेगा।

**विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को वेतन और भत्ता :** वेतन 98000 रुपये प्रतिमाह अध्यक्ष को, उपाध्यक्ष को 75000 प्रतिमाह, होम लोन 60 लख रुपये तक चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर, प्रभारी भत्ता 3000, राज्य के अंदर और राज्य के बाहर 4000 प्रतिदिन, लगभग एक लाख रुपये प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 80,000 और सत्कार भत्ता 70,000 और 55,000 प्रतिमाह अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को दिया जाएगा।

### इंडिया



सुनील बादल

*पीने के पानी का डर ऐसा बैठ गया है कि लोग प्यासे रह जाएं पर पानी न पीएं। हमने अपने जल स्रोतों को स्वयं ही बर्बाद किया है। ऐसे ही दुनिया में एक ऐसी झील चर्चा में है जिसका पानी सबसे मीठा माना जाता है।*

## अतिप्रचार से व्यवसाय बनता पेयजल कहीं संकट न बन जाए

भारतीय परंपरा रही है कि कोई भी घर या कार्यस्थल पर आए तो उसे सबसे पहले पीने का पानी दिया जाता था । पानी को प्रतिष्ठा मयार्दा से जोड़कर देखा जाता रहा है कहावत भी है बिन पानी सब सून ।आज वही पानी खरीद कर पिया जा रहा है ।कभी एक समय था जब नदी नालों का बहता पानी कोई भी पी सकता था पर जैसे जैसे जनसंख्या बढ़ती गई उसकी गंदगी और प्रदूषण से पेयजल एक समस्या बन गई और पानी एक बड़ा व्यापार ।भारत में सदियों से प्रायः सभी धार्मिक अनुष्ठानों से लेकर प्राचीन साहित्य में मीठे जल या जलाशय की चर्चा अवश्य होती है । दुनिया में ऐसी नदियां, झीलें हैं जिनका पानी मीठा होता है। भारत के हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ नदियां-झीलें अभी भी बची हैं जिनका जल सीधे पिया जा सकता है अन्यथा शुद्ध पेयजल आज के दिन अरबों का व्यवसाय बन चुका है । घरों में आनेवाले नल के पानी को पीने वाले लोग अब गिनती के बचे हैं । घर घर आरओ और क्या क्या लोग लगवा रहे हैं या जार का पानी पी रहे हैं। पीने के पानी का डर ऐसा बैठ गया है कि लोग प्यासे रह जाएं पर पानी न पीएं । हमने अपने जल स्त्रोतों को स्वयं ही बर्बाद किया है । ऐसे ही दुनिया में



एक ऐसी झील चर्चा में है जिसका पानी सबसे मीठा माना जाता है। इस झील का नाम 'बैकाल झील' है। दुनिया में सबसे मीठे पानी वाली ये बैकाल झील रूस में मौजूद है। बैकाल झील पूरी दुनिया में सिर्फ मीठे पानी वाली झील ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे पुरानी और गहरी झील की पहचान से भी जानी जाती है। बैकाल लेक रुस के दक्षिणी साइबेरिया में स्थित है, जिसमें दुनिया का लगभग 20% मीठा पानी है। पानी की कमी की बात करते ही एक बात हमेशा सामने आती है कि दुनिया में कहीं भी पानी की कमी नहीं है। दुनिया के दो तिहाई हिस्से में तो पानी ही पानी भरा है तो भला कमी कैसे होगी। यहां ये जानना जरूरी है कि मानवीय जीवन जिस पानी से चलता है उसकी मात्रा पूरी दुनिया में पांच से दस फीसदी से ज्यादा नहीं है। नदियां सूख रही हैं। ग्लेशियर सिकुड़ रहे हैं। झीलें और तालाब लुप्त हो चुके हैं। कुएं, कुंड और बावडियों का रखरखाव नहीं होता। भूगर्भीय जल का स्तर तेजी से कम होता जा रहा है। हालत सचमुच चिंताजनक है-आखिर किस ओर बढ़ रहे हैं हम। पूरी दुनिया को आंकने वाले नासा के सेटेलाइट के आंकड़ें बताते हैं कि अब भी चेतो और पानी को बचा लो। झरने, दलदल, झीलें और गहरे पानी के जलभृत सभी ताजे पानी के स्त्रोत हैं जिनकी हमें जीवित रहने के लिए आवश्यकता है। ताजे पानी पर हम भरोसा करते हैं, वह जानवरों और पौधों की एक अद्भुत श्रृंखला के लिए भी आवश्यक है।

कछुए, मछली, ड्रैगनफलीज, मेंढक, क्रेफि श, ऑर्किड, ऊदबिलाव और अनगिनत अन्य - खाद्य जल के ऊपर से नीचे तक। भूजल निकाला जाता है और उसका उपयोग अनियमित रूप से किया जाता है तो आर्द्रभूमि नष्ट और खराब हो जाती हैं औद्योगिक शोषण जैसे जीवाश्म ईंधन निष्कर्षण, कृषि, खनन , कटाई, चराई , फैक्ट्री फार्म और फार्मास्यूटिकल्स पानी की गुणवत्ता को बर्बाद कर देते हैं।इन खतरों का सामना करते हुए, और इस तथ्य से कि हमारे ग्रह का केवल 2.5 प्रतिशत पानी ताजा है ( और उसमें से अधिकांश ग्लेशियरों में बंद है), इस जीवन देने वाले संसाधन की सुरक्षा अधिक जरूरी नहीं हो सकती है। जैयरे और कनाडा के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा पानी भारत में है। अभी भी समय है कि हम चेतें और अपने पानी के स्त्रोतों को अक्षय ही बनाए रखें। एक सदी पहले हम देशी तरीके से पानी का ज्यादा बेहतर संरक्षण करते थे। लेकिन नई जीवनशैली के नाम पर हम उन सब बातों को भूल गये। हम भूल गये कि कुछ ही दशक पहले तक हमारी नदियों में कल-कल करके शुद्ध जल बहता था। अब ऐसा नहीं रहा। तथाकथित विकास की दौड़ में शुद्ध पानी और इसके स्त्रोत प्रदूषित होते चले गये। अनियंत्रित और नासमझी से भरे विकास ने नदियों को प्रदूषित और विषाक्त कर दिया ।दूसरी तरफ शुद्ध पेयजल यानी आरओ का पानी और बोतलबंद पानी का इतना प्रचार हुआ कि यह बहुत बड़ा व्यवसाय बन गया है और वंचित वर्ग के लिए संकट भी क्योंकि पानी खरीद कर पीना सभी के बस की बात नहीं । यह सही है कि ज्यादातर बीमारियां प्रदूषित जल से ही होती हैं पर सभी जल प्रदूषित भी नहीं होते ।शुद्ध पेयजल के नाम पर बहुत बड़ी ग्रामीण आबादी भी अब जार वाले पेयजल की मांग कर रही है जिससे चापाकल जैसे पारंपरिक साधन की उपेक्षा हो रही है।

## नीट परीक्षा रद्द, मामले की जांच सीबीआई करेगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 18 जून को बुधवार को नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने करने का फैसला किया। प्रथम दृष्टया गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया गया है। केंद्र सरकार ने एग्जाम में गड़बड़ी के चलते मामले की जांच सीबीआई को सौंपी है। नीट-यूजी की परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) कराता है। शिक्षा मंत्रालय ने नीट-यूजी परीक्षा को भी रद्द करने का एलान किया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूजीसी-नेट परीक्षा नए सिरे से आयोजित की जाएगी। सरकार के मुताबिक परीक्षा में गड़बड़ी के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जा रही है।
शिक्षा मंत्रालय केबयान के अनुसार, प्रथम दृष्टया संकेत मिला कि परीक्षा की सत्यनिष्ठा से समझौता किया गया होगा। इसलिए शिक्षा मंत्रालय ने फैसला लिया है कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा रद्द की जाए।

## रांची में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची में बुधवार की शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इस दौरान 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली। जिससे शहर के ज्यादातर इलाकों की बिजली कट गई। आंधी में चुटिया के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के समीप 33 केवी लाइन पर पेड़ गिर गया, जिससे चुटिया व आसपास के मोहल्लों में रात 8:30 बजे तक करीब साढ़े चार घंटे बिजली नहीं रही। बारिश रात 10:30 बजे तक जारी थी। इधर, राज्य में 22 जून को मानसून की इंट्री होने की संभावना है।

## एक नजर

### कुरमी/ कुड़मी(महतो) समन्वय समिति के पदाधिकारियों को किया गया मनोनीत

**सिल्ली।** कुरमी/ कुड़मी (महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के संयोजक लालचन महतो ने प्रमुख बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों कल्याण प्रसाद महातो (पुरूलिया) विजय महातो (मेदनीपुर) डाक्टर धनेश्वर महतो (रांची) प्राचार्य नेहरु लाल महतो ( मनोहरपुर पश्चिमी सिंहभूम) मनोरंजन महंतो (गालुडीह) पुर्वी सिंहभूम) भगिरथ महतो ( गोला रामगढ़) अधिवक्ता कालीपद महतो ( रांची), नरेन्द्र नाथ महातो (कोटशिला पुरुलिया) को समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के कोर कमिटी में मनोनीत किया गया है। उक्त जानकारी संयोजक लालचन महतो ने दी।

### छोटामुरी के पहाड़ी मोहल्ला में एक व्यक्ति के घर में लगी आग

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन लगभग 3 बजे विजय स्वर्णकार के घर में आग लग गई। विजय स्वर्णकार ने बताया कि वह घर में सो रहे थे इसी क्रम में उन्होंने आशंका जताई की शॉर्ट सर्किट होने के वजह से उनके घर में आग लग गई। आग लगने की खबर फैलने पर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अग्निशमन दल को बुलाया गया। अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंचकर तुरंत आग पर काबू पा लिया। आग लगने से घर के सारे घरेलू सामान जलकर राख हो गया। मौके पर मुरी ओपी के सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना सिंह दलबल के साथ मौजूद रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का जिप उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**रांची।** रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा देवी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिल्ली का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी वार्ड का जायजा लेकर मरीजों को इलाज में आ रही सभी प्रकार की समस्यओं को जल्द से जल्द दूरूस्त करने का निर्देश दिया।

### द हंस फाउंडेशन ने झारखंड में मासिक धर्म, स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर किया एमओयू

**रांची।** द हंस फाउंडेशन ने मासिक धर्म, स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर रांची के जिला अस्पताल के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में तीन प्रमुख एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह महत्वपूर्ण समझौते पूरे भारत में मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य और स्वच्छता मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के द हंस फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों को एक नई गति देंगे। एमओयू पर तीन प्रमुख साझेदारों मेनस्ट्रूपीडिया, एमवीएम न्यूट्रिशनल प्रोडक्ट्स और जिला स्वास्थ्य समिति, रांची ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को मजबूत करना, मासिक धर्म संबंधी शिक्षा को बढ़ाना, और संपूर्ण आहार सप्लीमेंट्स उपलब्ध कराना है। जिला स्वास्थ्य समिति, रांची और द हंस फाउंडेशन के बीच हुए समझौते का उद्देश्य रातू ब्लॉक के ऊषा मातू में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव लाना है।

## मांडर के छोटका हातमा में पानी के लिए परेशान हैं लोग

# कुआं भी सूखा, चापानलों से भी पानी गायब



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
करगे पंचायत की छोटका हातमा बस्ती के लगभग 250 लोग पीने के पानी के लिए परेशान हैं। नहाने धोने के लिए नदी है सहारा लेना पड़ता है। ग्रामीण ने बताया कि गर्मी के दिनों में नहाने और कपड़ा धोने के लिए उन्हें भूर नदी के पानी पर निर्भर रहना पड़ता है। इस बार तो बारिश होने से नदी में थोड़ी पानी रहा है, किंतु ये भी अब नहाने धोने लायक नहीं रहा। परंतु जब भीषण गर्मी पड़ती है जब भूर नदी का पानी भी सूख जाता है। कुछ दिन पूर्व जल नल योजना के तहत जब गाड़ी यहां बोरिंग करने पहुंची थी तब बोरिंग सफल नहीं हुई थी। इसके बाद जब ग्रामीणों ने तीन दिनों तक बोरिंग गाड़ी को बंधक बना लिया था। बीडीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने गाड़ी छोड़ी थी। बोरिंग हुई पर अभी तक उससे आगे का काम लंबित पड़ा है। गांव में चार सरकारी चापानल हैं, चारों खराब पड़े हैं। कई बार मुखिया से लोगों ने गुहार लगाई परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। पहले सिंचाई के लिए परेशानी नहीं होती थी, परंतु अब सिंचाई भी प्रमुख समस्या बन गई है। गांव के अधिकांश दिहाड़ी के लिए रांची चले जाते हैं। नदी में एक साथ ग्रामीण और मवेशी नहाते हैं। आज के समय में इससे बड़ी दूख की बात और क्या हो सकती है। पीने का पानी मुश्किल से लोगों को मिलता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नाली, पीसीसी आदि सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं दिया जा रहा है। कई साल से एक भी ग्रामीण को नहीं मिला है। आवास योजना का लाभ। इस बार झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास आया है, परंतु इस बस्ती के लोगों को एक भी आवास नहीं मिला। प्रधानमंत्री आवास भी लोगों को पिछले करीब तीस सालों से नहीं मिला है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे पंचायत की मुखिया कान बुझकर हमलोगों को अनदेखी कर रही है। क्योंकि मुखिया चुनाव में उनके गांव से भी प्रत्याशी खड़ा हुआ था और उन लोगों ने अपने गांव के प्रत्याशी को ही वोट दिया था। इससे मुखिया नाराज होकर ग्रामीणों को उपेक्षित कर रहा है।

### कई बार पेंशन के लिए आवेदन जमा किया लेकिन स्वीकृत नहीं हुई : लीलो देवी



सिंचाई की कोई सुविधा नहीं है। भूर नदी में लोग खोदकर सिचाई करते हैं जिससे दुर्घटना का डर बना रहता है। वहीं समय भी बहुत बर्बाद होता है। **-शिवनंदन पाहन**

### नल से जल योजना शुरू होगी

नल से जल योजना जल्द शुरू कराई जाएगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। चापानल जल्द ठीक करा दिया जाएगा। चापानल ठीक कराने का पूरा सामान विभाग के पास है, ग्रामीण सिर्फ सूचना दें तत्काल काम कराया जाएगा। **सोमेलाल उरांव, जेई**



अबुआ आवास का लाभ ग्रामीणों को जरूर दिया जाएगा। कई लोगों की पेंशन लागू कराई गई है। जिन्हें पेंशन नहीं मिल रही है वे संपर्क करें उन्हें भी पेंशन जरूर मिलेगी। **शांति देवी, मुखिया करगे**

### विशेष लोक अदालत के लिए डालसा अध्यक्ष ने दिए निर्देश

**रांची।** भूमि और राजस्व संबंधित विशेष लोक अदालत आगामी 29 जून को राज्यभर के सिविल कोर्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए बुधवार को रांची सिविल कोर्ट में डालसा अध्यक्ष दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में बैठक हुई। यह बैठक राजस्व, भूमि अधिग्रहण, विस्थापन, मुआवजा और इससे संबंधित अन्य मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आयोजित की गई थी। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्री-लोक अदालत की बैठक 24 से 28 जून तक चलेगी। न्यायायुक्त ने कहा कि सभी सरकारी संस्थान, जो भूमि और राजस्व से संबंधित है, उनके मामलों को पहले से ही चिह्नित कर नोटिस भेजा जा रहा है। अधिक से अधिक नोटिस का तामिला कराने के निर्देश दिया गया है, ताकि विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का त्वरित गति से निष्पादन हो सके। डालसा द्वारा संबंधित संस्थानों में कैंप लगाकर मामलों को चिह्नित कर उसका निष्पादन किया जाएगा। न्यायायुक्त ने संबंधित विभागों में विशेष लोक अदालत से संबंधित पोस्टर, बैनर लगाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। दूसरी ओर, सीसीएल के सभी विभाग और रांची जिला के सभी प्रखंड अंचल कार्यालय में 25 जून को कैंप लगाया जाएगा। कैंप लगाकर भूमि, राजस्व एवं सीसीएल के लंबित मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### रिम्स निदेशक ने मंत्री बना गुप्ता के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो. डॉ राजकुमार ने बुधवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री सह रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष बन्ना गुप्ता के साथ विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक की। बैठक में रिम्स निदेशक ने मंत्री के बीच रिम्स के पुराने भवन के नवीनीकरण, आगामी शासी परिषद की बैठक, नई भर्तियों और आउटसोर्स कर्मियों के मुद्दों पर मंत्री के साथ सकारात्मक चर्चा हुई। इसके अलावा निदेशक व रिम्स के अन्य पदाधिकारियों की स्वास्थ्य विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अजय कुमार सिंह के साथ भी बैठक हुई। रिम्स में सरकार द्वारा तैनात अधिकारियों और फैकल्टी के प्रमोशन के विषय पर चर्चा हुई।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर स्कूल में फल वितरण



**मांडर।** प्रखंड स्थित मुड़मा प्राथमिक कन्या विद्यालय के बच्चों के बीच बुधवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने फल का वितरण किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के 54वें जन्म दिन के अवसर पर फल वितरण करते हुए विधायक ने कहा कि बच्चियों को हमेशा मजबूत रहना चाहिए। शारीरिक और मानसिक मजबूती दोनों आवश्यक है। ताकि वे अपने भविष्य निर्माण के लिए पुख्ता निर्णय ले सकें। इसके लिए अच्छा स्वास्थ्य जरूरी है। और अच्छा स्वास्थ्य अच्छे खानपान और व्यायाम से होता है। मौके पर कांग्रेस जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अंसारी, नसीम अंसारी, आबिद अंसारी, शिक्षा विभाग के बी पी ओ, स्कूल के टीचर एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### रांची में मोबाइल चोर गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**रांची।** रातू थाना पुलिस ने साहिबगंज के तीन पहाड़ थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव के शातिर मोबाइल चोर गिरोह का खुलासा करते हुए 79 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि, दो नाबालिग को निरुद्ध किया है। गिरफ्तार शातिर चोरों में लड्डू नोनिया, जितेंद्र नोनिया, पुसवा नोनिया, अर्जुन नोनिया और मिथुन दास शामिल है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रातू के एतवार बाजार से एक नाबालिग को मोबाइल चोरी करने के प्रयास में पकड़ा गया था, जिससे पूछ ताछ करने पर बताया कि मेरे साथी लोग कमड़े में किराये के मकान में रहते हैं। थाना प्रभारी रातू के जरिये मामले की जानकारी मिली। इसके बाद डीएसपी मुख्यालय के निर्देशन में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। एसएसपी ने बताया कि छापेमारी टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए सूर्या नगर कमड़े स्थित बिट्टू चौधरी के घर पहुंची, जहां एक कमरे में रह रहे छह लोगों को पकड़ा गया, जिसमें एक नाबालिग भी था।

# रांची के जोनल आईजी ने आपराधिक घटनाओं की समीक्षा की, दिए निर्देश



**ावीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जोनल आईजी अखिलेश झा ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय में राजधानी रांची में हाल के महीनों में हुई आपराधिक घटनाओं की समीक्षा की। रांची डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल की मौजूदगी में हुई समीक्षा बैठक में आईजी ने राजधानी रांची में चोरी और छिनतई की घटनाओं में हो रही वृद्धि पर चिंता जताते हुए हर हाल में इस पर रोक लगाने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान राजधानी के उन सभी थानों के प्रभारियों को भी बुलाया गया, जहां सबसे ज्यादा चोरी और छिनतई की घटनाएं हुई हैं। सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थानों में दर्ज मामलों में अब तक क्या कार्रवाई की गई है, इसकी जानकारी दी। आईजी ने उन थाना प्रभारियों की क्लास लगाई, जिनके क्षेत्र में छिनतई और चोरी की सबसे ज्यादा घटनाएं हुई हैं। साथ ही, सभी थाना प्रभारियों को समय सीमा के अंदर आपराधिक घटनाओं का खुलासा करने और अपराध में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि जोनल आईजी ने रांची में आपराधिक घटनाओं की समीक्षा के दौरान चोरी और छिनतई की रोकथाम के लिए हर संभव उपाय करने का निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारियों को अपराधियों को टाइम बांड के अंदर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। एसएसपी ने बताया कि जोनल आईजी को राजधानी में संसाधनों की कमी से भी अवगत कराया गया है, जिस पर मुख्यालय स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि आईजी ने सभी थानेदारों को भी निर्देश जारी किए हैं। खास तौर पर जिनके थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में संपत्ति संबंधी अपराध बढ़े हैं, वे सुबह से खुद नियमित गश्त करें। साथ ही, स्नैचिंग वाले इलाकों की पहचान कर गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान ग्रामीण एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को चेतावनी भी दी कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को हर हाल में रोकें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### प्रारंभिक प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा रद्द हो : अभिषेक शुक्ला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में बुधवार को युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल जेएसएससी द्वारा कराई जा रही प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम से मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने कहा कि अभी कुछ दिनों पहले ही जेएसएससी द्वारा करवाई जा रही प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में जनजातीय भाषा पेपर 2 में पंचपरगनिया, हो, कुरमाली विषय की परीक्षा में 50 प्रतिशत से ज्यादा प्रश्न पाठ्यक्रम के बाहर से पूछे गए हैं। इसे लेकर छात्र-छात्राएं काफी हताश एवं निराश हैं। उन छात्र-छात्राओं का कहना है कि इस परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही पाठ्यक्रम भी जारी कर दिया गया था। फिर भी पाठ्यक्रम के बाहर से प्रश्न पूछा जाना अभ्यर्थियों एवं उनके भविष्य से खिलवाड़ करने जैसा है। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि जेएसएससी द्वारा कराई जा रही प्रारंभिक प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को रद्द कर पुनः पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा करवाई जाए।

### 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददउाता। बरकट्ठा**
प्रखंड अंतर्गत बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत स्थित अडवार स्टेडियम में बुधवार को 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन विभागीय आदेशानुसार किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता 19 एवं 20 जून को निर्धारित है। वहीं प्रतियोगिता के शुभारंभ में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ,बीईओ किशोर कुमार, फुटबॉल खिलाड़ी कोच प्रदीप सिंह, शिक्षक साधन कुमार रवानी, अशोक विश्वकर्मा, परमेश्वर प्रसाद समेत दर्जनों लोगों की उपस्थिति में संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। विदित हो कि 19 जून को अंडर 17 के लड़के और लड़कियों का खेल तथा 20 जून को अंडर 15 के लड़के और लड़कियों का मैच खेला जाएगा। दूसरे दिन ही फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा । खेल के प्रारंभ में उएचएस खैरिओ तथा उएचएस गंगपाचो के बीच खेला गया जिसमें गंगपाचो की टीम दो गोल से पराजित हुई। तत्पश्चात प्लस टू एचएस बरकट्ठा एवं प्लस टू एचएस कपका के बीच खेल जारी था। प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिक्षक हरिकांत पांडेय, वीरेंद्र कुमार, दिनेश तिवारी ,गोपाल राम समेत दर्जनों शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई ।वहीं स्वास्थ्य विभाग से डा0 इम्तियाज अंसारी, हीरालाल महतो उपस्थित थे।

### पत्रकारिता विभाग के लेक्चरर के साथ की गई मारपीट

**रांची।** पत्रकारिता विभाग के वरिष्ठ लेक्चरर के साथ बुधवार की शाम कुछ असामाजिक तत्वों ने मारपीट की। इसके बाद उन्होंने सुखदेव नगर थाना में अपराधी तत्व के लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। पीड़ित मनोज शर्मा शाम 4:30 बजे विभाग से निकलकर रातू रोड के सरोवर नगर स्थित अपने आवास पर पहुंचे। फिर दुकान में सामान लेने के लिए गए। इस दौरान वहां पर मुन्ना नाम का व्यक्ति अपने दोस्तों के साथ दुकान से सिगरेट गुटका खरीद रहा था। वे लोग मनोज शर्मा को देखते ही अपशब्द कहने लगे और उनके साथ मारपीट की। मारपीट में मनोज शर्मा को हल्की चोट लगी। इसके बाद पीड़ित ने सुखदेव नगर थाना में मुन्ना व उसके दोस्तों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया है। सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने एफआईआर दर्ज करते हुए जल्द से जल्द जांच करने की बात कही है।

### कैफे में पुलिस का छापा, शराब और गांजा बरामद

**रांची।** अरगोड़ा थाना पुलिस ने अशोक नगर रोड नंबर दो के समीप स्थित कैफे में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब सहित अन्य सामान बरामद किया है। इनमें बीयर 24 पीस, मेक डबल व्हिस्की एक, टीचर्स एक बोतल, गांजा 418 ग्राम बरामद किया गया है। मामले को लेकर कैफे संचालक सन्नी कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत बुधवार को मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि कैफे संचालक की तलाश की जा रही है।




## कार्यशाला

## कचड़ा प्रबंधन के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का समापन

# स्वच्छ जीवन के लिए स्वच्छता की शुरूआत अपने घर से ही करें: उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
समाहरणालय स्थित सभागार उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 रामगढ़ अंतर्गत जिला स्तरीय ठोस एवं तरल कचड़ा प्रबंधन के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक हुआ समापन। कार्यशाला में कचड़ा (अपशिष्ट) प्रबंधन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध स्वच्छता विशेषज्ञों ने अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता के महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यशाला में संबोधित किया। कार्यशाला में दो महत्वपूर्ण पैनल चचाएं हुईं, जिनके विषय थे। ◆ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन। ◆तरल अपशिष्ट प्रबंधन; जिसमें समुदायों के बीच व्यवहार परिवर्तन प्राप्त करने के लिए आवश्यक ठोस प्रयास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने उपस्थित सभी सदस्यों को स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उन्होंने स्वच्छता और सफाई बनाए रखने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर भी जोर देने की बात कहा साथ ही उन्होंने अभिनव समाधानों और सामुदायिक भागीदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्र को स्वच्छ करने की अपील की वहीं उन्होंने स्वच्छता कवरेज और ग्रामीण अपशिष्ट प्रबंधन में चुनौतियों से निपटने के लिए नई तकनीकों और तरीकों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने कहा कि प्लास्टिक उत्पाद ग्रामीण इलाकों में एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौती के रूप में उभरा है। इस कारण प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को एक महत्वपूर्ण मानदंड बनाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे।

# समाहरणालय के ब्लॉक-बी की अधिसंख्य लिफ्ट खराब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची का समाहरणालय एक मॉडल समाहरणालय के रूप में दिखना चाहिए था। लेकिन, दूर से आधुनिक सुविधाओं से संपन्न दिखता हुआ समाहरणालय का हाल कुछ अलग ही है। हजारों लोगों का आना रांची के समाहरणालय में प्रतिदिन होता है। कहने को तो ब्लॉक-बी में आठ लिफ्ट लगी हुई है, उसमें से छह लिफ्ट खराब है। इस भयंकर गर्मी में बुजुर्ग, महिलाएं जब सीढ़ियों का उपयोग करते हैं, तो उनकी तकलीफ का अंदाजा लगाया जा सकता है। किसी काम से समाहरणालय आए नीरज कुमार ने कहा कि इस चिलचिलाती गर्मी में ऊपर-नीचे सीढ़ियों से आना-जाना करना बहुत कष्टदायक है। विकास भगत ने कहा कि प्रशासन को जल्द लिफ्ट बनवाना चाहिए। स्मिता मंडल ने कहा कि यहां भी इस तरह की दिक्कत हो, यह कहीं से उचित नहीं है। क्या बात होती अगर यह आठों लिफ्ट चालू होते? मगर जनता का दुर्भाग्य कहिए या प्रशासन की उदासीनता, समस्या तो जनता को ही झेलना पड़ रहा है। जो दो लिफ्ट ठीक हैं, उसे वही लोग इस्तेमाल करते हैं, जो हमेशा ब्लॉक-बी आते हैं। उन्हें पता है कि कहां लिफ्ट ठीक है और कहां खराब है।

**भीषण गर्मी में बुजुर्ग, महिलाओं को करना पड़ रहा सीढ़ियों का उपयोग**




## डीएवी हेहल के बच्चों ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान में लिया भाग

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में बुधवार को मादक द्रव्यों एवं नशीले पदार्थों के सेवन को रोकने तथा छात्रों को जागरूक करने के लिए पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की कक्षा छठवीं से नवमीं के लगभग बारह सौ विद्यार्थियों ने भाग लेकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। एसके मिश्रा, प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-'जे' ने अपने संदेश में कहा कि नशा मानवता को नष्ट-भ्रष्ट कर देता है। नशा से युवाओं का शारीरिक, मानसिक और नैतिक पतन होता है।

## न्यूज | बॉक्स

### राजधानी में बिजली की कमी नहीं : जीएम

**रांची ।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने कहा है कि रांची शहरी क्षेत्र में बिजली की सप्लाई में कोई कमी नहीं है। रांची को 360 मेगावाट बिजली की जरूरत है, जो पूरा उपलब्ध किया जा रहा है। बिजली कटौती की बात से इंकार करते हुए जीएम श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ स्थानीय परेशानी के कारण भले ही कुछ देर के लिए बिजली सप्लाई बाधित होती है, लेकिन पूरे क्षेत्र में निर्बाध रूप से उपभोक्ताओं को बिजली दे जा रही है। जीएम श्रीवास्तव ने बताया कि भीषण गर्मी और लोड के कारण कई क्षेत्रों में ट्रांसफर्मर का फ्यूज उड़ रहा है या जल रहे हैं, वहां तत्काल सूचना मिलने पर मरम्मति किया जा रहा है। वहीं शहरी क्षेत्रों में 6-7 घंटे में और ग्रामीण इलाकों में 48 घंटे में जले ट्रांसफर्मर को बदल दिया जाता है। जीएम श्रीवास्तव ने स्मार्ट मीटर में बिजली बिल अधिक आने की शिकायत पर कहा कि ऐसा होने पर उपभोक्ता तत्काल विभाग को सूचित करें, उनके मीटर की जांच कराई जाएगी।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को हरमू रोड स्थित मंगल मूर्तिहाइट्स परिसर में किया गया। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच इन दिनों अपना पखवाड़ा मना रहा है। इस अवसर पर 10 दिनों का रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। बुधवार को आठवां शिविर लगाया गया है। आयोजन रक्तदान शिविर के प्रभारी विष्णु अग्रवाल ने बताया कि कुल 41 यूनिट ब्लड का संग्रहण किया गया है। शिविर में मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, शाखा सचिव सोनित अग्रवाल, तथा शाखा कोषाअध्यक्ष स्पर्श चौधरी, संयोजक प्रवीण अग्रवाल सहित अन्य कई लोग शामिल रहे।

### भगवान जगन्नाथ का भव्य रथ तैयार



**रांची ।** राजधानी रांची में भगवान जगन्नाथ के रथ को लगभग तैयार कर लिया गया है। सात जुलाई को भगवान जगन्नाथ भव्य रथ पर अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर (मौसीबाड़ी) जाएंगे। भगवान जगन्नाथ के लिए इस वर्ष भी भव्य रथ तैयार किया जा रहा है। ओडिशा से आए कारीगर दिन-रात मेहनत करके रथ को तैयार कर चुके हैं, अब सिर्फ रथ की सजावट बाकी है। मंदिर कमेटी के सदस्य ठाकुर सुधांशु सहदेव ने बताया कि भगवान जगन्नाथ के रथ को तैयार करने के लिए विशेष रूप से हर वर्ष पूरी से कारीगर आते हैं। पिछले एक महीने से पुरी से आए कारीगर अपनी अथक मेहनत से रथ को तैयार कर चुके हैं। अब केवल रथ में रंग-रोगन बाकी है, जिसे अगले हफ्ते तक पूरा कर लिया जाएगा। भगवान जगन्नाथ के रथ को तैयार करने में 35 से 40 लाख रुपये का खर्च आया है। रांची के जगन्नाथपुर में पुरी की तर्ज पर वर्षों से रथयात्रा निकाली जाती है। मंदिर ट्रस्ट के लोग बताते हैं कि रांची में जगन्नाथपुर मंदिर से 300 वर्षों से रथ यात्रा निकाली जा रही है।

### शहीद शेख भिखारी कॉलेज में अनाज बैंक का हुआ उद्घाटन

**रांची ।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज में आईक्यूएसी के तत्वावधान में बुधवार को शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन और पिठोरिया पंचायत के मध्य एमओयू के तहत अनाज बैंक का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन पिठोरिया पंचायत समिति के सदस्य मधुसुदन महली, आशीष रंजन तथा बाबू पंचायत समिति के सदस्य अशोक उरांव, मनीष उरांव तथा महाविद्यालय के सचिव डॉ पीके वर्मा ने किया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के पूर्व आईक्यूएसी निदेशक प्रो (डॉ) संजय मिश्र, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी, महाविद्यालय की एलक्यूएसी समन्वयक डॉ अंजू शर्मा, सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा बड़ी सख्या में पिठोरिया पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

### महुआ माजी ने किया यूरोपीय सिटी कार्निवल 2024 का उद्घाटन

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में पहली बार यूरोपीय सिटी कार्निवल 2024 का आयोजन हो रहा है। इसका उद्घाटन बुधवार को राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने फीता काटकर कर किया। वहीं, संचालकों ने महुआ माजी को बुके देकर सम्मानित किया। कार्निवल में यूरोप सिटी के मॉडल सिटी मॉडल एफिल टावर, बुर्ज खलीफा, सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। इसमें खरीदारी के लिए मुख्य आकर्षण कंज्यूमर हैंडलूम आदि है। यहां हैंडीक्राफ्ट एक्सपो का आनंद उठाया जा सकता है।

## ब्लू पौंड में नहाने के क्रम में डूबने से युवक की मौत

**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बालसिरिंग स्थित ब्लू पौंड में नहाने के क्रम में डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त मो शब्बीर (20) के रूप में हुई है। वह हिंदपीढ़ी निजाम नगर का रहने वाला था। घटना मंगलवार देर शाम की है।

बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार हिंदपीढ़ी के आठ युवक मोहम्मद शब्बीर, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद साहिल, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद मासूम, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद आर्यन और मोहम्मद अफरीदी ब्लू पौंड घूमने के लिए गए थे। इसी दौरान वहां पहुंचने के बाद सभी नहाने लगे। नहाने के क्रम में मो शब्बीर डूब गया। इसके बाद शब्बीर के दोस्तों ने 100 डायल पर उसके डूबने की सूचना दी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। अंधेरा होने की वजह से स्थानीय गोताखोर भी पौंड में उतरने को तैयार नहीं हुए। मामले की जानकारी एनडीआरएफ को दी गई। एनडीआरएफ की टीम बुधवार सुबह मौके पर पहुंची और युवक के शव की तलाश की। दिन में शव बरामद कर लिया गया।

## कृषि एवं बागवानी आधारित आदर्श पोषण वाटिका निर्माण के लिए कार्यशाला शुरू

# जहां एमडीएम की सुविधा, वहां आदर्श पोषण वाटिका का निर्माण होगा : राज

**बादल राज ने कहा, राज्य में कुपोषण बड़ी चुनौती**

**पोषण वाटिकाएं पूर्ण रूप से जैविक तरीके से लगाई जाएंगी**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि एवं बागवानी आधारित आदर्श पोषण वाटिका निर्माण के लिए झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में बुधवार से दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। इसमें राज्य के सभी जिलों के ईको क्लब से दो नोडल शिक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में राज्य के कई कृषि विशेषज्ञ इन शिक्षकों को पोषण वाटिका पर प्रशिक्षण देंगे। सत्र के पहले दिन राज्य के प्रभाग प्रभारी बादल राज, झारखंड राय यूनिवर्सिटी के कृषि विशेषज्ञ डॉ आरपी सिंह, नेहा कुमारी ने शिक्षकों को आदर्श पोषण वाटिका के निर्माण व उसके संचालन पर मार्गदर्शन दिया।

सत्र को संबोधित करते हुए बादल राज ने कहा कि राज्य में कुपोषण एक बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए मध्याह्न भोजन में पोषक तत्वों से युक्त फल-सब्जियों को शामिल करना अनिवार्य है। झारखंड के जिन सरकारी विद्यालयों में एमडीएम की सुविधा है, वहां आदर्श पोषण वाटिका का निर्माण किया जाएगा। यह पोषण वाटिकाएं पूर्ण रूप से जैविक तरीके से लगाई जाएंगी।

पोषण वाटिका में जिन सब्जियों को उगाया जाएगा, उन्हें एमडीएम में भोजन तैयार करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पोषण वाटिका के निर्माण के लिए विद्यालयों को राशि उपलब्ध करा दी गई है। विद्यालयों को एमडीएम और ज्ञानोदय योजना के तहत भी राशि उपलब्ध कराई गयी है।

सत्र को संबोधित करते हुए कृषि विशेषज्ञ नेहा कुमारी ने कहा कि विद्यालय के बच्चों को एमडीएम में पोषण युक्त भोजन देने के उद्देश्य से सभी स्कूलों में पोषण वाटिका का निर्माण किया जा रहा है, जो सराहनीय है। इसमें ईको क्लब की भूमिका महत्वपूर्ण है। नेहा कुमारी ने कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद चयनित नोडल शिक्षक अपने-अपने जिलों में ईको क्लब से जुड़े अन्य शिक्षकों को भी प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने शिक्षा में कृषि की भूमिका और कृषि आधारित शिक्षा पर बल देते हुए राज्य में इसे पाठ्यक्रम के रूप में विकसित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे स्कूली बच्चो में कृषि के प्रति रुचि तो बढ़ेगी ही, साथ ही उन्हें पौष्टिक भोजन भी मिलेगा।

# सीवरेज के लिए सड़कें खोद डाली अब बारिश में कीचड़ से होगी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के कई क्षेत्रो में बीच सड़क पर गड्ढे कर पाइपलाइन बिछाई गई है। इससे कई जगहों पर सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। इधर, 20 जून तक मानसून के आने की संभावना मौसम विभाग ने पहले ही व्यक्त कर दी है। ऐसे में बारिश शुरू हुई, तो सड़को का हाल कीचड़ से खराब हो जाएगा। गड्ढों में जल जमाव से पूरी राजधानी परेशान रहेगी।

रांची में पेयजल से लेकर सीवरेज-ड्रेनेज के लिए सड़कों पर पाइपलाइन बिछाने का काम पिछले कई माह से जारी है। फेज-1 का काम नगर निगम के जिम्मे में है। इसमें सीवरेज सिस्टम के लिए सड़क के बीच में चैंबर निर्माण के साथ पाइपलाइन बिछाई जा रही है। वहीं, सप्लाई पानी के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से जुडको को जिम्मेदारी दी गई है।

वर्तमान में रातू रोड के कई वार्डों में गड्ढे खोदे गए हैं। इंद्रपुरी मुख्य मार्ग पर ब्लेक टॉप सड़क को सीवरेज के लिए खोदकर लगभग एक किलोमीटर तक गड्ढों को भरा गया है। अभी एक किलोमीटर का काम अधूरा है। ऐसे में सड़कों का निर्माण कब होगा यह विभाग की ओर से स्पष्ट नहीं किया गया है। लोगों को बारिश के दिनों में होने वाली परेशानी को लेकर चिंता सता रही है। पहाड़ी मंदिर से सती मंदिर मार्ग तक पानी के लिए खोदे गए कंक्रीट सड़क का कवर कर दिया गया है, लेकिन मंदिर के पास अब भी काम अधूरा पड़ा हुआ है।



**क्या कहते हैं आम लोग**



इंद्रपुरी मुख्य मार्ग पहले भी काफी खराब था। किसी तरह सड़क का कालीकरण हुआ था कि फिर से खोद दिया गया। ऐसे में परेशानी काफी होगी।

चांदनी कुमारी।



इन दिनों राजधानी में निर्माण कार्य को लेकर सड़को का हाल खराब है। दो पहिया वाहन से निकलने पर खतरा बना रहता है। बारिश से पहले मरम्मत जरूरी है।

- कांति देवी।



बारिश होने के बाद तो सड़कों का हाल और भी खराब हो जाएगा। यदि नगर निगम बारिश से पहले सड़कें बना दे, तो लोगो को परेशानी कम होगी।

शंभु नाथ महतो।

20 जून से मानसून की संभावना बनी हुई है। 22 से संभवतः लगातार बारिश होगी।

अभिषेक आनंद, प्रभारी, मौसम विज्ञान केंद्र, रांची।

सीवरेज का काम नगर निगम के एजेंसी कर रही है। यह एजेंसी कि जिम्मेदारी है कि कंक्रीट सड़क में गड्ढा खोदा गया है तो कंक्रीट से ढलाई करे। यदि ब्लैक टॉप रोड है, तो उसमें ब्लैक टॉप किया जाएगा। बारिश होने से काम पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। क्योंकि, प्रत्येक मौसम में काम होता है। बारिश के वजह से काम तो नहीं रुकेगी। इस बीच बारिश होने के बाद लोगो को परेशानी होती है, तो यह क्षणिक होगी।

अमित कुमार, आयुक्त, रांची नगर निगम।

### गड्ढों की घेराबंदी के लिए आदेश जारी किया गया

**रवींद्र कुमार, नगर निगम उप प्रशासक की ओर से शहर के सभी वार्डों में जहां पर गड्ढे कोड़े गए हैं, वहां पर सुरक्षा घेरा लगाने को कहा है। इसके लिए लोहे को सड़क के किनारे-किनारे लगाया जाएगा।**

# मौसीबाड़ी बस्ती में मादक पदार्थ के विरुद्ध चौपाल का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव एवं अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची ने बुधवार को मौसीबाड़ी बस्ती (जगन्नाथपुर) में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत चौपाल का आयोजन सिनी संस्था के सहयोग से किया। जागरूकता कार्यक्रम में मौसीबाड़ी बस्ती के करीब 200 लोग - बच्चे, युवा, अभिभावक, सहिया, आंगनवाड़ी सेविका एवं सिनी संस्था की टीम मौजूद रही। इसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, जिला खेल पदाधिकारी रांची, शिवेंद्र कुमार सिंह, सहायक, परियोजना पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान रांची, कौशल किशोर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, 10-एनसीबी, एम. मीना, सिनी संस्था की ओर से शिल्पा, आश्रय, अशोक अजीत, जयंती, स्वाती एवं अन्य उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव द्वारा झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे मादक पदार्थ के विरुद्ध अभियान की जानकारी देते हुए नशा मुक्ति अभियान में सबको अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने को कहा गया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों, खासकार युवाओं को नशा छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सदस्यों को नशा के विरुद्ध शपथ दिलाई एवं हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की।इस अभियान में रांची सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने विशेष रूप से युवाओं को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में बताया एवं उन्हें नशा से बचे रहने की सलाह दी गई एवं नशा से दूर रहने को कहा गया।

# सदर एसडीओ ने कहा, डीजे एवं म्यूजिक सिस्टम रात्रि 10 बजे के बाद नहीं बजे

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में उत्पाद प्रपत्र-08, 09 एवं 10 (होटल, रेस्तरा एवं बार) तथा उत्पाद प्रपत्र-7 'क' (क्लब) अनुज्ञप्तियों के संचालन के संबंध में रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बुधवार को निर्देश देते हुए कहा है कि कई माध्यमों से शिकायत प्राप्त हो रही है कि क्लब, होटल, रेस्टोरेंट एवं बार में नियमों की अवहेलना करते हुए अनुज्ञप्ति परिसर में निर्धारित समयावधि तक डीजे एवं म्यूजिक सिस्टम का संचालन नहीं किया जा रहा है। जबकि, डीजे एवं म्यूजिक सिस्टम के संचालन की समय सीमा 10 बजे रात्रि तक ही निर्धारित है। निर्धारित समयावधि के बाद डीजे एवं म्यूजिक सिस्टम बजाए जाने का मामला भी प्रकाश में आ रहा है, जिसके कारण विधि व्यवस्था प्रभावित हो रही है। एसडीओ सदर रांची उत्कर्ष कुमार ने क्लब, होटल, रेस्टोरेंट एवं बार में संचालित डीजे एवं म्यूजिक सिस्टम निर्धारित समयावधि- रात्रि 10 बजे के बाद संचालित किए जाने की प्राप्त शिकायत पर अपने स्तर से जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

# बकरी बाजार दुर्गा मंदिर का 25वां स्थापना दिवस आज

**धूमधाम से मनाएगा भारतीय युवक संघ**

**वर्ष 1999 में हुआ था मंदिर का निर्माण**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार, दुर्गा मंदिर का 25वां स्थापना दिवस गुरुवार (20 जून) को धूमधाम से मनाया जाएगा। ठीक 25 वर्ष पूर्व संस्था के सदस्यों और समाज के भामासाहों के सहयोग से वर्ष 1999 में इस भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया था। मंदिर की भव्यता पूरे रांची शहर को अपने ओर आकर्षित करती है। आज झारखंड की सबसे बड़ी दुर्गा पूजा का भी आयोजन इसी मंदिर के प्रांगण से शुरू होता है।

यह जानकारी देते हुए भारतीय युवक संघ के प्रवक्ता अमित प्रकाश बजाज ने बताया कि 20 जून को भव्य 25वां स्थापना दिवस मनाने के लिए सभी सदस्य जोर-शोर से लगे हुए हैं। स्थापना दिवस पर माता रानी के जयकारों के साथ पूजन एवं आरती की जाएगी। इसके साथ एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के बीच चना, घुघनी, सूजी हलवा, पूड़ी, सब्जी, बुंदिया और भुजिया का प्रसाद दोपहर 12 बजे से वितरित किया जाएगा। माता रानी की नयनाभिराम झांकी, मनमोहक दरबार, मंदिर परिसर की साज-सज्जा एवं बाहरी श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। स्थापना दिवस के मौके पर मंदिर परिसर में मारवाड़ी युवा मंच के सहयोग से एक भव्य रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर भी सभी भक्त उत्साहित है। अमित बजाज ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी कर्मठ सदस्य अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं।






## रांची में बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, दो नाबालिग निरुद्ध

**रांची।** शहर की बुंडू थाना पुलिस ने चोरी के एक आरोपी उत्तम मुंडा को गिरफ्तार किया है, जबकि दो नाबालिगों को निरुद्ध किया है। इनके पास से चोरी की टीवीएस अपाची बाइक बरामद हुई है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि सूचना मिली कि रैयदा बाजारटांड़ के पास दो लड़के एक चोरी की बाइक की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। इसके बाद एसडीपीओ रतीभान सिंह के नेतृत्व में छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्तम मुंडा को एक नाबालिग के साथ पकड़ा गया। साथ ही, चोरी की टीवीएस अपाची बाइक बरामद की गई। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को सरहुल के दिन यह बाइक आदिवासी कल्याण छात्रावास बुंडू के पास से चोरी गई थी।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## नशा मुक्ति अभियान के लिए 6 जागरूकता रथ को सीएम ने किया रवाना

# नशे पर नियंत्रण से ही झारखंड बनेगा बेहतर राज्य : सीएम

ब्यूरो रिपोर्ट रांची।
राज्य को नशा से मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में 6 जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इसमें चार जागरूकता रथ रांची और एक-एक रामगढ़ और खूंटी जिले के लिए है । विदित हो कि राज्य के सभी जिलों में 19 से 26 जून तक नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ निकाले जा रहे हैं। ये सभी जागरूकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांवों का भ्रमण करेंगे। इसके जरिए लोगों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचाव से अवगत कराया जाएगा। मौके पर सभी ने नशा मुक्त झारखंड अभियान के तहत एकजुट होकर स्वयं, परिवार और समाज को नशा से दूर रहने की शपथ ली।

### मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव

मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है और इसमें हर किसी को अपनी सहभागिता निभानी होगी । सभी के प्रयासों से ही मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव है झारखंड राज्य के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरूकता रथ को रवाना किया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। लोग यह समझ सकेंगे की नशे की वजह से उनका कितना नुकसान हो रहा है और इससे कैसे बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नशे के खिलाफ प्रचार -प्रसार से लोग जागरूक होंगे और दूसरों को भी नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करेंगे।




### बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। शहर हो या गांव, हर किसी को नशे से दूर रहना होगा । जो नशा को बढ़ावा दे उसे भी रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। हर किसी के सहयोग से हम अपने इस अभियान में निश्चित तौर पर सफल होंगे। अगर अगर हम आज नशा पर नियंत्रण नहीं कर पाएंगे तो आगे और भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोकने की जरूरत है।



### नशे से समाज में फैल रहा अपराध

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि नशे की वजह से समाज में तरह-तरह की विकृतियां फैलती है। इससे युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती है । परिवार में अलगाव की स्थिति पैदा होती । आपसी संबंधों में दरार आने लगता है। समाज गलत दिशा में आगे बढ़ने लगता है। सबसे बड़ी बात कि नशा का सेवन करने वालों के स्वास्थ्य पर इसका काफी नकारात्मक असर पड़ता है। शारीरिक और मानसिक बीमारियां उसे गिरफ्त में लेने लगती है। यह उस व्यक्ति के साथ उसके परिवार समाज और राज्य के लिए भी स्वस्थ नहीं है। ऐसे में युवाओं को नशा से दूर रहना होगा। यह तभी संभव है ,जब उन्हें नशे के दुष्प्रभाव से अवगत किया जाएगा। उन्हें नशा के खिलाफ जागरूक करना होगा। इस कड़ी में इन जागरूकता रथों की भूमिका भी काफी मायने रखेगी।

## पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड हाई कोर्ट में रांची में जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैमो की साफ-सफाई एवं उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव और नगर आयुक्त को गुरुवार को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, कोर्ट ने रेनवाटर हार्वेस्टिंग में शामिल रहने वाले रांची नगर निगम के प्रतिनिधि के रूप में शामिल तीन अभियंताओं को भी कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अधिवक्ताओं की कमेटी ने रांची नगर निगम के इन तीन अभियंताओं पर बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच करने गई कमेटी को सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया है।
सुनवाई के दौरान झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने कोर्ट को बताया कि बड़ा तालाब की सफाई पर अब तक 50 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। इसके बावजूद बड़ा तालाब की सफाई को लेकर रांची नगर निगम अब तक औपचारिकता ही पूरा करता आया है, जिससे बड़ा तालाब के पानी की दुर्गंध से वहां के लोगों का रहना दूभर हो गया है। नाले का पानी बड़ा तालाब में बिना साफ किए अभी भी जा रहा है। यही हाल कांके डैम और हरमू नदी का भी है। वहां भी सफाई ढंग से नहीं होती है। इस पर कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि हरमू नदी अब नाले के रूप में बदल चुकी है, सरकार इसकी देखभाल ढंग से नहीं करती है। रोहित राय की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लालपुर, सर्कुलर रोड स्थित होटल अप्सरा के पीछे न्यू कॉलोनी में पिछले एक माह से नल से आपूर्ति होने वाला पानी काफी गंदा आ रहा है।

### भाजमो 30 विस सीटों पर उतारेगा प्रत्याशी

# सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, मुद्दा बनाने में विपक्ष विफल : सरयू राय

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भारतीय जनतंत्र मोर्चा की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक डोरंडा में हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक विधायक सरयू राय ने की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। भाजमो ने विधानसभा चुनाव में 30 सीटों पर प्रत्याशी उतारने के साथ जनता को तीसरे विकल्प देने की घोषणा की। विधायक सरयू राय ने कहा कि 15 जुलाई से 15 अगस्त तक प्रदेश के सभी नगरपालिका/ विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और लोगों के फीडबैक के आधार पर प्रदेश स्तर का घोषणा पत्र तैयार करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा चुनाव स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित होगा, इसलिए हम लोग जिलावार घोषणा पत्र भी तैयार करेंगे।




### सरकार व विपक्ष जनता को ठग रहे

राय ने कहा कि सरकार ने अपना खजाना चुनाव आने पर खोला। अब बड़ा सवाल यह है कि सरकार अब पैसा कहाँ से लाएगी बजट में तो है ही नहीं । उन्होंने कहा कि झारखंड का हर जिम्मेदार नागरिक जानता है कि इस सरकार पर भ्रष्टाचार के छींटे हैं। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। इसके बावजूद अलग-अलग धड़ों में बंटा विपक्ष भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने में अब तक विफल रहा है। विपक्ष भी झारखंड की जनता को ठग रहा है।

### नौ साल से शराब व खनन घोटाला

विधायक राय ने कहा कि शराब घोटाला आज का घोटाला नहीं है। यह 2015 से ही चल रहा है। 2015 से ही खनन घोटाला भी चल रहा है। कई मामलों मे चार्जशीट मे 2015 से अब तक का जिक्र है पर उस समय के लोगों को संवैधानिक पद दिया जा रहा है। भ्रष्टाचार की महिमा ऐसी कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भी सीता- गीता पर भी भ्रष्टाचार का आरोप होने के बाद भी एक बड़े दल को उन्हें अपने साथ लेने में कोई परहेज नहीं।

## व्यापम घोटाले से भी बड़ा नीट परीक्षा में पेपर लीक

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक व्यापम से बड़ा घोटाला साबित होगा । जहां बीजेपी एवं सहयोगी शासित सरकार हैं वहां सभी परीक्षा पेपर लीक हो जा रहा है । यादव ने कहा कि नीट परीक्षा पेपर में लीक सुनियोजित है क्योंकि जब जब किसी भी तरह की नियुक्ति निकाली जाती है तब परीक्षा के समय पेपर लीक हो जाती है, ऐसा मानना है कि जबसे बीजेपी सहयोगी दलों की सरकार है वहां मेडिकल, पुलिस भर्ती,शिक्षक नियुक्ति जैसे अन्य बहालियां का पेपर लीक हो जाती है।

# जनादेश का सम्मान व विकसित गिरिडीह हमारा लक्ष्य : सुदेश महतो

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से पार्टी की लगातार दूसरी बार जीत के बाद आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जनता का आभार जताने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत टुंडी विधानसभा के पांडुवा गांव पहुंचे। पांडुवा गांव में आयोजित आभार सभा को संबोधित करने के बाद पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो टुंडी बाजार के थाना मोड़ से महथा काम्प्लेक्स तक और राजगंज बाजार अंतर्गत दुर्गा मंदिर से थाना तक पदयात्रा कर जनता के प्रति आभार प्रकट किया। इसके बाद आभार यात्रा बाघमारा विधानसभा पहुँची। यहां सुदेश कुमार महतो ने कतरास में स्वास्तिक टॉकीज से सूर्य मंदिर तक पदयात्रा कर बाघमारा की जनता को लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने और अपना समर्थन



चंद्र प्रकाश चौधरी को देने के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। आभार पदयात्रा में हजारों की भीड़ उमड़ी। पदयात्रा का जगह जगह धूमधाम से स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि आभार यात्रा के जरिए हम सिर्फ मुख्यालयों को ही नहीं दूर दराज के गांवों में रहने वाले ग्रामीण जिन्होंने ने इस लोकसभा चुनाव में पुनः हमें अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है उसके लिए हम उनके गांव पहुँचकर उनका आभार प्रकट कर रहे हैं। गांव में पहुंचकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ ही वहां की समस्यओं से भी रूबरू हो रहे हैं। विकसित राज्य की कल्पना विकसित गांव के बिना अधूरी है। आमजनों से एक मतदाता के रूप में नहीं बल्कि उनसे एक इंसान के रूप में जुड़ना और उनके दुःख दर्द में सहभागी बनकर हर संकट के समाधान में उनका सहयोगी बनना हमारा ध्येय है। उन्होंने उपस्थित सभी मतदाताओं के प्रति गिरिडीह लोकसभा में चंद्र प्रकाश चौधरी की जीत सुनिश्चित करने के लिए आभार प्रकट किया। सुदेश महतो ने कहा गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी जिम्मेदारी है। पिछले कार्यकाल के बचे हुए विकास कार्यों को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के साथ जनहित से जुड़े विकास की नई परियोजनाओं को गिरिडीह में लाने की दिशा में तेजी के साथ काम किया जाएगा।

## पेपर लीक मामले में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन 21 को

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि परीक्षा में हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार तथा एनडीए सरकार की निष्क्रियता एवं चुप्पी के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आगामी 21 जून को प्रातः 10 बजे से शहीद चौक रांची से राजभवन तक राज्यव्यापी विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित की गई है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि नीट-2024 परीक्षा में हुए घोर गंभीर चिंता का विषय है। 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है।

### ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक

# रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम है मनरेगा : सचिव

ब्यूरो रिपोर्ट रांची।
ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर सचिव के श्रीनिवासन ने जिले के सभी उप विकास आयुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने लंबित योजनाओं की कार्य योजना बना कर, ससमय पूरा करने का निर्देश दिया । ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं, बल्कि यह ग्रामीणों के लिए रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम है। कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी उप विकास आयुक्तों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं की पूरी तरह से निगरानी की जाये, ताकि वह धरातल पर दिखाई दे। इसके लिए विशेष ख्याल रखें कि योजनाएं तय समय सीमा में पूरी हों।

### पोटो हो खेल योजना में तेजी लाने का निर्देश

मनरेगा आयुक्त बी राजेश्वरी ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की पूर्णता में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में स्थानीय श्रमिकों द्वारा निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडलों और उससे संबंधित महिलाओं को सक्रिय कर बिरसा हरित ग्राम योजना से जोड़ें। मनरेगा आयुक्त ने आधार बेस्ट पेमेंट की कमजोर प्रगति पर नाराजगी जतायी और कहा कि तय लक्ष्य के अनुसार सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा से जुड़े पूर्व के पूर्ण आवासों के लिए मस्टर रोल जारी किया जाए, ताकि आवास निर्माण के क्रम मे ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस का सृजन किया जा सके ।

### अबुआ आवास के लिए लाभुकों को पहली किस्त जारी




समीक्षा के दौरान ग्रामीण विकास सचिव को जानकारी दी गयी कि अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए 2 लाख आवास निर्माण को पहली किस्त की राशि जारी कर दी गयी है। उन्होंने आवास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों की चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाये। जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुका है और उनके पहला चरण का कार्य संतोषजनक है, तो उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करें। विभागीय सचिव ने कहा कि अबुआ आवास योजना से स्वच्छ भारत मिशन के शौचालय निर्माण योजना को जोड़ें। स्वीकृत अबुआ आवास योजना के साथ शौचालय निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो। उन्होंने अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 75 तालाबों के जीर्णोद्धार/निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जलछाजन योजना की भी समीक्षा की गई। ग्रामीण विकास सचिव ने बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत जिलों में शत प्रतिशत कार्य स्वीकृत किये जाएं। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधे लगाने के साथ उसके रख- रखाव एवं संरक्षण की भी पूरी व्यवस्था हो । बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत इस वर्ष नवंबर के पहले तक एक लाख कूपों का निर्माण पूर्ण करें।

# ओएमआर शीट रद्द करने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

नवीन मेल संवाददाता। रांची
जेपीएससी 11वीं की प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा अभ्यर्थी की ओएमआर शीट रद्द करने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को राहत नहीं देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। मामले में कोर्ट ने पूर्व में याचिकाकर्ता मयंक कुमार सिंह के लिए पीटी परीक्षा में एक सीट सुरक्षित रखने का आदेश जेपीएससी को दिया था। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पैरवी की। दरअसल, पीटी की परीक्षा के दौरान प्रार्थी ने अपने रोल नंबर भरने वाले गोल स्थान में एक अंक भरने में गलती कर दी थी, जिसे उसने परीक्षा के दौरान सुधार कर दिया था। जब उक्त परीक्षा का 22 अप्रैल को पीटी रिजल्ट घोषित किया गया, तो अभ्यर्थी मयंक कुमार सिंह को अनारक्षित श्रेणी में 292 अंक प्राप्त हुए थे, जबकि कट ऑफ अंक 244 ही था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया था कि याचिकाकर्ता मयंक कुमार सिंह का पीटी का मार्क्स कट ऑफ मार्क्स से काफी अधिक आया है। हाइपर टेक्निकल




*11वीं जेपीएससी परीक्षा का मामला*

ग्राउंड में ओएमआर शीट को रद्द करना अनुचित है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के कई जजमेंट का हवाला भी दिया था। बताया था कि इसी तरह के कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाया है। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि पिछली जेपीएससी परीक्षा एवं अन्य जेपीएससी परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों ने इसी तरह की गलती को दोहराया था, लेकिन उनका ओएमआर शीट रद्द नहीं किया गया था। वर्ष 2016 में झारखंड सरकार ने भी एक संकल्प जारी किया था, जिसमें जेपीएससी को निर्देश दिया था कि झारखंड सिविल सर्विसेज परीक्षा में टेक्निकल ग्राउंड में परीक्षा आंसर शीट (ओएमआर शीट) रिजेक्ट ना किया जाए। इसके बाद भी जेपीएससी ने याचिकाकर्ता का ओएमआर शीट रद्द किया है।

## न्यूज | बॉक्स



गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय डॉ अनिल मुर्मू की धर्मपत्नी निशा शबनम हांसदा ने शिष्टाचार मुलाकात की।



कल्पना सोरेन से विभिन्न जिलों से आए हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार मुलाकात की।



### मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर ने सीएम से की मुलाकात



**रांची।** विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त, जीओसी, 23 इन्फेंट्री डिवीजन, दीपाटोली, रांची के मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर ने झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज शर्मा मौजूद थे।

### केक काट कर कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन

**रांची ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेस नेता एवं कार्यकताओं ने कांग्रेस भवन में केक काटकर मनाया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने उनके स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए उन्हें देश का मजबूत भविष्य बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं के लिए रोल मॉडल और पथ प्रदर्शक हैं ।राहुल गांधी देश की आम जनता की आवाज बन चुके हैं, उन्होंने भारत की समस्याओं को समझने के लिए भारत की यात्रा की तब जाकर जनता के मजबूत भविष्य के निर्माण के लिए सर्वकालिक खाकर तैयार किया। राहुल गांधी ने देश की जिन बुनियादी समस्याओं के लिए संघर्ष किया उसे जनता को समझाने में सफल रहे।

### पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में राजा पीटर की याचिका खारिज

**रांची ।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने बुधवार को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले के आरोपी पूर्व मंत्री राजा पीटर की याचिका खारिज कर दी। एनआईए द्वारा बनाए गए सरकारी गवाह को राजा पीटर ने गलत बताते हुए इसका विरोध किया था। उसकी ओर से कोर्ट में सीआरपीसी 306 की याचिका दायर कर सरकारी गवाह को सही नहीं बताया गया था, लेकिन कोर्ट ने उनकी दलील नहीं मानी और याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि यह मामला अभी गवाही के स्टेज पर चल रही है। नौ जुलाई, 2008 को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मारकर कर दी थी।

### हाई कोर्ट का साहिबगंज में गंगा फेरी के टेंडर पर रोक लगाने से इंकार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को साहिबगंज जिला प्रशासन द्वारा गंगा नदी पर फेरी के लिए निकाले गए टेंडर को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार करते हुए राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई।दरअसल, साहिबगंज अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय के गवाह अंकुश राजहंस यादव ने झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि साहिबगंज जिला प्रशासन खनन माफिया के सिंडिकेट को लाभ देने के लिए जबरन नियमों को बदल रही है।

### हाई कोर्ट से शेषनाथ सिंह को नहीं मिली राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व मंत्री एवं तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में मुख्य साजिशकर्ता गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर के अंगरक्षक शेषनाथ सिंह खरवार की क्रिमिनल अपील पर फैसला सुनाया है। कोर्ट ने बुधवार को शेषनाथ सिंह खरवार को राहत नहीं देते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। शेषनाथ सिंह खरवार को सात अक्टूबर 2017 को एनआईए ने गिरफ्तार किया गया था।नौ जुलाई 2008 को बुंडू के एसएस हाई स्कूल में एक समारोह के दौरान रमेश सिंह मुंडा सहित चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रांची पुलिस के अलावा सीआईडी भी इस हत्याकांड की जांच कर चुकी है, लेकिन ये हत्यारे तक नहीं पहुंच सके थे।

### जमीन घोटाला मामले के आरोपी मोहम्मद इरशाद ने की जमानत याचिका दाखिल

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले के आरोपी मोहम्मद इरशाद ने बुधवार को पीएमएलए कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई है। इरशाद की ओर से पीएमएलए की विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की गई है। इस याचिका पर अदालत में पांच जुलाई को सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल को जमीन कारोबारी मोहम्मद इरशाद, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और जेएमएम नेता अंतू तिर्की को ईडी ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले, 15 अप्रैल को ईडी ने जेएमएम नेता अंतू तिर्की सहित कई जमीन कारोबारियों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। गिरफ्तारी के बाद से ये सभी जेल में बंद हैं।

## एक नजर

### परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में चोरी

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में अज्ञात चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर सामानों की चोरी कर ली. चोरों ने कार्यालय के सामान को बिखेर दिया. चोरी गए सामानों में सीसीटीवी, इन्वर्टर, बैट्री, पंखा, वाल घड़ी, साउंड बॉक्स, माइक समेत दूसरी चीजें शामिल हैं. गत मंगलवार को स्कूल खुलने के बाद चोरी की घटना की जानकारी मिली. इसकी सूचना विष्णुगढ़ थाना को दे दी गई. चोरी के क्रम में चोरों ने अलमारियों के लॉक तोड़कर पूरा खंगाला. कागजों को छितरा दिया. कुर्सी पर चढ़कर वाल फैन खोला और उसे साथ ले गए. चोरों ने पूरी निश्चिंतता से चोरी की घटना को अंजाम दिया. पहले भी इस स्कूल में चोरी की घटनाएं घट चुकी हैं. असामाजिक तत्वों का भी यह स्कूल पसंदीदा जगह रही है. शराबियों के लिए रात में यह मयखाना बन जाता है. संभावना जताई जा रही है कि इन्ही तत्वों ने विद्या के इस मंदिर को निशाना बनाया है. अब तक पिछली चोरियों का उद्भेदन नहीं हो पाया है.

### बरही पुलिस ने तेलंगाना से नाबालिग सहित दुष्कर्मी को किया गिरफ्तार, जेल

**बरही ।** बीते एक माह पूर्व बरही थाना में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर अगवा करने का मामला दर्ज किया गया था. बरही इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया. लगातार छापेमारी और पुलिस की दबिश के आगे दुष्कर्मी विफल हुआ और पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी. मामले के नामजद अभियुक्त को सिकंदराबाद तेलंगाना से नाबालिग के साथ गिरफ्तार कर बरही थाना लाया गया. जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज और नाबालिग को 164 के बयान के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया. अभियुक्त अरुण कुमार दास उर्फ बबलू कुमार दास रामपुर डेबो चौपारण का रहने वाला है.

---

नव विवाहित दुल्हनिया ने पति को छोड़ा, प्रेमी संग हुई रहने को तैयार

# शादी के डेढ़ माह बाद ही प्रेमी के साथ हुई थी फरार

● **लड़की पिछले 12 मई को हजारीबाग अपने मायके एग्जाम देने का नाम पर आयी। फिर 20 मई को राहूल सिंह के साथ रफू चक्कर हो गई**



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
नई नवेली दुल्हन पति को छोड़कर प्रेमी संग रहने को तैयार हो गयी। उसने खुद थाने में आवेदन लिखकर दिया। वह अपने प्रेमी संग ही रहेगी और भविष्य में तालाक आदि के कागजात पर स्वेच्छा से हस्ताक्षर करेगी। सदर थाना पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में दुल्हन को प्रेमी के घर छोड़ दिया। विदित हो कि दुल्हन शादी के डेढ़ माह बाद ही प्रेमी संग फरार हो गई थी। घरवालों ने बहुत खोजबीन की, तब जानकारी मिली की लड़की अपने प्रेमी संग फरार हो गई। लोहसिंघना थाना क्षेत्र के नूरा निवासी सुदामा पांडेय की पुत्री सोनाली पांडेय का विवाह शिलाडीह, बरकट्ठा निवासी सुनील पांडेय के पुत्र अंकित पांडेय के साथ बड़े धुमधाम से इसी साल अप्रैल माह में हुई थी। ज्ञात हो कि सुनील पांडेय का पुत्र होनहार लड़का है। यह परिवार सुखी संपन्न एवं प्रतिष्ठित परिवार है। लेकिन लड़की पिछले 12 मई को हजारीबाग अपने मायके एग्जाम देने का नाम पर आयी। फिर 20 मई को पूर्णिया बिहार के मारांग थाना क्षेत्र के निवासी अजय सिंह के पुत्र राहूल सिंह के साथ रफू चक्कर हो गई। लड़की की मां ने लोहसिंघना थाना में एक शिकायत दर्ज करायी थी। बाद में बिहार पुलिस के सहयोग से लड़की को राहुल सिंह के घर पूर्णिया से बरामद किया गया था। तब लड़की ने मारंगा थाना, पूर्णिया में एक साझा बयान देकर कहा था कि वह राहुल के साथ रहेगी। लेकिन एक सप्ताह बाद लड़की पुनः अपने पिता के घर दबाव में आ गई और दोनों पक्ष के बीच एक सामाजिक पंचायत हजारीबाग में हुई।

---

# नीति आयोग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने दिल्ली गईं प्रमुख




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** नीति आयोग नई दिल्ली ने आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम प्रशिक्षण के लिए कटकमदाग प्रमुख कुमारी बिनीता को जिला प्रशासन की अनुसंशा से झारखंड सरकार ने नामित करते हुए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन नई दिल्ली में दो दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए नामित किया है।कुमारी बिनीता ने कहा कि झारखण्ड प्रदेश के कुल 264 प्रखण्ड प्रमुख में मात्र तीन प्रमुख को नामित किये है जिसमें प्रथम स्थान पर कटकमदाग प्रखण्ड प्रमुख तथा रांची जिले के मांडर प्रमुख तथा गुमला जिले के डुमरी प्रखण्ड प्रमुख को यह सुनहरा अवसर प्रदान किया गया है। कुमारी बिनीता ने यह भी कहा कि झारखंड में पंचायती राज अधिनियम में उल्लेखित सभी अधिकारियों को प्रभार सौंपा जाय ताकि झारखण्ड प्रदेश में पंचायत राज व्यवस्था को शसक्त बनाने में कोई कमी न रहे।कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्य सचिवों की दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। मुख्य सचिवों का यह तृतीय राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय बजट 2022-23 में इन पहलुओं को शुरू करने की अपनी मनसा की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य विभिन्न विकास मानकों पर पिछले ब्लॉकों के प्रदर्शन में सुधार करना तथा ब्लॉक स्तर पर शासन एवं अंतिम छोर तक सेवा वितरण में सुधार करके विभिन्न असमानताओं को दूर करना है। यह कार्यक्रम मौजूदा योजना के अविश्रवण तथा परिणामों को परिभाषित में निरंतर आधार पर उनकी निगरानी करके भारत के सबसे दुर्गम और विकसित ब्लॉकों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए शासन में सुधार करने पर केंद्रित है।

---

## न्यूज बॉक्स

### अतिक्रमण हटाओ अभियान के मद्देनजर फुटपाथ दुकानदारों की हुई बैठक



**हजारीबाग।** गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ की बैठक गुरु गोविंद सिंह पार्क में बुधवार को हुई। बैठक में आगामी 22 जून से अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर फुटपाथ दुकानदारों को परामर्श दिया गया कि दीवाल से सटाकर ही दुकान लगाया जाए तथा ज्यादा लंबा चौड़ा जगह न घेरे। जहां जहां ट्रैफिक की समस्या है वहां दुकान छोटी कर लें। बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार गुप्ता के द्वारा की गयी। श्री कुमार ने कहा कि दुकानदार ट्रैफिक को देखकर ही दुकान लगायें ताकि लोगों को या वाहन को आने जाने में किसी तरह के जाम का सामना नहीं करना पड़े। फुटपाथ दुकानदार की लापरवाही से जाम की स्थिति ज्यादा होती है, जिससे लोगों परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैठक में संघ के रविंद्र महतो, विजय गुप्ता, संतोष गुप्ता,इम्तियाज सलीम, छोटू वर्मा, प्रदीप कुमार, कुंती देवी समेत कई फुटपाथ दुकानदार मौजूद थें।

### हजारीबाग: कस्तूरबा विद्यालय बरकट्ठा की वार्डन को बर्खास्त करने की मांग

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा की मौत को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. इस बाबत आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य सूरज मोदी, समाजसेवी अशोक गुप्ता, समाजसेवी बब्लू मंडल, पप्पु मंडल ने उपायुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है. जिसमें उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय में व्यापक पैमाने पर फैली कुव्यवस्था का सिलसिलेवार जिक्र किया गया है. सुरज मोदी ने लिखा है कि कस्तूरबा विद्यालय की सैकड़ों छात्राओं ने 11 सितंबर 2023 को विद्यालय छोड़ने की चेतावनी दी थी. दो अक्टूबर को विद्यालय छात्राओं को मुर्गा खिलाने का मामला सामने आया था. सूरज ने कहा कि वर्ष 2023-24 में विद्यालय में नामांकन के लिए लगभग 400 छात्राओं ने आवेदन किये थे. परंतु इस बार सत्र 2024-25 में लगभग 100 छात्राओं का ही आवेदन करना अभिभावकों का भय साफ दशार्ता है. वहीं 28 मार्च 2024 को बरकट्ठा थाने में नाबालिग छात्रा ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था. बावजूद विद्यालय प्रबंधन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई. दुष्कर्म की शिकार छात्रा का निजी नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान बीती 13 जून को मौत हो गई. सूरज ने उपयुक्त मामले को लेकर उपायुक्त से विद्यालय की वार्डन पर करवाई करते हुए बर्खास्त करने की मांग की है. इसके पूर्व बरकट्ठा जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने भी उपायुक्त समेत अन्य अधिकारियों से मामले में कार्रवाई की मांग की थी.

### भीषण गर्मी में स्कूली बच्चे की तबीयत बिगड़ी

**हजारीबाग।** भीषण गर्मी के बीच राज्यभर के सभी स्कूल गत मंगलवार से खुल गए. लंबी छुट्टी के बाद स्कूल खुलने के पहले दिन प्रखंड के भी बच्चे काफी उत्साहित दिखे. सभी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी अच्छी रही, लेकिन भीषण गर्मी का भी असर देखने को मिला. मंगलवार को प्रखंड का तापमान 41- 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा. अधिकांश समय बिजली की आंख मिचौनी से बच्चे व शिक्षक भी पसीने से भीगते दिखे. वहीं चौपारण प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय रूपिन का एक छात्र की तबीयत गर्मी के कारण अचानक बिगड़ गई. क्लास एक का छात्र पीयूष कुमार की नाक से अचानक खून आने लगा, जिसके बाद विद्यालय के शिक्षकों ने उसे बेंच पर लेटाया तब नाक से ब्लीडिंग बंद हुआ. इसके बाद शिक्षकों ने बच्चे को ग्लूकोन डी और पानी पिलाया. अभिभावक को बुलाकर बच्चे को घर भेज कर धूप में बाहर नहीं निकलने को कहा. वहीं पहले दिन स्कूलों में छुट्टी के समय को लेकर भी उहापोह की स्थिति बनी रही. बता दें कि अधिक गर्मी से शरीर में पानी की कमी हो जाती है. साथ ही बाहरी वातावरण का तापमान जब शरीर के तापमान से अधिक हो जाता है तो बच्चों में असर दिखने लगता है.

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर की मरीजों की सेवा



**हजारीबाग।** कांग्रेस कार्यालय में रायबरेली से नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उनके जन्मदिन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह समेत कई नेता गण और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने मिलकर राहुल गांधी का जन्म दिवस उत्साहपूर्वक मनाया।कार्यक्रम के पश्चात मुन्ना सिंह अपने समर्थकों के साथ शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने मरीजों के बीच फल और बिस्किट आदि का वितरण किया और उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, निशार खान, कृष्णा मेहता, विनोद कुशवाहा सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

हजारीबाग यूथ विंग ने ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के बीच की सेवा

## हजारीबाग यूथ विंग की टीम हर खुशी इनके साथ मनाती है : चंद्र प्रकाश जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सेवा भाव के कार्य के लिए हर कोई हर समय तैयार रहता है इसी सेवा भाव के कार्यों को पिछले दो वर्षों से निरंतर रूप से हजारीबाग यूथ विंग की टीम कर रही है, बुधवार को हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा एसपी कोठी स्थित ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के बीच अपनी सेवा प्रदान किया गया, इस सेवा के बीच बुजुर्गों को फल का वितरण किया गया। सभी बुजुर्गों के चेहरे पर एक अलग खुशी और उमंग देखने को मिली,सभी बुजुर्गों ने अपना भरपूर आशीर्वाद सभी लोगों को दिया। सभी लोगो ने कई मिनट तक सभी से उनके सुख-दुख तथा उन्हें हो रही परेशानियों का घर जैसा वातार्लाप किया। अंत में सभी के साथ एक सामूहिक तस्वीर ली गई और सभी के उत्तम स्वास्थ्य की सभी ने कामना की। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की हम कोई भी खुशी इन बुजुर्गों के साथ अवश्य मानते हैं चाहे वह होली हो चाहे वह दिवाली हो या कोई अन्य त्यौहार या जन्मदिवस इन्हीं खुशियों के बीच इनके संग खुशियां मनाने हम सभी आते हैं। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की ऐसे स्थान पर सेवा करने से मन काफी प्रश्न और प्रभावित होता है, इनका आशीर्वाद समस्त लोगों पर बनी रहे, हमारे टीम के सभी लोग भी इस सेवा कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित किए, इससे पूर्व में कई बार यहां पर आया हूं परंतु कुछ दिन पूर्व होली का त्योहार यहां पर मनाने आया था काफी अच्छा अनुभव हुआ मुझे और आज भी काफी अच्छा लगा। इस मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार पांडे, विकास तिवारी, प्रिंस कसेरा सहित कई लोग मौजूद थे।

---

उपायुक्त की अध्यक्षता में डीडीसी व डीएलआरसी की हुई बैठक, कहा

# किसानों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित कराएं बैंक प्रबंधक



◆ **उपायुक्त ने माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज के तहत लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित करने का निर्देश दिया**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम अग्रणी जिला प्रबन्धक संजीव कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों की जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने वार्षिक साख योजना के तहत बैंकवार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बैंक प्रबंधकों/ प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। केसीसी के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि क्षेत्र में केसीसी का लाभ बढ़ाने एवं गाय, बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ-साथ मत्स्य पालकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया, वहीं उपायुक्त ने पीएमएफएमई के तहत माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज के तहत लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित करने का निर्देश दिया। एमएसएमई अंतर्गत कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रायरिटी सेक्टर के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने मुद्रा लोन योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, एलडीओ आरबीआई, डीपीएम जेएसएलपीएस, डीडीएम नाबार्ड, जिला समन्वयक जिला उद्योग केंद्र, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक, जिला समंवयकों व प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

---

दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

## बालक वर्ग में उवि करियातपुर और बालिका वर्ग ने केजीबीवी बनी विजेता



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
खेलो झारखंड अभियान के तहत बुधवार से प्रखंड मैदान में दो दिवसीय 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 प्रारंभ हुआ. प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-17 श्रेणी के विद्यार्थियों ने भाग लिया. जिसमें बालक वर्ग से प्लस टू उच्च विद्यालय बरही, प्लस 2 उच्च गौरियाकर्मा, प्लस 2 उच्च विद्यालय विजैया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर और उच्च विद्यालय करियातपुर तथा बालिका वर्ग में परियोजना बालिका विद्यालय बरही और केजीबीभी के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. बालक वर्ग में फाइनल और अंतिम मुकाबला प्लस टू उच्च विद्यालय गौआरियाकर्मा और उच्च विद्यालय करियातपुर के बीच हुआ. जिसमे करियातपुर 3-0 से विजेता बना. वही बालिका वर्ग में केजीबीभी ने परियोजना बालिका उच्च विद्यालय को 2-0 से पराजित कर विजेता बना. विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. गुरुवार को अंडर-18 श्रेणी के लिए मैच खेले जाएंगे. मैच का शुभारंभ बतौर मुख्य बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, बीपीएम अरुण कुमार और उपस्थित शिक्षको ने किया.

---

आभार यात्रा के क्रम में सांसद का पतरातू व भुरकुंडा में हुआ जोरदार स्वागत कहा

## आपके समस्याओं का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता



**सांसद ने पतरातू प्रखंड स्थित पतरातु, भदानी नगर और भुरकुंडा के एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों का तूफानी दौरा कर मतदाताओं का आभार जताया**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल चुनाव जीतने के तुरंत बाद से ही क्षेत्र के विभिन्न इलाके में धन्यवाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग का प्रतिनिधित्व सौंपने के लिए मतदाताओं के बीच पहुंचकर उनका आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को वे रामगढ़ जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातू प्रखंड स्थित पतरातु, भदानी नगर और भुरकुंडा भाजपा मंडल के एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों का तूफानी दौरा कर मतदाताओं के बीच पहुंचकर उनका आभार जताया। इस दौरान कहीं विकास योजनाओं की आधारशिला रखी तो कहीं विस्थापितों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत पतरातू डैम स्थित सर्किट हाउस के समीप से किया। जिसके बाद लबगा, कुरसे, लपंगा, न्यू मार्केट, पतरातू, सौंदा डी, भुरकुंडा छठ मंदिर, भुरकुंडा थाना चौक, जनता टाकीज, बिरसा चौक, पटेल नगर, भुरकुंडा रिभर साइड, बुधबाजार, सीसीएल सौंदा कॉपरेटिव, सयाल जमुरिया बाजार में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और चुनाव में उन्हें प्रचंड मतों से जीत कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का सांसद बनाने के लिए उनका आभार जताया। क्षेत्र के सभी जगहों पर सांसद मनीष जयसवाल का लोगों ने गाजे- बाजे के साथ नारे-जयकारे लगाते हुए हार्दिक अभिनंदन और भव्य स्वागत किया। पतरातू प्रखंड से लौट के क्रम में सांसद मनीष जायसवाल का मांडू विधानसभा क्षेत्र के कुजू स्थित एमआर कॉम्प्लेक्स में भव्य नागरिक अभिनंदन हुआ।

---

### विनोद जायसवाल ने बीमार महिला के लिए 2 यूनिट ब्लड की व्यवस्था की

**रामगढ़।** शहर के वार्ड नंबर 6 विकास नगर निवासी तेतरी देवी पिछले कई दिनों से बीमार थीं। ज्ञान महिला समिति कि सदस्यों ने इसकी जानकारी ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल को दी। जिसके बाद लोगों की सेवा के लिए प्रसिद्ध विनोद जायसवाल 19 जून को बीमार तेतरी देवी के आवास पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए सदर अस्पताल में कार्यरत डॉ अभिषेक अग्रवाल से बेहतर इलाज के लिए कहा। जिसपर डॉ अभिषेक अग्रवाल ने कहा की बीमार तेतरी देवी को सदर अस्पताल में लेकर आएं। जिसके बाद विनोद जायसवाल बीमार तेतरी देवी को लेकर तुरंत सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉ अभिषेक अग्रवाल ने बीमार तेतरी देवी का चेकअप कर उन्हें भर्ती करने की बात कही। डॉ अग्रवाल ने कहा कि बीमार तेतरी देवी के शरीर में ब्लड की कमी है इसलिए दो यूनिट ब्लड तुरंत अरेंज करें ताकि उन्हें चढ़ाया जा सके। इसके बाद विनोद जायसवाल ने देर नही करते हुए एक यूनिट ब्लड डोनेट किया।

---

10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए शिक्षक चयनित

# योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा हजारीबाग में देंगे प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
10वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला मीडिया प्रभारी योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने अब्दुल कलाम पार्क में एक महत्वपूर्ण बैठक किया. जिसमें योग प्रशिक्षु, योग प्रेमी और प्रबुद्धजन शामिल हुए. योगाचार्य ने बताया कि 21 जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में जाना जाता है. इस वर्ष 10वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाना है. उक्त तिथि को जिला आयुष चिकित्स विभाग ने उन्हें हजारीबाग कर्जन ग्राउंड में योग प्रशिक्षण की जिम्मेवारी दी है. जिससे योग दिवस के दिन वह बरही में उपस्थित नही हो पाएंगे. ऐसे शिवकुमार पांडेय को योग शिक्षक व राजकुमार यादव व दीपक सोनी को सहयोगी शिक्षक के रूप में योग करवाने की जिम्मेवारी सौंपी जाती है. जो उक्त दिवस को योग शिक्षक और सहयोगी शिक्षक अपने कर्तव्य को पूरी जिम्मेवारी के साथ पूर्ण करेंगे. प्रखंड के जिस स्थान पर भी योग शिक्षक की आवश्यकता होगी, हमारी टीम उपलब्ध करवाएगी. योगाचार्य ने 21 जून को अधिकाधिक संख्या ने योग शिविर में भाग लेने की अपील किया. बैठक में योगाचार्य, प्रखंड योग शिक्षक, सहयोगी शिक्षक सहित दीपक गुप्ता, मनोज कुमार, रंजीत केसरी, सिंह महादेव यादव, इंद्रदेव गुप्ता, संतोष प्रसाद केसरी, कृष्ण यादव, अभिजीत कुमार, सुनील कुमार, नरेश केसरी, राजकुमार, दीपक कुमार गुप्ता, अरुण साहू नारायण राम दीपक गुप्ता , राजदेव यादव, प्रशांत केसरी, लालजी राम, नरेश केसरी, मनोज यादव, मनोज राणा, डॉ विनोद कुमार आदि शामिल हुए.

---


### युवाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराएंगे रोजगार : रोशनलाल

**पतरातू।** युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराएंगे। उक्त बातें बुधवार को पीटीपीएस स्थित आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय में आयोजित आजसू प्रखंड कमेटी की बैठक में केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आगामी विधानसभा के चुनाव में आजसू पार्टी पूरे राज्य में अपने राजनीतिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करेगी। आगामी विधानसभा चुनाव में आजसू की ओर से वृहद तैयारी है। 22 जून को पार्टी स्थापना दिवस को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर बलिदान दिवस युवा सम्मेलन के रूप में मनाई जाएगी। 9 अगस्त को वृहद रूप से विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा।

---

दामोदर घटी निगम में हिंदी की विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन

# हिन्दी भाषा को बढ़ावा देना हम सभी का कर्तव्य है : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** दामोदर घाटी निगम की परियोजना में बुधवार को हिन्दी की विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विभिन्न कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा नोडल अधिकारियों के लिए आयोजित की गई थी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप निदेशक पूर्वी क्षेत्र निर्मल कुमार दुबे एवं विशिष्ट अतिथि संजय कुमार, निदेशक भूसंवि व परियोजना प्रमुख एवं अध्यक्ष, राभाका समिति अमित कुमार शील, उप मुख्य अभियंता, टीएससी डॉ अशोक कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, दाघानि चिकित्सुलय दाघानि हजारीबाग थे। अमित कुमार शील ने राजभाषा अनुभाग, हजारीबाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की एवं इसे इसी तरह बरकरार रखने की अपील की ताकि दामोदर घाटी निगम में सभी कार्यालय कार्य हिन्दी में होता रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। संजय कुमार, निदेशक भूसंवि व परियोजना प्रमुख ने राजभाषा अनुभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए उप प्रबंधक राजभाषा से आगे भी इसी तरह की कार्यशाला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए भी आयोजित करने की कामना की जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी में कार्यालय कार्य करने का उत्साह बना रहे। निदेशक भूसंवि व परियोजना प्रमुख ने कहा कि हिन्दी भाषा को बढ़ावा देना हम सभी कर्तव्य है। मुख्य अतिथि निर्मल कुमार दुबे ने राजभाषा नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि राजभाषा नोडल अधिकारी राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति सबसे अधिक जिम्मेदार होते हैं, वे राजभाषा विभाग और अपने कार्यालय के बीच सेतु का कार्य करते हैं।

## एक नजर

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस ने मरीजों के बीच किया फल वितरण

**सिमडेगा।** युवा कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिन पर सदर अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया। मौके पर युवा कांग्रेस झारखंड की प्रदेश सचिव सेलिन जया एक्का के नेतृत्व में हुआ।जया ने राहुल गाँधी को देश के दलितों, पिछडो, किसानों और नौजवानों का जननायक कहा और उनके द्वारा दिए गए नारे डरो मत से सभी युवाओं को प्रेरणा लेने की बात कही। इस मौके पर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष उपस्थित रही।इस दौरान जिला सह प्रभारी दीनबंधु बोइपोई, जिला उपाध्यक्ष सन्दीप नायक, वारिस डुंग डुंग, बब्लू राहुल, राकेश सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने ठेठईटांगर प्रखंड कार्यालय में की बैठक

**ठेठईटांगर।** उपायुक्त, सिमडेगा के निदेशानुसार उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन महतो द्वारा ठेठईटांगर प्रखंड के बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवम निर्वाचन प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में नए मतदाताओं का निबंधन,मृत, स्थानांतरित,पुराने लैमिनेटेड एपिक कार्ड,ब्लैक एंड व्हाइट एपिक कार्ड से संबंधित सभी प्रपत्रों यथा प्रपत्र 6, 7 एवम 8 के बारे में विस्तृत से बताया गया। साथ ही अनुलग्नक 6 एवं 10 के उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से सभी को बताया गया। बैठक में सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, निर्वाचन प्रभारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी एवम जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### मादक पदार्थों पर रोक के लिए जागरूकता रथ किया गया रवाना

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक सौरभ द्वारा मादक पदार्थों पर रोक के लिए समाहरणालय परिसर से ऑडियो एवं वीडियो से युक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने कहा कि यह रथ जिलें के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर लोगों को नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग एवं जिला जन सम्पर्क विभाग आदि को एकीकृत रूप से आपसी सहयोग एवं सहभागिता के साथ जागरूक अभियान को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### भयंकर गर्मी में भूखे प्यासे बच्चों को खेलाया गया फुटबॉल टूर्नामेंट

**हजारीबाग।** गर्मी के प्रकोप के देखे हुए एक और जहां अभिभावक शिक्षा विभाग से बच्चों की छुट्टियां बढ़ाने की मांग कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग द्वारा इस भीषण गर्मी में फुटबॉल टूर्नामेंट कराया जा रहा है। दारू प्रखंड के मध्य विद्यालय दारू बालक के मैदान में बुधवार को प्रखंड स्तरीय सुब्रुतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट प्रखंड के चार उच्च विद्यालय के बीच खेला गया। इस भयंकर गर्मी में फुटबॉल का मैच कराये जाने से अभिभावक और ग्रामीण काफी आश्चर्यचकित नजर आए।

विधायक ने जलडेगा की चार पंचायतों के कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक

## जनता ने संविधान को बचाने के लिए केंद्र को मुंहतोड़ जवाब दिया है : भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

बुधवार को कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जलडेगा प्रखण्ड के चार पंचायतों परबा,टाटी, कुटुंगिया एवं ओड़गा के कार्यकर्ताओं संग लोकसभा चुनाव का समीक्षा की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं के बदौलत कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में 32500 के बढ़त से सम्पूर्ण लोकसभा को डेढ़ लाख मत से जीत हासिल करने में सफलता प्राप्त हुई। जो खुंटी लोकसभा क्षेत्र के इतिहास में सबसे अधिक बढ़त है। हमें गर्व है कि हमारे लोगों ने भारत के संविधान को बचाने और आरक्षण को समाप्त करने वाले लोगों को केन्द्र को मुंहतोड़ जवाब देने में सफल रही है। भारतीय जनता पार्टी और उनके सूर में सूर मिलाकर चलने वाली पार्टी



झारखण्ड पार्टी को जनता ने करारा जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार बना ली परन्तु ये सरकार बैसाखी पर आश्रित हो गई। आज भी हमारे विरोधी हमारे लोगों को दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं, उससे सावधान रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जन्मदिन मनाया गया कार्यक्रम को अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि नेलन तोपनो अर्जुन होरो आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सुनील सुरीन, अनिल डांग, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, ओमप्रकाश, अमर तोपनो, सुकुवन जोजो, अनमोल, शांतिएल भागे, रहीम खान, कमरूद्दीन खान, नीरल जोजो, पंकज कुमार साहू,जॉनसन डांग, आदि उपस्थित थे।

## सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया राहुल गांधी की 54वां जन्मदिन



**सिमडेगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 54वां जन्मदिन के मौके पर सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अगवाई में जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर केक काटकर खुशियां मनाई गई मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की कहा कि हम सब करोड़ों भारतीयों के साथ राहुल गांधी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते है।राहुल गांधी भारत के गरीब, हाशिए पर पड़े और पिछड़े नागरिकों के निर्विवाद नेता हैं। बेजुबानों की आवाज, कमजोरों के लिए ताकत का स्तंभ, हमारे संविधान के संरक्षक, सर्वोत्कृष्ट न्याय योद्धा और भारत के गौरवशाली भविष्य की सबसे उज्ज्वल उम्मीद है। उन्होंने कहा, लोगों की सेवा के लिए उनकी निस्वार्थ, समर्पित और भावुक प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा है और उनका नैतिक मार्गदर्शन हमें हर कदम पर मार्गदर्शन करता है। मौके पर कांग्रेसियों ने सदर अस्पताल जा कर मरीजो के बीच फल का वितरण किया इस कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू, सचिव नॉमिता बा प्रदीप केशरी, कौशल किशोर रोहिल्ला, मो समी आलम , सामरोम पॉल टोपनो, जोसीमा खाखा, प्रेमा बड़ा, शांति बाला केरकेट्टा, शिशिर मिंज, रणधीर रंजन, संतोष सिंह, बिपिन पंकज मिंज ,अजय एक्का, वारिस रजा,अनूप लकड़ा, विजय बेग, खुशी राम कुमार, सुनील मिंज, डॉ इम्तियाज, तनवीर हसन, मो शकील अहमद, अजित नौरंगी, लखन गुप्ता,अमित डुंगडुंग, जुली , मो सहजाद अंसारी, अरमान खान, पूनम एक्का, नीलिमा डुंगडुंग इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## न्यूज बॉक्स

### कुरडेग में प्रखंड स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन




**कुरडेग।** प्रखंड स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन माइकल किन्डो स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बीडीओ ठाकुर गौरीशंकर शर्मा एवं बीईईओ अरूण कुमार पाण्डेय के द्वारा खिड़ाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया गया।उद्घाटन मैच अन्डर 17 बालक वर्ग में निर्मला उच्चवि खालीजोर एवं एसएस प्लस टू कुरडेग के बीच खेला गया जिसमें निर्मला उच्च वि ने 1--0 से विजयी रही।वहीं फाइनल मैच अन्डर 15 एवं 17 बालक वर्ग में निर्मला उवि जीती,एवं अन्डर17 बालिका वर्ग में आरसी बालिका उवि कुरडेग जीती। मौके पर बीपीओ देशबन्धु शास्त्री, शिक्षक श्रवण बड़ाईक, सुरेश गुप्ता, शोभा कुमारी, रामावतार जय सवाल, जोन बोस्को बखला, दिनेश महतो उपस्थित थे।

### 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने निकाली रैली




**सिमडेगा।** सिमडेगा में 21 जून को होने वाले 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जागरुकता रैली सिमडेगा सदर अस्पताल से शुरू होगी जो मुख्य पथ होते हुए सिमडेगा झूलन सिंह चौक कचहरी होते हुए महावीर चौक बस स्टैंड एवं आसपास के क्षेत्र का भ्रमण करते हुए लोगों को 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यक्रम में इंडोर स्टेडियम सिमडेगा में शामिल होने के लिए अपील किया गया। मौके पर लोगों से कहा गया कि स्वस्थ शरीर के लिए योग जरूरी है, इसीलिए आप सभी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए प्रत्येक दिन योग करें और होने वाले कार्यक्रम में शामिल हो इस मौके पर आयूष विभाग के पदाधिकारी,कर्मी स्वास्थ्य सहिया, पतंजलि योग समिति सिमडेगा के अध्यक्ष एवं विभिन्न प्रखंड से आए हुए योग शिक्षक शामिल हुए।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना से बानो के दो युवक घायल



**बानो।** प्रखंड के पबुड़ा मोड़ के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना से बानो के दो युवक घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बानो निवासी अर्णव खुराना अपने मौसेरा भाई अंकित गर्ग के साथ मोटरसाइकिल से बानो से लचरागढ़ जा रहा था, तभी पबुड़ा मोड़ के पास नियंत्रण खो कर एक वाहन से टकरा गया और गिर पड़ा। गिरने से दो को चोट लगी है।इस दुर्घटना में अंकित गर्ग को दाहिने पैर में गम्भीर चोट लगी है।घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में करने के पश्चात रिम्स रेफर कर दिया गया है।डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया कि अंकित के पैर फ्रेक्कर कर गया है तथा अन्य जगहों पर चोट लगी है। ये तो एक्सरे के बाद ही पता चल पाएगा। सूचना मिलने पर बानो थाना एस आई लालन प्रसाद घटना की जांच में जुट गए हैं।

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 23 जून को सिमडेगा में होगी कई खेलों की प्रतियोगिता



**सिमडेगा।** समाहरणालय स्थित जिला खेल कूद के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 23 जून 2023 के कार्यक्रम से संबधित विषय के जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में सिमडेगा जिला के विभिन्न खेल संघों की बैठक आयोजित हुई।जिसमे हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी,जिला कुश्ती संघ के कमलेश्वर मांझी, जिला एथलेटिक्स संघ के वेद प्रकाश भोगता, जिला ताइक्वांडो संघ के जवाहर चौधरी, जिला बैडमिंटन संघ के तौकीर उस्मानी, सहित बुसु , बॉलीबॉल इत्यादि संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए।बताया गया सामुहिक रूप से निर्णय लिया गया कि 23 जून 2024 को खेल कूद विभाग के सहयोग से जिला में सभी संघ खेल का आयोजन करेंगे। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को खेल प्रमाण पत्र तथा प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को ट्रॉफी तथा व्यक्तिगत स्पर्धा वाले टीमों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

### डेंटल कॉलेज में वित्तीय साक्षरता जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

**हजारीबाग ।** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में दिन बुधवार को वित्तीय साक्षरता जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। एन एस डी एल वित्त मंत्रालय की मार्केट का एकलव्य पहल के तहत कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसमें डेंटल कॉलेज के पेरीओ विभाग के व्यख्याता डॉ धृतिमान बैद्य ने मुख्य वक्ता के रूप से शामिल होकर वित्तीय साक्षरता संबंधी छात्रों को कई आवश्यक व जरूरी जानकारी दिया। भारत सरकार के आदेश के तहत देश भर में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए यह अग्रणी संस्थानों, संगठनों, विश्वविद्यालयों, शैक्षिक संस्थानों, कॉर्पोरेट के सहयोग से वेबिनार का आयोजन कर रही है। जागरूकता सत्र के दौरान पेरीओ विभाग के व्यख्याता डॉ धृतिमान बैद्य ने बीडीएस व एमडीएस छात्रों को वित्तीय धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता, वित्तीय योजना पर व्यावहारिक ज्ञान, निवेशकों के लिए क्या करें और क्या न करें, साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के लिए सावधानियां, सेवानिवृत्ति सुरक्षित वित्तीय तरीके एवं टैक्स संबंधी निवेश रणनीतियां पर जरूरी जानकारी दी।

## प्रतिदिन योग करने से मनुष्य शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है : सुधा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर महिला पतंजलि योग समिति के द्वारा गांधी मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर समिति की राज्य संयोजक सुधा झा के द्वारा उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया ने योग के महत्व को समझा है और 21 जून को पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति स्वस्थ रहता है और स्वस्थ एवं निरोग व्यक्ति ही समाज के विकास में आगे आ सकता है। उन्होंने निरोग समाज के निर्माण के लिए सभी लोगों से योग करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार भी शामिल हुए थे उन्होंने भी योग के महत्व की जानकारी देते हुए लोगों से योग करने की बात कही।

### जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत



**रामगढ़।** जिले में पिछले कुछ दिनो से बढ़ते तापमान से लोगों को खूब परेशानी हो रही थी। लेकिन 19 जून को लगभग 5:00 बजे जिला के विभिन्न क्षेत्रों में हुई बारिश से तापमान में आई गिरावट से लोगों को काफी राहत महसूस हुई। बारिश को लेकर लोगों ने कहा कि बढ़ते तापतान से हमलोगो की मुश्किल बढ़ गई थी। लेकिन आज हुई बारिश से तापमान में कमी आने से हमलोगों को काफी राहम मिल रही है।

### विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस के मौके पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** सदर अस्पताल सिमडेगा के परिसर में विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस मनाया गया कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार एवं सिविल सर्जन डॉ अजित खलखो के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। उपायुक्त द्वारा जिले के आम जनों के बीच लगातार इस बीमारी के प्रति जागरूक हेतु प्रेरित किया करने की बात कहीं ताकि जिले में इस बीमारी से लोगों का बचाव किया जा सके। साथ ही उन्होंने इस दौरान सिकल सेल एनीमिया से बचाव और जागरूकता से जुड़ी जानकारियों से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो द्वारा बताया गया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में सिकल सेल बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना है जिससे कि सही समय पर इस बीमारी का पता लगने से उपचार किया जा सके। मौके पर उन्होंने बताया कि जिले में 140000 से अधिक का टारगेट मिलता है लेकिन इस बार रैंडम तौर पर 80000 सैंपल जांच करने का कार्य किया जाएगा ताकि जिले में अधिक से अधिक एनीमिया सिकल सेल मरीजों की पता लगाया जा सके और उनका समय पर इलाज किया जा सके।

## जिला परिषद सदस्यों पर लगाया गया सारा आरोप निराधार : अजय एक्का

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



**◆जिला परिषद अध्यक्ष जनता की समस्याओं के बारे हमें न समझाएं, अगर कहना ही है तो इतना बता दें कि जिला परिषद सदस्यों द्वारा कितने मुद्दों पर आवाज उठाई गई और कितनों पर कार्रवाई हुई**

जिला परिषद के सभी सदस्य जिला परिषद बोर्ड के बैठक में जनता के ज्वलंत मुद्दों और क्षेत्र की समस्यायों को मुखर होकर उठाते रहे हैं। जैसे जल नल, बिजली की समस्यायों, राशन वितरण में अनियमितता, निर्माण कार्य संबधी अनियमितता तथा कई समस्याओं को लेकिन जिला परिषद अध्यक्ष हर बात पर चुप्पी साध लिया गया जिससे क्षेत्र की समस्यायों पर न कार्रवाई हुई न ही सुधार हुआ। जिसके कारण ही जिला परिषद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया गया, जो लंबित है। जिला परिषद अध्यक्ष जनता के समस्याओं के बारे हमें न समझाएं अगर कहना ही है तो इतना बता दें कि जिला परिषद सदस्यों द्वारा कितने मुद्दों पर आवाज उठाई गई और कितनों पर कार्रवाई हुई। ठेठईटांगर पश्चिमी क्षेत्र के राउम विद्यालय में जिला परिषद मद से निर्मित सोलर जलापूर्ति सिस्टम कई महीनों से खराब है। जिला परिषद सदस्य द्वारा बोर्ड की बैठक में हमेशा से आवाज उठाई गई, लेकिन अभी तक मरम्मती नहीं हुई। ऐसी परिस्थिति में बताया जाए जनता को कौन धोखा दे रहा है। आज अध्यक्ष को विकास की चिंता हो रही है सारा निर्माण कार्य में अनियमितता और समस्याओं के खिलाफ जिला परिषद के सदस्यगण आवाज उठा रहे थे तो वो चुप्पी क्यों साध लिए।

### लोकसभा की गलती विधानसभा में नहीं होनी चाहिए : संजीव बेदिया

**हजारीबाग ।** लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक बुधवार को झामुमो जिला कार्यालय में हुई. अध्यक्षता झामुमो केंद्रीय सचिव सह जिला मुख्य संयोजक संजीव बेदिया ने की व संचालन जिला संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो ने किया. संजीव बेदिया ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा चुनाव में हमलोगों ने जोरदार तरीके से इंडी गठबंधन उम्मीदवार जयप्रकाश भाई को समर्थन दिया. अब पांच माह बाद झारखंड विधानसभा का चुनाव होना है. इस चुनाव को लेकर हम सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर लग जाना है और झारखंड में झामुमो गठबंधन की मजबूत सरकार बनाना है. जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के बूथों को मजबूत करना है. लोकसभा चुनाव की गलती विधानसभा में नहीं होना चाहिए. श्री बेदिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाये. नीलकंठ महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रखी है।

## कोरम पूरा नहीं होने की वजह से सिमडेगा जिला परिषद की बैठक स्थगित



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला परिषद बोर्ड की मासिक बैठक बुधवार को जिला परिषद कार्यालय सभागार में आयोजित की गई थी, जहां पर कोरम पुरा नहीं होने की वजह से बोर्ड की बैठक को डीडीसी के द्वारा स्थगित कर दिया गया। डीडीसी ने बताया कि बैठक के लिए जिला परिषद के सदस्यों की संख्या कोरम के अनुरूप नहीं थी, इस कारण बैठक को स्थगित कर दिया है। इधर जिला परिषद कार्यालय परिसर में उपस्थित होने के बावजूद बैठक में शामिल नहीं होने वाले सदर प्रखंड की जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा एवं जलडेगा की रोजालिया शांता कण्डुलना ने कहा कि उनके अध्यक्ष की ओर से उन्हें बैठक के संबंध में किसी प्रकार की कोई भी जानकारी नहीं दी थी, इसलिए वह शामिल नहीं हुए।

**बैठक का बहिष्कार कर सरकारी कामों को बाधा डाल रहे हैं सदस्य:** अध्यक्षइधर जिला परिषद बोर्ड की बैठक स्थगित होने के बाद जिला परिषद की अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने सदस्यों के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बोर्ड की बैठक में महत्वपूर्ण सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजना जनता के लिए चुनी जाती है। इसके अलावा उसे धरातल पर उतरने के लिए काम किया जाता है, लेकिन राजनीतिकरण के तहत जनता के द्वारा चुने गए सदस्यों के द्वारा जनता के लिए आए हुए योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए रोक रहे हैं। जिस की जनता को लाभ नहीं मिल पाएगा।और जनता माफ नही करेगी।

## शिक्षा को बढ़ावा

### सावा में विधायक मद से बने विद्यालय भवन का बिशप और विधायक ने किया उद्घाटन

## अब गांव के बच्चों को पढ़ाई के लिए शहर जाने की जरूरत नहीं : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**



प्रखंड के गड़ीयाजोर के सावा में विधायक मद से नव निर्मित जीईएल प्राथमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन बतौर मुख्य अनुष्ठाता बिशप ग्लेडसन बाड़ा और विधायक भूषण बाड़ा ने संयुक्त रुप से किया। मौके पर बिशप की अगुवाई में मिस्सा पूजा संपन्न हुई। इसके बाद नव निर्मित स्कूल भवन में आशीष जल का छिड़काव किया गया। वहीं बिशप और विधायक भूषण बाड़ा ने संयुक्त रुप से फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आने वाले दिनों गांव के बच्चों को पढ़ाई करने के लिए शहर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। ग्रामीण बच्चों को पढ़ाई में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है सबसे ज्यादा तो बरसात के मौसम में आने जाने में दिक्कत होती है।

गांव में स्थित स्कूलों में पढ़ाई का बेहतर माहौल उपलब्ध कराने का लिए लगातार काम किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि गांव के गरीब बच्चों को खपड़ैल युक्त मिट्टी के बने स्कूल घर से छुटकारा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही इन स्कूलों में पढ़ाई का बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। पठन पठन के लिए जरुरी सुविधाएं भी बहाल कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यहां पढ़ने वाले बच्चे शहर में स्थित स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को टक्कर देंगे। उनहोंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना हमारी पहली प्राथमिकता है। शिक्षा के दम पर ही क्षेत्र का विकास संभव है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि न सिर्फ शिक्षा बल्कि क्षेत्र का चहुमुखी विकास करने की दिशा में भी तेज गति के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जाति धर्म की भावना से उपर उठकर जनता की सेवा की जा रही है।

**◆गांव के गरीब बच्चों को खपड़ैल युक्त मिट्टी के बने स्कूल घर से छुटकारा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है**

### राशि का भुगतान नहीं करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा नगर परिषद् कार्यालय सिमडेगा का समीक्षा बैठक की इस दौरान उन्होंने ने नगर परिषद अंतर्गत संचालित योजनाओं की संचिका व संधारण, आकस्मिक अवकाश पंजी, भण्डार पंजी, राजस्व संग्रहण, ट्रेड लाइसेंस, 15 वें वित्त, नागरिक सुविधा, कचरा प्रबंधन, पीएम स्वनिधि निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी सहित अन्य योजना पंजी तथा नगर परिषद में नियुक्त कर्मियों की प्रक्रिया की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने सभी कर्मियों की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## महिला पतंजलि योग समिति ने गांधी मैदान में लगाया योग शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर महिला पतंजलि योग समिति के द्वारा गांधी मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर समिति की राज्य संयोजक सुधा झा के द्वारा उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया ने योग के महत्व को समझा है और 21 जून को पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति स्वस्थ रहता है और स्वस्थ एवं निरोग व्यक्ति ही समाज के विकास में आगे आ सकता है। उन्होंने निरोग समाज के निर्माण के लिए सभी लोगों से योग करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार भी शामिल हुए थे उन्होंने भी योग के महत्व की जानकारी देते हुए लोगों से योग करने की बात कही।

### मादक पदार्थों के विरुद्ध गिरिडीह में चलेगा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में जागरूकता कार्यक्रम को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त- नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा तीन नशा मुक्त जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज, किशोर वर्ग तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य



सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इसके प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने की आवश्यकता है, जिसके तहत जिला प्रशासन सहित गैर सरकारी संस्थानों, जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रचार वाहन को रवाना किया गया ताकि आमजनों/युवाओं को इसके विरुद्ध जागरूक किया जा सकें। उन्होने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग के फ्लैग मार्च, जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यशाला, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जिसमें बाजार-हाट आदि में नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम सहित विद्यालय स्तर पर क्विज व निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, शपथ पाठ आदि गतिविधियां संचालित की जाएगी जिसमे सभी की सहभागिता आपेक्षित है। उन्होंने कहा कि अभियान के सफल क्रियान्वयन में प्रशासन का सहयोग करें ताकि युवा वर्ग तथा अगली पीढ़ी को नशा की क्षेत्र में जाने से रोजा जा सकें साथ ही मादक प्रदार्थो के सेवन के दुरुपयोग से लोगो को अवगत कराया जा सकें।

## नीट परीक्षा एवं परिणाम में हुई गड़बड़ी की सीबीआई जांच की मांग

**गिरिडीह।** एनएसयूआई के द्वारा बुधवार को स्पेक्ट्रम कोचिंग क्लासेस में प्रदेश सचिव आयुष सिन्हा व जिला अध्यक्ष अभय कुमार के नेतृत्व में नीट का विरोध किया गया. इस दौरान परीक्षा एवं परिणाम में हुई गड़बड़ी को लेकर सीबीआई जांच मांग की गई. इस बाबत एनएसयूआई गिरिडीह के जिला अध्यक्ष अभय कुमार व प्रदेश सचिव आयुष सिन्हा ने कहा कि नीट परीक्षा में हुए घोटाले की जांच सीबीआई से होनी चाहिए. साथ ही सभी छात्रों को पुनः परीक्षा में बैठने की अनुमति मिलनी चाहिए. छात्र नेताओं ने सवाल उठाया कि रजिस्ट्रेशन बंद होने के 24 दिन के बाद एक दिन के लिए लिंक विंडो क्यों खोला गया और किन अभ्यर्थियों का उस दिन रजिस्ट्रेशन किया गया. झारखंड के हजारीबाग जिला, हरियाणा के फरीदाबाद जिला के कई छात्रों का 720 अंक कैसे हासिल हुआ. कहा कि देश के 24 लाख का अभ्यर्थियों का यह भविष्य से जुड़ा मामला है।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**पुनः अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 03/2024–25**

दिनांक /06/2024

मद का नाम :– 15वें वित्त आयोग मद

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरही | करियातपुर बाजार में 32 अदद दुकान हेतु मार्केट निर्माण। | 9999500.00 | 10000.00 | 200000.00 | नौ माह |
| 2 | बरही | करियातपुर बाजार में 16 अदद दुकान हेतु मार्केट निर्माण। | 7091300.00 | 10000.00 | 142000.00 | नौ माह |
| 3 | बरही | करियातपुर बाजार में 16 अदद दुकान हेतु मार्केट निर्माण। | 6498000.00 | 10000.00 | 130000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 24.06.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 24.06.24 से 02.07.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 04.07.2024 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 326880 District(24-25)#D


# झारखंड सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड सचिवालय सेवा के सभी पदाधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार को काला बिल्ला लगाकर सचिवालय में कार्य करते हुए प्रदर्शन किया। संघ के सभी पदाधिकारी गुरुवार को भी यह प्रदर्शन जारी रखेंगे। यह प्रदर्शन पिछले 15 दिनों से चल रहे आंदोलन का हिस्सा है, जिसमें पदाधिकारी अपनी मांगों को लेकर सरकार से गुहार लगा रहे हैं। प्रदर्शन के पहले चरण में, सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों ने मौन प्रदर्शन करते हुए सरकार के समक्ष अपनी मांगें रखी थीं।



**मुख्य मांगें**
- संयुक्त सचिव और उप सचिव के अतिरिक्त पदों का सृजन।
- सेवा के पदाधिकारियों की प्रोन्नति में कार्मिक विभाग का संकल्प संख्या 3286, दिनांक 04.04.2014 को पूर्णतः लागू करना।
- झारखंड सचिवालय सेवा के प्रशाखा प्रदाधिकारी, अवर सचिव तथा उच्चतर पदों पर शीघ्र प्रोन्नति।
- सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों को नियमित नियुक्ति के माध्यम से शीघ्र भरना।

झारखंड सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद और महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने कहा कि हम काला बिल्ला के साथ कार्य करते हुए सरकार से आग्रह करना चाहते हैं कि हमारी मंशा कार्य में बाधा पहुंचाने की नहीं है। परंतु, कार्मिक विभाग के कुछ पदाधिकारी लगातार संघ के सदस्यों के हितों के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं और इससे संघ के पदाधिकारियों में रोष व्याप्त है। अगर सरकार इसके बाद भी कोई सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो संघ बाध्य होकर उग्र प्रदर्शन करेगा। हम सरकार से अपील करते हैं कि वे हमारी मांगों पर ध्यान दे और अति शीघ्र उचित कदम उठाए, ताकि सचिवालय सेवा के पदाधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता और बिना किसी अवरोध के कर सकें।

# बाल श्रमिकों का किया गया रेस्क्यू प्रतिष्ठानों, ढाबों का किया गया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**
**गिरिडीह।** धावा दल द्वारा बीते दिनों शहर में निरीक्षण कर बाल श्रमिकों का रेस्क्यू किए जाने के बाद बुधवार को बगोदर के विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बगोदर अवस्थित होटल से तीन बच्चे को रेस्क्यू किया गया। बताया गया कि बच्चे ग्लास, कप, प्लेट धोने व साफ सफाई के काम में लगे हुए थे। रेस्क्यू किए गए तीनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।
धावा दल का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन अधिकारी बसंत महतो, जिला बाल संरक्षण इकाई के हिरामन महतो, बचपन बचाओ आंदोलन निति आयोग की जिला समन्वयक अंजलि बिन, बनवासी विकास आश्रम, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सुरेश कुमार शक्ति, उत्तम कुमार, उदय कुमार सोनी इत्यादि शामिल थे।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH

**Short-Inviting e-Quotation No. 01/2024-25**

Rate through e-quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 10 H.P. AC Solar Pump, (ii) 7.5 H.P. AV Solar Pump, (iii) 5 H.P. AC Solar Pump, Solar Panel, Steel Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacturer/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in Estimates under Minor Irrigation Division, Ramgarh, Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov. in.
Details of work experience and list of materials are available on the above e- tenderPortal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from**25.06.2024 at 2.00 P.M. to 09.07.2024 at 5.00 P.M.** The technical envelope will be opened on **11.07.2024 at 1.00 PM.**
The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Division,Ramgarh.

Executive Engineer
Minor Irrigation Division,
Ramgarh

PR 326851 Minor Irrigation(24-25)D



## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

**आम सूचना**

विभागीय संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 निदेशक, प्रा.शि. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक क्रमशः 771 दिनांक 13.06.2024 एवं पत्रांक 786 दिनांक 19.06.2024 के अधीन एतद् द्वारा संबंधित अभ्यर्थियों जिन्होंने इस जिला से प्रकाशित विज्ञापन संख्या 03/2015 (कक्षा 1 से 5) एवं विज्ञापन संख्या 04/2015 (कक्षा 6 से 8) के अंतर्गत आवेदन किया है को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड राँची द्वारा एल.पी.ए. संख्या 203/2022 एवं अन्य संबद्ध वादों में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के अनुपालन हेतु जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त के निमित वर्ष 2015 में विज्ञापित रिक्तियों के विरुद्ध वर्ष 2015–16 एवं वर्ष 2019 में की गयी, नियुक्ति के पश्चात शेष रह गये पारा एवं गैर पारा कोटि के रिक्त पदों पर अंतिम अवसर के रूप में एक बार काउंसिलिंग हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

संबंधित अभ्यर्थी अपने आवेदन की प्रति के साथ सभी वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वः अभिप्रमाणित छायाप्रति यथा–शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण–पत्र, टेट, जाति, आवासीय एवं अन्य प्रमाण–पत्र तथा दो (रंगीन, पासपोर्ट साईज) फोटोग्राफ के साथ अपना आवेदन कार्यालय अवधि में दिनांक 22.06.2024 से 22.07.2024 तक जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय राँची समाहरणालय भवन, ब्लॉक ए. कमरा संख्या 113 एवं 114 में निबंधित डाक द्वारा अथवा हाथो–हाथ जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

इस संबंध में काउंसिलिंग की तिथि दिनांक 01.08.2024 को जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय राँची के अधीन प्रखण्ड संसाधन केन्द्र राँची, शिक्षा परिसर राँची में निर्धारित की जाती है।

गैर योजना अंतर्गत इण्टर प्रशिक्षित शिक्षक के रिक्ति पदों का कोटिवार विवरण :–
वर्ग 1 से 5 पारा/गैर पारा से संबंधित प्रतिवेदन

| कोटि | इण्टर प्रशिक्षित (पारा कैटेगरी) | इण्टर प्रशिक्षित (गैर पारा कैटेगरी) |
|---|---|---|
| | रिक्त पद | रिक्त पद |
| अनारक्षित | 9 | 83 |
| अनुसूचित जाति | 1 | 14 |
| अनुसूचित जनजाति | 11 | 25 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 1 | 1 |
| पिछड़ा वर्ग | 0 | 0 |
| कुल योग | 22 | 123 |

पूर्व में आयोजित अंतिम काउंसिलिंग के आधार पर वर्ग 1 से 5 (इण्टर प्रशिक्षित पारा/गैर पारा कैटेगरी) में चयनित अंतिम अभ्यर्थी का कटऑफ मार्क्स निम्नवत है :–

| कोटि | इण्टर प्रशिक्षित (पारा कैटेगरी) | इण्टर प्रशिक्षित (गैर पारा कैटेगरी) |
|---|---|---|
| अनारक्षित | 54.78 | 55.04 |
| अनुसूचित जाति | 48.92 | 57.02 |
| अनुसूचित जनजाति | 47.32 | 53.49 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 59.30 | 54.03 |
| पिछड़ा वर्ग | 54.57 | 61.54 |

गैर योजना अंतर्गत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (वर्ग 6 से 8 पारा/गैर पारा) से संबंधित प्रतिवेदन के रिक्ति पदों का कोटिवार विवरण :–
(क) स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान

| कोटि | स्नातक प्रशिक्षित (पारा कैटेगरी) | स्नातक प्रशिक्षित (गैर पारा कैटेगरी) |
|---|---|---|
| | रिक्त पद | रिक्त पद |
| अनारक्षित | 3 | 0 |
| अनुसूचित जाति | 0 | 0 |
| अनुसूचित जनजाति | 2 | 0 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 0 | 0 |
| पिछड़ा वर्ग | 0 | 0 |
| कुल योग | 5 | 0 |

पूर्व में आयोजित अंतिम काउंसिलिंग के आधार पर वर्ग 6 से 8 (स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान पारा/गैर पारा कैटेगरी) में चयनित अंतिम अभ्यर्थी का कटऑफ मार्क्स निम्नवत है :–

| कोटि | स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान (पारा कैटेगरी) | स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान (गैर पारा कैटेगरी) |
|---|---|---|
| अनारक्षित | 63.621 | 74.456 |
| अनुसूचित जाति | 55.754 | 71.247 |
| अनुसूचित जनजाति | 51.583 | 69.533 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 65.450 | 73.819 |
| पिछड़ा वर्ग | 66.638 | – |

(ख) स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान

| कोटि | स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान (पारा कैटेगरी) | स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान (गैर पारा कैटेगरी) |
|---|---|---|
| | रिक्त पद | रिक्त पद |
| अनारक्षित | 2 | 2 |
| अनुसूचित जाति | 0 | 0 |
| अनुसूचित जनजाति | 2 | 3 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 0 | 0 |
| पिछड़ा वर्ग | 0 | 1 |
| कुल योग | 4 | 6 |

पूर्व में आयोजित अंतिम काउंसिलिंग के आधार पर वर्ग 6 से 8 (स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान पारा/गैर पारा कैटेगरी) में चयनित अंतिम अभ्यर्थी का कटऑफ मार्क्स निम्नवत है :–

| कोटि | स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान (पारा कैटेगरी) | स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान (गैर पारा कैटेगरी) |
|---|---|---|
| अनारक्षित | 61.443 | 62.524 |
| अनुसूचित जाति | 58.453 | – |
| अनुसूचित जनजाति | 59.006 | 61.738 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 62.401 | 70.544 |
| पिछड़ा वर्ग | 50.257 | 69.457 |

(ग) स्नातक प्रशिक्षित भाषा

| कोटि | स्नातक प्रशिक्षित भाषा (पारा कैटेगरी) | स्नातक प्रशिक्षित भाषा (गैर पारा कैटेगरी) |
|---|---|---|
| | रिक्त पद | रिक्त पद |
| अनारक्षित | 7 | 2 |
| अनुसूचित जाति | 1 | 0 |
| अनुसूचित जनजाति | 6 | 1 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 1 | 0 |
| पिछड़ा वर्ग | 0 | 0 |
| कुल योग | 15 | 3 |

पूर्व में आयोजित अंतिम काउंसिलिंग के आधार पर वर्ग 6 से 8 (स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान पारा/गैर पारा कैटेगरी) में चयनित अंतिम अभ्यर्थी का कटऑफ मार्क्स निम्नवत है :–

| कोटि | स्नातक प्रशिक्षित भाषा (पारा कैटेगरी) | स्नातक प्रशिक्षित भाषा (गैर पारा कैटेगरी) |
|---|---|---|
| अनारक्षित | 59.378 | 64.992 |
| अनुसूचित जाति | 50.469 | 62.712 |
| अनुसूचित जनजाति | 44.627 | 63.160 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 60.050 | 62.150 |
| पिछड़ा वर्ग | 60.239 | 66.125 |

नोटः
1. प्रस्तावित काउंसिलिंग माननीय उच्च न्यायालय के न्याय निदेश के आलोक में पूर्व के विज्ञाप्ति संख्या 03/2015 एवं 04/2015 के आधार पर विज्ञापन के विरूद्ध अंतिम काउसिंलिग के उपरांत शेष रह गये रिक्ति पदों पर नियुक्ति हेतु आयोजित है।
2. न्यायालय में यचिका दायर कर पारित न्यायादेश से अच्छादित अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जायेगा। काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों को न्यायादेश की प्रति भी अपने अन्य आवश्यक अभिलेखों/कागजातों के साथ देना होगा।
3. W.P(s) 2142/2019 एवं संबद्ध वादों में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 13.05.2019 को पारित न्यायादेश के आलोक में उपरोक्त न्यायादेश से अच्छादित सभी वादीगण उक्त काउन्सेलिंग में भाग ले सकेंगे।
4. उम्र सीमा एवं शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक योग्यता तथा वेतनमान के संबंध में अर्हता और शर्तो एवं बंधेज पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुरूप ही होगा। उसमें किसी भी तरह का परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
5. पूर्व के काउंसिलिंग के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों के द्वारा प्राप्त कटऑफ मार्क्स से उपर के अभ्यर्थियों का दावा स्वीकार्य किया जायेगा।
6. काउंसिलिंग का यह अंतिम अवसर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्याय निदेश के अनुपालन में दिया जा रहा है। मूल प्रमाण–पत्र जमा करने हेतु भी यह अंतिम अवसर होगा कोई अन्य अवसर देय नहीं होगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची
उपायुक्त राँची

PR 326944 Human Resource Developement(24-25).D


# शिक्षा का अधिकार व नई शिक्षा नीति को सुनिश्चित रूप से लागू करें

**नवीन मेल संवाददाता**
**गिरिडीह ।** लीड्स के अगुवाई में बरनवाल धर्मशाला गिरिडीह में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जिले में शिक्षा का अधिकार और नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू करना है। कार्यक्रम में गिरिडीह में काम करने वाले विभिन्न संस्थाएं के प्रतिनिधिगण मौजूद रहें। इनमें सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाएं शामिल हुई। गैर सरकारी संस्थानों में सवेरा फाउंडेशन, जागो फाउंडेशन, सामाजिक परिवर्तन संस्थान अभिव्यक्ति फाउंडेशन डॉ ए वी बालिगा ट्रस्ट के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि के रूप में गिरिडीह के गांवा ब्लॉक के प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारी, तिसरी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, आईसीडीएस के महिला पर्यवेक्षक तीसरी और गांवा के विभिन्न विद्यालय से शिक्षक गण मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का आयोजन लीड्स संस्था रांची के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गिरिडीह में शिक्षा के अधिकार और नई शिक्षा नीति को जमीनी स्तर पर बेहतरीन से लागू करना था। कार्यक्रम के शुरूआत में तिसरी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी सरकारी और गैरसरकारी संगठनों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि अगर हम सभी कोई मिलकर काम करें तो बच्चों के बेहतर भविष्य को संवारने में अहम योगदान अदा कर सकते हैं। तिसरी प्रखंड की महिला पर्यवेक्षिका ने कहा कि हम लोग मिलकर कोशिश कर रहे हैं कि आंगनबाड़ी में मिलने वाली सभी सुविधाएं बिना किसी परेशानी के लाभार्थी तक पहुंचे अगर इसमें किसी तरह की कमी होती है।

## आधुनिक पावर के लिए जनसुनवाई 24 जून को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
साल 2024 के लिए नई बिजली दरों की निर्धारण प्रक्रिया विद्युत नियामक आयोग की ओर से शुरू कर दी गई है। नियामक आयोग ने आधुनिक पावर प्लांट के लिए जनसुनवाई की तारीख की घोषणा की है। जनसुनवाई 24 जून को रांची में की जाएगी। इस संबध में नियामक आयोग की ओर से सूचना जारी की गई है, जिसमें बताया गया है कि कंपनी न वर्ष 2020 से 2023 तक टू अप के लिए आवेदन किया है। जनसुनवाई दिन के 11:30 बजे से बीएनआर चाणक्य में की जाएगी। कंपनी के आवेदन पर स्टेकहोल्डर्स और जनता की ओर से आपत्ति और सुझाव की मांग की गई थी। लेकिन, कंपनी को किसी भी तरह की आपत्ति और सुझाव की प्राप्ति नहीं हुई।

# धनबाद में जीटी रोड पर ट्रक-कार की टक्कर में चार युवकों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**
**धनबाद।** झारखंड में धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर एक ट्रक और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। हादसा मंगलवार देर रात लोहार बरवा नामक जगह पर हुआ। मृतकों में धनबाद के रांगा टांड इलाके के निवासी राहुल कुमार गुप्ता और गांधी नगर कॉलोनी निवासी अंकित शामिल हैं। दो अन्य की पहचान नहीं हो पाई है। बताया गया है कि कार रॉन्ग साइड से जा रही थी। सामने से आ रहे ट्रक के साथ हुई जोरदार टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। चीख-पुकार मचने पर आस-पास के लोग दौड़े। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंची। कार की हालत यह थी कि उसमें फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए कटर मशीन मंगाई गई। भारी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया। चार की मौत हो चुकी थी। एक युवक को बेहद गंभीर हालत में धनबाद स्थित मेडिकल कॉलेज एसएनएमएमसीएच भेजा गया। कार में शराब की बोतल भी मिली है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि कार चला रहा युवक नशे में रहा होगा। हादसे के कारण हावड़ा-दिल्ली रोड पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा।


## समाहरणालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड, रॉची द्वारा L.P.A. No 203/2022 एवं अन्य संबद्ध तथा सदृश्य वादों में पारित न्यायादेश के अनुपालन में निर्गत विभागीय संकल्प सं0 283 दिनांक 28.02.2024 की कंडिका 13 में उल्लेखित शर्तो के अनुरूप इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैर पारा) तथा स्नातक स्तरीय कोटिवार एवं विषयवार (पारा एवं गैर पारा) पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन सं0 03/2015 एवं 04/2015 के तहत पूर्व के अंतिम काउंसिलिंग के पश्चात् अवशेष रिक्त पदों पर नियुक्ति के निमित अंतिम काउंसिलिंग हेतु आम सूचना–

I पदवार/ कोटिवार/ विषयवार/ रिक्त पदों का विवरण–

| कमांक | वर्ग | कोटि | आरक्षित कोटि | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 से 5 | पारा कोटि | अना0/महिला | 1 |
| | | | अनु0ज0जा0/पुरूष | 1 |
| | | | अनु0ज0जा0/महिला | 2 |
| | | योग– | | 4 |
| | | गैर पारा कोटि | अना0/पुरूष | 1 (केवल दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए) |
| | | | अना0/महिला | 2 (केवल दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए) |
| | | | अनु0जा0/पुरूष | 19 |
| | | | अनु0जा0/महिला | 21 |
| | | | अनु0ज0जा0/पुरूष | 8 |
| | | | अनु0ज0जा0/महिला | 15 |
| | | योग– | | 66 |

| कमांक | वर्ग | विषय | कोटि | आरक्षित कोटि | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 से 8 | विज्ञान | पारा कोटि | अनु0जा0/महिला | 1 |
| | | | | अनु0ज0जा0/महिला | 2 |
| | | | योग– | | 3 |
| | | | गैर पारा कोटि | अना0/महिला | 1 |
| | | | | अनु0ज0जा0/ महिला | 1 |
| | | | योग– | | 2 |
| | | सामाजिक विज्ञान कला | पारा कोटि | अनु0ज0जा0/ महिला | 1 |
| | | | योग– | | 1 |
| | | | गैर पारा कोटि | अना0/पुरूष | 2 |
| | | | | अना0/महिला | 1 |
| | | | | अनु0जा0/महिला | 1 |
| | | | | अनु0ज0जा0/महिला | 1 |
| | | | योग– | | 5 |
| | | भाषा | पारा कोटि | अनु0जा0/महिला | 1 |
| | | | योग– | | 1 |

काउंसिलिंग से संबंधित गतिविधियों की समय सीमा–

| कमांक | कार्य | निर्धारित अवधि/ तिथि |
|---|---|---|
| 01 | आवेदक द्वारा पूर्व में विज्ञापन सं0 03/2015 एवं 04/2015 में समर्पित आवेदन के साक्ष्य स्पीड पोस्ट/ निबंधित डाक की छाय ाप्रति सहित दावा आवेदन पत्र को जिला षिक्षा अधीक्षक, गढ़वा विकास भवन बी, प्रथम तल, रूम न0– 201 पुराना समाहरणालय परिसर, गढ़वा, पिन कोड– 822114 के पते पर भेजने की अंतिम तिथि– नोट– दावा आवेदन से संबंधित विज्ञापन संख्या, आवेदित पद, कोटि एवं विषय का उल्लेख लिफाफा के उपर मोटे अक्षरों में अवष्य किया जाय। | 22.07.2024 |
| 02 | प्राप्त दावा आवेदन की स्कूटनी एवं जिले के वेबसाईट पर काउंसिलिंग हेतु सूची प्रकाश की तिथि | 23.07.2024 से 31.07.2024 तक |
| 03 | काउंसिलिंग की तिथि – | 01.08.2024 |
| 04 | अंतिम चयन सूची प्रकाशन की तिथि– | 07.08.2024 |

जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा। उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.326954 Garhwa(24-25):D

# बढ़ती अर्थव्यवस्था का लाभ सभी को मिले

**देश** विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है पर लाखों आम भारतीय, जिनके पास कोई अपनी संपत्ति या सामाजिक सक्रियता नहीं है, कम आय और बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं। ग्रामीण भारत के संकट और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी ऐतिहासिक है पर चूंकि राजनीतिक सक्रियता और कुछ चल पड़े व्यवसाय में कुछ लोगों की आय अच्छी हो गई है तो दोनों वर्गों के बीच आर्थिक खाई भी बढ़ी है। हिंदी पट्टी में भर्ती परीक्षाओं में 'पेपर लीक' के कारण परीक्षाओं के रद्द होने की घटनाएं इसके कई संकेत देती हैं। भारत कई अरबपतियों के साथ तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो सकता है, लेकिन यह बहुत ही असमान समाज है, जहां लाखों लोग सिर्फ जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि देश का जो विकास हुआ है, उसे नजर अंदाज कर दिया जाए। पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने ग्रामीण भारत, जहां अब भी अधिकांश भारतीय रहते हैं, की तुलना में बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी। एक दशक पहले की तुलना में देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुना हो गई, और 10,000 किलोमीटर सड़कें तथा 15 गीगावाट सौर ऊर्जा की क्षमता प्रति वर्ष बढ़ाई गई है। विकास के और भी बहुत से काम किए गए, लेकिन वास्तविकता यह है कि इसका लाभ अभी तक ग्रामीण आबादी, विशेषकर गरीबों तक नहीं पहुंचा है। देश में करीब 80 करोड़ लोग सरकार की मुफ्त राशन योजना पर निर्भर हैं। गरीब राज्यों के गांवों में लोग राजमार्गों, नकद हस्तांतरण, सब्सिडी वाली रसोई गैस, नल से जल और मुफ्त राशन तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य कल्याणकारी लाभों की प्रशंसा करते नहीं थकते। फिर भी किसानों की शिकायत है कि खेती लगातार घाटे का सौदा होती जा रही है। औसत वार्षिक कृषि वृद्धि आमतौर पर तीन प्रतिशत होती है, जो 2023-24 में केवल 1.4 प्रतिशत थी। इसके अलावा, उच्च खाद्य कीमतें भी हैं। तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये की किसान सम्मान निधि मददगार तो है, लेकिन कई किसान बेहतर आय चाहते हैं। बुनियादी ढांचे का विकास अब उतना श्रम-प्रधान नहीं रह गया है और यह पूरी तरह से आजीविका की समस्याओं का समाधान नहीं करता है। जीडीपी बढ़ने के साथ घरेलू कर्ज में वृद्धि और घरेलू बचत में गिरावट आ रही है। लेकिन ग्रामीण संकट और रोजगार के संकट के साथ-साथ लग्जरी कारों, अपार्टमेंटों और अन्य लग्जरी चीजों की मांग भी देश में बढ़ रही हैं। गांवों और शहरी झुग्गियों में ऐसे लाखों लोग हैं, जो अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और दिल्ली स्थित मानव विकास संस्थान द्वारा जारी भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 में बताया गया है कि 'वर्ष 2012-22 के दौरान आकस्मिक मजदूरों की मजदूरी में मामूली वृद्धि हुई और नियमित श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी या तो स्थिर रही या घट गई। वर्ष 2019 के बाद स्वरोजगार करने वालों की वास्तविक आय में भी गिरावट आई। कुल मिलाकर, मजदूरी कम बनी हुई है। देश भर में 62 प्रतिशत अकुशल अस्थायी कृषि श्रमिकों और निर्माण क्षेत्र के 70 प्रतिशत ऐसे श्रमिकों को 2022 में निर्धारित दैनिक न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिली।' वर्ष 2000 से ही सेवा क्षेत्र भारत के विकास का प्रमुख वाहक रहा है। सॉफ्टवेयर, आईटी, आईटी से जुड़ी सेवाएं, व्यवसाय और वित्तीय सेवाओं ने प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा किए और अन्य क्षेत्रों में भी रोजगार को बढ़ावा दिया है, लेकिन हर कोई इन उभरते अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम नहीं है। निचले पायदान पर, हाशिये पर और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग चाहते हैं कि नई सरकार वास्तविक जीवन के इन मुद्दों पर ध्यान दे। आने वाले महीनों में ये सवाल जोर-शोर से उठेंगे और सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

इन दिनों

# भीषण गर्मी में मजदूरों की फिक्र भी जरूरी


प्रियंका सौरभ

**देश** में पड़ रही भीषण गर्मी से डेली वर्कर्स, विशेषकर डिलीवरी कर्मियों, ईंट-भट्ठों पर काम करने वालों और दिहाड़ीदार मजदूरों के लिए कामकाजी परिस्थितियां गंभीर हो गई हैं। भीषण गर्मी ने खुला काम करने वाले वर्कर्स के लिए कठोर कार्य स्थितियों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर किया है। इस भीषण गर्मी में कई लोग खुले वातावरण और गर्म मौसम में काम करने के लिए मजबूर हैं। अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अकसर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित किया जाना चाहिए, जिससे उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारत में हाल ही में कई क्षेत्रों में तापमान को 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच दआ, जिससे डेली वर्कर्स, खासकर डिलीवरी कर्मियों और दिहाड़ीदार मजदूरों के सामने आने वाली चुनौतियों में इजाफा हुआ है। इस प्रकार के खुला काम करने वाले इस दौरान श्रमिक पर्याप्त स्वास्थ्य-सुरक्षा उपायों और न्यूनतम ब्रेक के बिना चरम मौसम की स्थिति के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण गर्मी से थकावट और निर्जलीकरण से पीड़ित हुए हैं, जिससे पता नहीं कितनों की जान असमय गई है। दिहाड़ीदार मजदूर स्थायी नौकरियों के बजाय अल्पकालिक अनुबंध या फ्रीलांस काम करते है। इस में उबर, स्विगी और जोमैटो जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए अस्थायी, लचीले और प्रोजेक्ट-आधारित काम करने वाले भी शामिल हैं। ये नौकरियां लचीलापन प्रदान करती हैं, लेकिन इन लोगों को पारंपरिक रोजगार से जुड़े लाभों और सुरक्षाओं का अभाव होता है। अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अकसर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। ऐसे श्रमिकों को अक्सर स्वास्थ्य बीमा, सेवानिवृत्ति लाभ या सवेतन अवकाश की सुविधा नहीं मिलती, जिससे बीमारी या चोट के समय वे आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। श्रमिकों की आय अत्यधिक परिवर्तनशील और अप्रत्याशित होती है, जिससे वित्तीय योजना बनाना मुश्किल हो जाता है। श्रमिकों को कठोर कार्य स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें चरम मौसम का सामना करना भी शामिल है। इनको आमतौर पर स्वतंत्र ठेकेदारों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिससे उन्हें कई श्रम सुरक्षा से वंचित रखा जाता है जो औपचारिक कर्मचारियों को प्राप्त होती हैं। ऐसे विपरीतस मय में श्रमिकों को संरक्षण और निष्पक्ष व्यवहार के लिए आवश्यक प्रबंध करने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य लाभ के लिए वर्कर्स को स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करना बहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए: राजस्थान प्लेटफार्म आधारित वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक, 2023 का उद्देश्य वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जो अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय मिसाल कायम करेगा। वर्कर्स के लिए एक न्यूनतम वेतन नीति स्थापित करना ताकि एक स्थिर आय और न्यूनतम भुगतान किए गए घंटे या कमाई सुनिश्चित हो सके। जैसे सिंगापुर के प्रस्तावित विधायी परिवर्तनों में श्रमिकों के लिए कार्य-चोट बीमा और पेंशन कवरेज का विस्तार करना शामिल है, जिसका भारत भी अनुकरण कर सकता है। वर्कर्स को कर्मचारी के रूप में मान्यता देना या उन्हें समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करना समय की मांग है। इसमें संगठित होने और यूनियन बनाने का अधिकार शामिल है। उदाहरण के लिए: यूके और कैलिफोर्निया में कानूनी लड़ाइयों के कारण वर्कर्स को कर्मचारी के रूप में मान्यता मिली है, जो न्यूनतम वेतन और अन्य लाभों के हकदार हैं। सुरक्षित कार्य परिस्थितियाँ सुनिश्चित करने के लिए जिसमें सुरक्षात्मक गियर, नियमित ब्रेक और चरम मौसम से श्रमिकों की सुरक्षा के उपाय शामिल हैं। उदाहरण के लिए: निष्पक्ष व्यवहार और शिकायत निवारण तंत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन इनको मजबूत करने की आवश्यकता है। स्वतंत्र श्रम न्यायालयों की स्थापना करना और यह सुनिश्चित करना कि उनमें मामलों को तुरंत और निष्पक्ष रूप से निपटाने की क्षमता हो। उदाहरण के लिए: कतर की श्रम विवाद समितियों ने न्याय तक पहुंच में सुधार किया है, लेकिन देरी और प्रवर्तन संबंधी मुद्दे बने हुए हैं, जिसके लिए और सुधार की आवश्यकता है। वर्कर्स की रोजगार क्षमता और आय क्षमता को बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करना भी आवश्यक है। इसमें वित्तीय साक्षरता और डिजिटल कौशल का प्रशिक्षण शामिल हो। उदाहरण के लिए स्किल इंडिया जैसी सरकारी पहलों का विस्तार करके वर्कर्स को विशेष रूप से लक्षित किया जा सकता है, ताकि उन्हें प्रासंगिक कौशल और प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। कल्याणकारी योजनाओं के पंजीकरण और पहुंच को सरल बनाने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग कर सेवा वितरण में सुधार के लिए वर्कर डेटा को राष्ट्रीय श्रम डेटाबेस में एकीकृत करना श्रमिकों के लिए फायदेमंद स्कीम बनाने में सहायक होगा। उदाहरण के लिए: भारत का ई-श्रम पोर्टल, जिसका उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है, वर्कर्स को शामिल करने के लिए इसका लाभ उठाया जा सकता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें समय पर लाभ मिले। भारत में वर्कर्स के अधिकारों की रक्षा और उनके साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए व्यापक और अच्छी तरह से लागू किए गए उपायों की आवश्यकता है। सामाजिक सुरक्षा, कानूनी मान्यता, बेहतर कार्य परिस्थितियां, न्याय तक पहुंच, प्रशिक्षण और बेहतर डिजिटल बुनियादी ढांचा एक निष्पक्ष श्रमिक अर्थव्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यबल के इस बढ़ते हुए हिस्से की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित करना जारी रखना चाहिए, ताकि उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**



**दिहाड़ीदार मजदूर स्थायी नौकरियों के बजाय अल्पकालिक अनुबंध या फ्रीलांस काम करते है। इस में उबर, स्विगी और जोमैटो जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए अस्थायी, लचीले और प्रोजेक्ट-आधारित काम करने वाले भी शामिल हैं।**

## आपकी बात

### झारखंड सरकार की सराहनीय पहल


कैप्टन प्राण रंजन

**झारखंड** राज्य सरकार की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। आशा है कि राज्य के अन्य ज़िलों में भी इस तरह की पहल कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। राज्य में अनेकों ऐसे स्थान हैं जो पुरातात्विक अवशेषों/भवनों तथा प्राकृतिक चमत्कार से फैला हुआ है, जिनके बारे में देश के लोगों को उनकी विशेषताओं की जानकारी नहीं है। इन स्थानों के बारे में प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा आक्रामक विपणन से लोगों को आकर्षित किया जाना चाहिये। मूलरूप से इन विज्ञापन और सूचना का ऐसे उद्यमों में काफी महत्वपूर्ण योगदान होता है। गुमला ज़िला तथा आसपास के इलाके में अनेकों प्राचीन प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। मुख्य रूप से आँजन्धाम, टाँगीनाथ तथा रामरेखा घाट उल्लेखनीय हैं। इनके अलावा कम ज्ञात पुरातात्विक स्मारकों में से एक खीरी मठ का महत्त्व बौद्ध स्थल के रूप में है। यह स्मारक रामगढ़ ज़िला अंतर्गत गोला मोड पर स्थित है, जिसे अपेक्षित संरक्षण का इंतजार है। प्राकृतिक चमत्कारी स्थलों में हजारीबाग ज़िला अंतर्गत 'बरसो पानी' गुफा स्थल की अदभुत विशेषता है जहां ताली बजाने से किसी भी मौसम में पानी की वर्षा होती है। इसके अलावा साहेबगंज जिलांतर्गत राजमहल क्षेत्र में काठघर ग्राम संभवतः पृथ्वी पर एकमात्र स्थान है जहां आप पूरे गांव क्षेत्र में फैले 'पत्थर के अनाज' पा सकते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि ऋषि भिक्षुओं के एक समूह ने इस गांव का दौरा किया और भोजन मांगा। चूंकि, ग्रामीण कंजूस थे इसलिए उन्होंने भोजन की कमी का हवाला देते हुए अपनी मजबूरी व्यक्त की ताकि वे संतों को कुछ भी भोजन न दे सकें। उनके झूठ पर संत क्रोधित हो गए और उन्हें श्राप दिया कि उनका सारा अनाज जीवाश्म में बदल जाए। इसके परिणामस्वरूप सभी खाद्यान्नों का जीवाश्मीकरण हो गया। चाहे कुछ भी हो, मैं इस स्थान पर अपनी दो यात्राओं के दौरान यह देखकर पूरी तरह आश्चर्यचकित रह गया था। ये तो कुछ उदाहरण भर हैं। राज्य में न जाने कितने चमत्कारी स्थान हैं, जिन्हें सामने लाने की जरूरत है। पुरातत्व विभाग और पर्यटन विभाग को पेशेवर विशेषज्ञों के अधीन सक्रिय होने की आवश्यकता है।

**प्राकृतिक चमत्कारी स्थलों में हजारीबाग ज़िला अंतर्गत 'बरसो पानी' गुफा स्थल की अदभुत विशेषता है जहां ताली बजाने से किसी भी मौसम में पानी की वर्षा होती है।**

सांस्कृतिक प्रभाव

# मनोरंजन का बाजार संस्कृति पर प्रहार


सुशील शर्मा

**आजकल** देश में मनोरंजन का बाजार भारतीय संस्कृति पर तगड़ा प्रहार कर रहा है। धारावाहिकों और मनोरंजन शोज में द्विअर्थी-भद्दे संवाद और दृश्य खुल्लम-खुल्ला सुनाए और दिखाए जा रहे हैं। सिनेमा के परदे पर शीला-मुन्नी जैसे गानों की भरमार है। युवा रास्ते में आती-जाती लड़कियों पर इन गानों के माध्यम से फब्तियां कसते हैं। फिल्म और टेलीविजन ऐसी चीजों की जानकारी देने लगते हैं जिन्हें बच्चे सही अर्थों में जानने के बजाय गलत तरीके से अपनाने लगते हैं। इसी का परिणाम जघन्य यौन अपराध के रूप में बार-बार प्रकट हो रहा है। अश्लीलता परोसे जाने की इस प्रवृत्ति के साथ फूहड़ विज्ञापनों की भरमार ने सुसभ्य समाज की चिंता बढ़ा दी है। इनमें सामान्यतः नारी की फूहड़ छवि प्रस्तुत की जा रही है। इसका विरोध हमेशा शून्य रहा है। तभी तो यह सब धड़ल्ले से चल रहा है। यदि समय रहते इन अश्लील विज्ञापनों, पोस्टरों, पत्रिकाओं व फिल्मी दृश्यों पर लगाम कसने के प्रयास की किसी ने पहल नहीं की तो आने वाले कुछ वर्षों में यह स्थिति और भी असहज हो जाएगी। वासना के विस्फोट की यह चिंगारी भारतीय संस्कृति को तार-तार कर देगी। मनोरंजन के नाम पर फिल्मों में परोसी जा रही अश्लीलता समाज को कहां ले जाएगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। दिल्ली में कुछ समय पहले एक छात्रा के साथ हुई गैंगरेप की घटना इसकी सबसे भयंकर परिणति कही जा सकती है। इस घटना पर समाजशास्त्री डॉ. विज्ञा तिवारी का कहना है कि आजकल फिल्में और टेलीविजन का किशोरों और युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जहां पहले फिल्में सामाजिक और नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाती थीं, आज वह अश्लीलता परोस रही हैं। अफसोस तो इस बात का है कि यह सब कुछ हर किसी के जेहन में भी है मगर इसके विरोध में अपनी आवाज मुखर करने वाला कोई नहीं है। हर कोई जानता है कि ऐसे दृश्यों और संवादों से बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों के मन-मस्तिष्क पर गलत प्रभाव पड़ता है। हालात इतने विस्फोटक हैं कि किशोरवय की दहलीज पर पांव रखते ही लड़कियां बहक जाती हैं। फूहड़ मेकअप, बदन दिखाऊ पोशाक, लड़कों से दोस्ती इनकी पहचान बन जाती है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**अश्लीलता परोसे जाने की इस प्रवृत्ति के साथ फूहड़ विज्ञापनों की भरमार ने सुसभ्य समाज की चिंता बढ़ा दी है। इनमें सामान्यतः नारी की फूहड़ छवि प्रस्तुत की जा रही है।**

बोधि वृक्ष

## क्यों सिद्ध कहलाता है कोकिला वन का शनिदेव मंदिर

मंदिरों के अलावा यहां दो प्राचीन सरोवर और गोऊ शाळा भी स्थित हैं।




कोकिला धाम में हर शनिवार को लाखों श्रद्धालु आते हैं। यहां आकर ये श्रद्धालु ॐ शं शनिश्चराय नमः और जय शनि देव का उच्चारण करते हुए परिक्रमा करते हैं। इस मार्ग पर लोग जरूरतमंदों को दान भी करते हैं।

**कोकिला वन और शनिदेव की कथाः**
पौराणिक कथाओं के अनुसार, अपने इष्ट देव भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करने के लिए शनिदेव ने कड़ी तपस्या की थी। उनकी तपस्या से खुश होकर श्रीकृष्ण ने कोयल के रूप में उन्हें दर्शन दिए थे। श्रीकृष्ण ने जिस वन में शनिदेव को दर्शन दिए थे उसी को कोकिला वन नाम से जाना जाता है। बृजमंड में जब श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था तब सभी देवी-देवता उनके दर्शन के लिए आए थे। इन सभी में शनिदेव भी मौजू थे। (क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से

Himanshu Kumar
39 m

सावधानी : मतलब परस्तों की महफ़िल में इसकी कल्पना बेमानी है





44 · 14 comments 1 share
Like Comment Send Share

Parwaz A Khan
तीनो बाते आपमें खुदा ने नवाजा है बशर्ते देखने वाले का नज़रिया हो हम तो तजुर्बा से हक... See More
Like Reply

## X - से

आज साहित्य @AajSahitya · 1d
जन्म पर बाटी मिठाई
मृत्यु पर बाटी खीर ....




2 · 320 · 2.5K · 97K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# जलते जंगल, अमंगल के संकेत


कुलभूषण उपमन्यु

**दुनिया** भर में जंगलों में लगने वाली आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन एक बड़े कारक के रूप में उभर रहा है। इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा वनों में 75000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। 2013 से यह संख्या दोगुनी है। इससे 30 लाख जीव प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25 प्रतिशत आक्सीजन की जरूरत इन वर्षा वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। वैसे तो मनुष्य शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किन्तु अब दुनिया की हवा, पानी, और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिए उतने भी नहीं बचे हैं। इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति आवश्यक हो गया है। जंगलों की आग के और भी अनेक नुकसान हैं। आग से फैलने वाला धुआं कार्बनडाई आक्साइड का मुख्य स्रोत होने के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करके वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है। तापमान वृद्धि से आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस तरह एक घातक दुश्चक्र चल निकला है। वनाग्नि से असंख्य जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं और जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। मिट्टी की ऊपरी परत जल कर खुरखुरी हो जाती है और बारिश में बह कर समुद्र में पहुंच जाती है। वनस्पति का आच्छादन समाप्त हो जाने से भू-जल भरण की प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है। वायु प्रदूषित हो जाने के कारण श्वास संबंधी रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। हमारे देश में भी वनाग्नि भयंकर समस्या बनती जा रही है। अकेले हिमाचल प्रदेश में ही इस वर्ष 1900 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे 20,000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें से 2729 हेक्टे। प वृक्षारोपण क्षेत्र है। 374 वन बीट संवेदनशील हैं। इससे 6 ।61 करोड़ रु. का नुकसान अनुमानित है। किन्तु यह अनुमान तो वृक्ष की मृत पैदावार की कीमत पर आधारित है। पेड़ की पर्यावरणीय सेवाओं के हिसाब से यदि नुकसान का आकलन करना हो तो यह अरबों रुपये में जाएगा। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ने और दंडित करने की व्यवस्था हो। दूसरा काम है, जब आग लग जाती है तो उस पर काबू पाना। इसके लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जानी चाहिए। आग लगे तो कुआं खोदने की प्रवृति से बाहर निकलना होगा। और आग प्रतिरोधक स्थाई योजना बनानी चाहिए। सबसे पहले आग लगने के तत्काल बाद पता लग जाना चाहिए। इसके लिए खोज टावर नेटवर्क, और दूरबीन एवं रेडियो से लैस कर्मी चाहिए जो त्वरित रिपोर्टिंग कर सकें। पुराने समय में लोगों की वनों पर निर्भरता का स्तर बहुत ऊंचा था जिससे आग बुझाने में उनका सहयोग लेना आसन था। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## टेक वर्ल्ड

### अब जमाना है पॉकेट एसी का, चलेगा नॉनस्टॉप बिना बिजली इस्तेमाल किये

**सोनी** कंपनी द्वारा पॉकेट ऐसी लॉन्च किया गया है जो आपकी कठिनाई को एक हद तक कम कर सकता है। सबसे खास बात यह है कि इससे बड़ी आसानी से कहीं भी ले कर जाया जा सकता है और इसे इंस्टॉल करने की जरूरत भी नहीं पड़ती है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि आपके पास एक बहुत ही छोटू सा ऐसी हो जिसे आप कहीं भी लेकर जा सकते हैं। गर्मी अपने प्रचंड रूप में है तो अगर आप अपने घर या ऑफिस में रहते हैं तो फिर वहां पर ऐसी होता है, लेकिन अगर आप रोजाना बाहर निकलते हैं, बाइक से ट्रैवल करते हैं तो आपको गर्मी कई बार जलाने लगती है। ऐसी अवस्था में सोनी कंपनी द्वारा पॉकेट ऐसी लॉन्च किया गया है जो आपकी कठिनाई को एक हद तक कम कर सकता है। सबसे खास बात यह है कि इससे बड़ी आसानी से कहीं भी ले कर जाया जा सकता है और इसे इंस्टॉल करने की जरूरत भी नहीं पड़ती है। इसका नाम है Sony Reon pocket 5 जी हां! और इसकी कीमत की अगर बात की जाए तो यह 9000 में आपको मिल सकता है। सोनी की ऑफिशल वेबसाइट से इसे आप खरीद सकते हैं। सबसे बड़ी बात है कि एक का यह छोटा वर्जन फुल चार्ज में तकरीबन 17 घंटे तक चल सकता है। यह रिचार्जेबल बैटरी के साथ आता है। इलेक्ट्रिसिटी द्वारा यह चार्ज होता है और एक लंबे समय तक अपनी गर्दन पर पहन कर आप इसको बाहर निकाल सकते हैं।



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### कोलकाता में गोलीबारी के मूल आरोपी झारखंड से हुआ गिरफ्तार

**कोलकाता।** पार्क स्ट्रीट इलाके के मिर्जा गालिब स्ट्रीट पर हुई गोलीबारी की घटना में मुख्य आरोपित सोना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे बुधवार को झारखंड के जमशेदपुर से गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पार्क स्ट्रीट गोलीबारी में गिरफ्तार किए गए आरोपितों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मिर्जा गालिब स्ट्रीट पर शुक्रवार की दोपहर 12 बजे के बाद एक युवक पर गोलियां चलायी गयीं। उनके दाहिने पैर में गोली लगी। युवक को कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में पुलिस को पता चला कि फायरिंग बाइक को लेकर हुई रंजिश के कारण हुई थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि सोना नाम के शख्स ने उस पर गोली चलाई है।

### मोतिहारी केन्द्रीय कारागार में बंद कैदी की इलाज के दौरान मौत

**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी केन्द्रीय कारा में बंद एक कैदी की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक बंदी की पहचान चकिया थाना क्षेत्र में बड़ा बैशाहां गांव के बिहारी सहनी के पुत्र मेघनाथ सहनी (25) के रूप में हुई है। मृतक की मां इलाइची देवी ने रोते हुए बताया कि 13 अप्रैल को उत्पाद पुलिस ने उसके बेटे को जबरदस्ती पकड़ कर जेल में बंद कर दिया, जहां उसकी तबीयत बिगड़ने पर सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया था। आठ दिन इलाज चला। ठीक हो गया तो उसे फिर जेल भेज दिया गया। इसके बाद मंगलवार की शाम में फिर से उसका दम फूलने लगा, जिसके बाद उसे जेल से सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया। लेकिन वहां एक भी बेड खाली नहीं था, तो कैदी वार्ड में ही आक्सीजन लगाकर इलाज किया जा रहा था। इसी बीच बुधवार को उसकी मौत हो गई।

# बकरा नदी पर बने पुल ध्वस्त मामले में 3 अभियंता निलंबित, 4 सदस्यीय कमिटी गठित

एजेंसी

**अररिया।** अररिया के सिकटी के पड़रिया में बकरा नदी पर बना पुल उद्‌घाटन से पहले ही मंगलवार को नदी के गर्भ में समा गया। पुल का 4 पाया नदी में समा गया, जबकि पुल निर्माण का कार्य तेरह वर्षों से चल रहा था।

पुल के ध्वस्त होने के मामले में ग्रामीण अभियंत्रण संगठन (आरईओ) विभाग ने कार्रवाई करते हुए कार्यपालक अभियंता समेत सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को निलंबित कर दिया है। वहीं जांच के लिए चार सदस्यीय जांच कमिटी का गठन किया गया है। पहले पुल निर्माण कार्य की जिम्मेवारी बिहार राज्य पुल निगम के ऊपर थी लेकिन नदी



की बदलती धारा के साथ बाद में पुल निर्माण के कार्य की जिम्मेवारी ग्रामीण अभियंत्रण संगठन (आरईओ) के ऊपर आ गई। 2019 से आरईओ के द्वारा ही पुल निर्माण का कार्य किया जा रहा था। पुल का निर्माण कार्य पूरा हो गया था और अब केवल अप्रोच पथ तैयार कर उद्‌घाटन होना शेष था। लेकिन उद्‌घाटन से पहले ही यह धराशाई हो गया।

बिहार सरकार की ओर से अभियंताओं का एक जांच टीम का गठन किया गया है,जो पटना से आकर पुल के जमींदोज होने और कार्य की गुणवत्ता को लेकर जांच कर विभाग और सरकार को रिपोर्ट पेश करेंगे। विभाग की ओर से मामले की जांच के लिए चार वरीय अभियंताओं की एक जांच कमेटी बनाई गई है। इस टीम में पूर्णिया क्षेत्र के मुख्य अभियंता निर्मल कुमार, राज्य तकनीकी एजेंसी के प्रतिनिधि डॉक्टर संजीव सिन्हा, पुल सलाहकार बीके सिंह और राज्य गुणवत्ता समन्वयक राजीव रंजन कुमार शामिल है।

बकरा नदी पर पडरिया के पास बन रहा यह पुल जिले के सिकटी प्रखंड और कुसाकांटा प्रखंड को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण पुल था। लेकिन पड़रिया पुल अपने निर्माण के दौरान ही नदी के गर्भ में समा गया। बहरहाल तेरह साल से बनने के बावजूद पुल आमजनों को सुविधा को लेकर मयस्सर नहीं हो पाया। मामले के जांच को लेकर गठित जांच कमिटी के रिपोर्ट के बाद गाज किन अधिकारियों पर गिरेगा, यह तो जांच रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा।लेकिन पुल निर्माण काल के शुरूआती समय से ही गुणवत्ता विहीन कार्य को लेकर चर्चा में रहा।ग्रामीणों की ओर से कई बार आंदोलन हुए। जिला प्रशासन से विभागीय स्तर तक जांच हुई, लेकिन मामला सिफर ही रहा।

### निमार्णाधीन पुल ढहने के मामले में सरकार ने की एक पक्षीय कार्रवाई : राजद



**पटना।** बिहार के अररिया में निमार्णाधीन पुल का एक हिस्सा गिर गया। करोड़ों की लागत से बकरा नदी पर बना कंक्रीट का पुल गिरने से कोई हताहत नहीं हुआ। इस पर राष्ट्रीय जनता दल ने सरकार पर हमला बोला है। राजद ने कहा कि एक पक्षीय कार्रवाई की गई है। यह पुल अररिया-किशनगंज मार्ग पर जिले के सिकटी ब्लॉक में परहरिया घाट के पास बकरा नदी पर निमार्णाधीन था। 12 करोड़ की लागत से बन रहा पुल उद्घाटन से पहले ही ढह गया। 183 मीटर लंबा यह पुल जल्द ही यातायात के लिए खोला जाना था, इसका उद्देश्य अररिया और किशनगंज जिलों के बीच यात्रा के समय को कम करना और सिकटी और कुसाकांटा ब्लॉक के निवासियों के आवागमन को आसान बनाना था। इस घटना के सामने आने के बाद राजद हमलावर हो गई है। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि सरकार दोषियों को बचा रही है और बेगुनाहों को फंसा रही है। इस हादसे को लेकर एक्सक्यूटिव इंजीनियर और सुपरिटेंडेंट इंजीनियर पर गाज गिरी है। एक पक्षीय कार्रवाई की जा रही है। मुख्य अभियंता पर कार्रवाई नहीं हुई है, क्यों नहीं हुई।

# भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान रीढ़ की हड्डी के बराबर : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**डिंडौरी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान शरीर की रीढ़ की हड्डी के बराबर है। जनजाति ही भारतीय संस्कृति और प्रजातंत्र को बल देती है। देश के इतिहास में पहली बार एक जनजातीय समाज की महिला राष्ट्रपति बनती है, यह गौरव का पल है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को डिंडौरी प्रवास के दौरान यहां शासकीय चंद्र विजय कॉलेज परिसर में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय परामर्श शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व, उपराष्ट्रपति ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, ग्रामीण विकास मंत्री पहलाद पटेल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस परामर्श शिविर में जिलेभर से



1970 मरीज पहुंचे।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का दिल जनजाति के लिए धड़कता है। उन्होंने कहा कि 1989 में जब मैं सांसद बना, केंद्र में मंत्री बना तो हमारी अर्थव्यवस्था लंदन शहर और पेरिस से भी छोटी थी। हमारा सोना हमने स्विटजरलैंड को गिरवी रखा था और अब देखिए हम कहां से कहां आ गए। हमने बहुत सारे देशों को पीछे छोड़ दिया। इसमें जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान है। भारत की पहचान जनजाति कल्चर है। इसी वजह से भारत के प्रधानमंत्री ने दो बड़े संकल्प लिए हैं। भारत जहां दुनिया का छठवां हिस्सा रहता है, जब वह 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा, तो भारत विकसित राष्ट्र होगा और विकसित राष्ट्र की पहचान होगी सिकल सेल बीमारी का पूर्ण अनुमूलन। आयुष्मान योजना के माध्यम से इस बीमारी को जड़ से खत्म करेंगे।

### क्या है सिकल सेल एनीमिया

नोडल अधिकारी डॉ. मनोज उरैती ने बताया कि यदि माता-पिता दोनों में सिकल सेल के जीन हैं तो बच्चों में इस बीमारी का होना स्वाभाविक है। इस बीमारी में रोगी की लाल रक्त कोशिका हंसिये के आकार में परिवर्तित हो जाती है। सिकल सेल एनीमिया के अगर लक्षण यह नजर आएं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। इन पीड़ितों में खून की कमी, हल्की पीलिया होने से बच्चे का शरीर पीला दिखाई देना, तिल्ली का बढ़ जाना, पेट एवं छाती में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों एवं जोड़ों में विकृतियां होना, पैरों में अल्सर घाव होना, हड्डियों और जोड़ों में सूजन के साथ अत्यधिक दर्द, मौसम बदलने पर बीमार पढ़ना, अधिक थकान होना यह लक्षण बताए गए हैं।

### सिकलसेल उन्मूलन के प्रयास

सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए 15 नवम्बर 2021 को राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन का शुभारंभ पीएम ने किया। मिशन में अलीराजपुर एवं झाबुआ जिलें में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुल 9 लाख 17 हजार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की गई। द्वितीय चरण में पीएम द्वारा एक जुलाई 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर 'सिकल सेल उन्मूलन मिशन'- 2047 का शुभांरभ शहडोल ज़िले से किया गया। ह्यराष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन' में देश के 17 राज्य शामिल हैं। मिशन में मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों के 89 विकासखंडों में लगभग 1 करोड़ 11 लाख नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जानी है।

### प्रत्येक जिला चिकित्सालय में जांच की व्यवस्था

सिकलसेल रोगियों की जांच एवं उपचार सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रत्येक जिला चिकित्सालय में एचपीएलसी मशीन द्वारा पुष्टीकरण जांच की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य जांच जैसे- सीबीसी, टोटल आयरन, सिरम फेरीटिन आदि जांचों की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। सिकलसेल एनीमिया की पुष्टिकरण जांच पीओसी किट द्वारा स्क्रीनिंग स्थल पर त्वरित जांच परिणाम प्राप्त कर सिकल रोगी का प्रबंधन किया जा रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है।

**वृषभ** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मिथुन** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**तुला** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**धनु** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे।

**मकर** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेंगे।

**कुम्भ** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

### मगही साहित्यकार डॉ भरत के निधन पर शोक की लहर

**नवादा।** नवादा जिले के हिसुआ थाने के पचाढ़ा ग्राम के निवासी तथा मगध विवि हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ भरत सिंह के बुधवार को निधन पर नवादा जिले में शोक है। कवियों तथा साहित्यकारों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उनकी मेधा की चर्चा करते हुए साहित्यकारों ने कहा कि मगही भाषा इतिहास को कंठ पर, मगही साहित्यकारों का नाम जुवान पर, मगही व्याकरण को मनोमस्तिष्क में और मगही प्रेम को दिल में संयोग कर रखने वाले मगध विवि के मगही विभागाध्यक्ष डॉ भरत सिंह के निधन की खबर वैश्विक स्तर के मगही भाषा भाषियों के लिए असहनीय पीड़ा है। प्रादेशिक भाषा मंडल का एक महत्वपूर्ण सितारा टूट कर गिर गया। यादों के कई खेप मस्तिष्क में उमड़ने घुमड़ने का सिलसिला जारी है। एक के बाद एक स्मृतियां दिमाग के नाजुक तंतुओं से टकराती है और बिना किसी संवाद के बैरंग लौट जाती है।

# देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को दहलाने की धमकी

एजेंसी

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को दहलाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ा दी है। मुंबई नगर निगम मुख्यालय सहित महानगर के प्रमुख स्थलों में बम विस्फोट करने की धमकी दी गई। पिछले दो दिनों से एक ही ई-मेल से यह धमकी दी जा रही है। इस संबंध में आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम दक्षिण मुंबई में स्थित मुंबई नगर निगम के मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल संदेश भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने मंगलवार देररात तक मुख्यालय का चप्पा-चप्पा छाना।

इसी तरह मंगलवार शाम पुणे के डेक्कन इलाके में भी बम विस्फोट करने की धमकी मिली। सोमवार को मुंबई के 60




*मुंबई नगर निगम मुख्यालय सहित प्रमुख स्थलों में बम विस्फोट करने की धमकी*

अस्पतालों में बम विस्फोट करने की धमकी मिली थी। पुलिस का कहना है कि सभी स्थानों पर गहन छानबीन के बाद कुछ नहीं मिला। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, सोमवार से लगातार दो दिनों तक एक ही ई-मेल आईपी एड्रेस से धमकीभरा संदेश भेजा गया। ई-मेल भेजने वाले की तलाश की जा रही है।

### राम मंदिर परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में चली गोली एसएसएफ जवान की मौत

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के जनपद अयोध्या में बुधवार की भोर के वक्त राम मंदिर परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली चली,जिसमें यूपी एसएसएफ के जवान की मौत हो गई। सूचना पाकर आईजी और एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि सभी बिन्दुओं पर पुलिस जांच कर रही हैं। अंबेडकरनगर के रहने वाले विशेष सुरक्षा बल(एसएसएफ) जवान शत्रुघ्न विश्वकर्मा (25) की ड्‌यूटी अयोध्या के राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में लगी थी। श्रद्धालुओं का कहना है कि बुधवार की सुबह पांच बजे के दरमियान गोली चलने की आवाज सुनाई दी। साथी सुरक्षाकर्मी दौड़कर पहुंचे तो देखा कि जवान शत्रुघ्न विश्वकर्मा घायल अवस्था में फर्श पर पड़ा है। आनन-फानन में अन्य सहकर्मियों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल के ट्रामा सेंटर में लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# चेतावनी / जल संकट को लेकर आतिशी ने पीएम को लिखी चिट्ठी, कहा मैं अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठूंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जल संकट को लेकर सियासी घमासान जारी है। पानी की किल्लत को लेकर आप और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तेज है। इसी बीच राजधानी में लगभग सभी इलाकों में पानी की किल्लत बढ़ गई है। इसे लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। इसके साथ ही आतिशी ने दिल्ली में पानी न मिलने की स्थिति में 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने की चेतावनी भी दे डाली। आतिशी ने पीएम मोदी को पानी किल्लत से अवगत करते हुए लिखा, "देश के कई हिस्सों में इस बार भीषण गर्मी है। दिल्ली भी उनमें से एक है, जहां बर्दाश्त करने की



क्षमता से भी कहीं ज्यादा गर्मी है। आपको मालूम ही होगा कि 29 मई को दिल्ली का तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस था, जो अभूतपूर्व था। कल का तापमान 47 डिग्री था। रात को 10 बजे भी तापमान 41 डिग्री था। दिल्ली में इतनी गर्मी पिछले 100 सालों में नहीं पड़ी। इतनी तपती हुई गर्मी में दिल्ली वालों की पानी की आवश्यकता बढ़ गई है। लेकिन जब दिल्ली वालों को ज्यादा मात्रा में पानी की जरूरत है, दिल्ली में पानी की कमी हो गई है। दिल्ली में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है।

उन्होंने आगे कहा, आखिर दिल्ली में पानी की कमी क्यों हो रही है? दिल्ली में कुल पानी की सप्लाई 1050 एमजीडी है, इसमें से हरियाणा से 613 एमजीडी पानी आता है। लेकिन पिछले 2 हफ्तों से हरियाणा से पानी आना बहुत कम हो गया है। 18 जून के आंकड़े देखें तो, मात्र 513 एमजीडी पानी हरियाणा द्वारा दिल्ली में भेजा गया। यानी दिल्ली को 100 एमजीडी पानी कम मिल रहा है। 1 एमजीडी पानी से एक दिन में तकरीबन 28,500 लोगों को पानी मिलता है।

### कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु में पानी के शुल्क में वृद्धि के दिए संकेत

**बेंगलुरू।** हाल ही में कर्नाटक में पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी के बाद अब कांग्रेस सरकार बेंगलुरू में पानी पर शुल्क बढ़ाने पर विचार कर रही है। पानी पर शुल्क बढ़ाने की ओर इशारा करते हुए उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि पिछले 10 सालों से पानी के शुल्क में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और इसकी समीक्षा के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अधिकारियों से इस मुद्दे की जांच करने को कहा है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, "बेंगलुरु में पानी पर 10 साल से शुल्क हीं बढ़ाया गया है और हमें बहुत नुकसान हो रहा है। हमने नई परियोजनाएं शुरू की हैं और कोई भी बैंक बेंगलुरू जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड को वित्तपोषित करने के लिए आगे नहीं आ रहा है।"

## ब्रीफ न्यूज

### चारधाम यात्रा : अब तक 24.60 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन




**देहरादून।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को शुरू हुए एक महीने से अधिक का समय हो गया है। अभी तक 24.60 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किए हैं। उत्तराखंड सरकार तीर्थ यात्रियों को हरसंभव सुविधा मुहैया कराने के प्रयास कर रही है। तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य पर भी विशेष फोकस रखा गया है। यात्रा मार्ग पर पेयजल की पर्याप्त सुविधा और यात्रियों के ठहरने और खाने-पीने को लेकर भी प्रबंध किए गए हैं। सभी धामों में तीर्थ यात्रियों को दर्शन करने में किसी भी तरह की कोई सुविधा नहीं हो रही है। मानसून सीजन के दौरान तीर्थ यात्रियों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने और सभी समस्याओं से निपटने के लिए भी आपदा प्रबंधन विभाग और पर्यटन विभाग ने आपस में समन्वय बनाकर सभी जिलों को एसओपी भेजा है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हुई है।

### उत्तरी सिक्किम में रेस्क्यू अभियान खत्म, तीन दिन में 1447 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले के विभिन्न स्थानों पर फंसे सभी पर्यटकों को तीन दिन के अथक प्रयासों के बाद 1447 पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। मंगन जिले के विभिन्न स्थानों पर फंसे पर्यटकों को निकालने के लिए बड़ा अभियान चलाया था। तीसरे दिन बुधवार को रेस्क्यू टीम ने चुंगथांग और मंगन के उत्तरी क्षेत्र से 158 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला गया। पर्यटकों को निकालने की प्रक्रिया मंगन जिले के जिलापाल हेम कुमार छेत्री की देखरेख में की गई। मंगन जिले के पुलिस अधीक्षक सोनाम डी. भोटिया, जिला प्रशासन के अधिकारी, वन विभाग, पर्यटन विभाग, मोटर वाहन प्रभाग, पुलिस विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, ग्रेफ, बीआरओ, ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ सिक्किम, स्थानीय पंचायतें और स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से सहयोगा किया। दरअसल, 12 जून की रात को मूसलाधार बारिश और भूस्खलन के बाद उत्तरी सिक्किम का राज्य के अन्य हिस्सों से संपर्क टूट गया था। इसके चलते उत्तरी सिक्किम के इलाकों में घूमने गए 1200 से ज्यादा पर्यटक फंस गए। इनमें बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल थे।

### कांग्रेस में चरम पर परिवारवाद, नेता महसूस कर रहे घुटन : सीएम सैनी



**करनाल।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी दलों के बीच शह-मात का खेल शुरू हो गया है। ऐसे में कई नेता अपनी पार्टी से नाराज चल रहे हैं और दूसरी पार्टियां उसका फायदा उठाने में जुटी हुई हैं। हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधू और भिवानी के तोशाम से विधायक किरण चौधरी और उनकी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी ने भाजपा का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीएम नायब सैनी ने भाजपा मुख्यालय में दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सीएम नायब सैनी ने किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़ने पर कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस में परिवारवाद चरम पर है। कांग्रेस में जो प्रतिष्ठित लोग हैं, उन्हें अब सम्मान नहीं मिल रहा है। उन्हें कांग्रेस में अब घुटन महसूस हो रही है। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा के लिए लगे हुए हैं। प्रतिष्ठित लोगों को कांग्रेस ने दरकिनार कर दिया है, कई बड़े नेता कांग्रेस से जाने वाले हैं। कांग्रेस में एक ही परिवार की चलती है। सभी बड़े नेताओं की बलि दी जा रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर हमला बोलते हुए सैनी ने कहा कि दस साल जब हुड्डा राज्य के सीएम थे, तब कांग्रेस ने नौकरी में खाली सीट को क्यों नहीं भरी, गरीब के बेटे को पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्य का मुख्य सेवक बना दिया तो विपक्षी पार्टियों के पेट में दर्द हो रहा है। इनका पेट खराब हो गया है। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। हुड्डा राज्यपाल के पास जाने की बात करते हैं। पहले अपने विधायक तो इक्कठा कर लें। विधानसभा चुनाव में गरीब लोग कांग्रेस का सूपड़ा साफ करेंगे।

### देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में लड़ेगी विस चुनाव : चंद्रशेखर बावनकुले



**मुंबई।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सहयोगी दलों के साथ मिलकर लड़ेंगे, लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री पद का निर्णय चुनाव बाद लिया जाएगा। साथ ही लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रदेश इकाई जुलाई महीने में धन्यवाद यात्रा आयोजित करेगी। चंद्रशेखर बावनकुले मंगलवार को दिल्ली में प्रदेश भाजपा नेताओं की बैठक में शामिल होने गए थे। बुधवार को दिल्ली से लौटने पर नागपुर में बावनकुले पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा हुई, लेकिन देवेन्द्र फड़णवीस को मंत्री पद से हटाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विधानमंडल के सभी सदस्यों और प्रदेश भाजपा ने देवेन्द्र फडणवीस से सरकार में बने रहने और संगठन की मदद करने का अनुरोध किया है। चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की अगली पांच साल की विकास योजनाओं को महाराष्ट्र में लाने के लिए काम करेगी। उसके लिए सरकार में देवेन्द्र फडणवीस की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिस विधानसभा क्षेत्र में महायुति के उम्मीदवार आधे प्रतिशत से भी कम वोटों से पीछे रहे, उसके कारणों पर केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में विधानसभाओं में हम और अधिक काम करके इस कमी को पूरा करने का काम करेंगे।

## आज के मैच

**इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज**
प्रातः 06.00 बजे से
**स्टेडियम:** केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम, ब्रिजटाउन

**भारत बनाम अफगानिस्तान**
शाम 08.00 बजे से
**स्टेडियम:** डैरेन सेमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम

## एक नजर

### विश्व कप से बाहर होने के बाद अपने देश लौटे श्रीलंकाई खिलाड़ी

**कोलंबो।** अमेरिका में आईसीसी टी20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर होने के बाद श्रीलंकाई टीम अपने देश लौट आई है। बुधवार सुबह दुबई से ईके-650 एमिरेट्स फ्लाइट के जरिए वानिंदु हसरंगा की टीम के पहुंचने पर भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर विशेष सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने कहा कि बीआईए में सामान्य आगमन मार्ग के बजाय, टीम के सदस्यों ने एक विशेष वीआईपी लाउंज का उपयोग किया, जिसकी कीमत प्रति व्यक्ति 50 अमेरिकी डॉलर थी। मीडिया से बात करते हुए, कप्तान हसरंगा ने कहा कि टीम का पहले दौर में ही बाहर होना निराशाजनक है। इस टूनामेंट में हमारा प्रदर्शन बेहद खराब रहा। हसरंगा ने कहा, हमें पता है कि हमारे साथ क्या हुआ।

### रोनाल्डो जैसे खिलाड़ी बाकी खिलाड़ियों से ऊंचे स्तर पर प्रदर्शन करना चाहते हैं : पैट्रिस

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल ने फ्रांसिस्को कॉन्सेसाओ के 92वें मिनट में किये गए गोल की बदौलत अपने यूईएफए यूरो 2024 अभियान की शुरूआत चेक गणराज्य पर 2-1 की रोमांचक जीत के साथ की। वहीं, अनुभवी पेपे ने इतिहास रच दिया, वे 41 वर्ष और 113 दिन की उम्र में यूईएफए यूरो टूनामेंट में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। पुर्तगाली टीम के शानदार प्रदर्शन के बीच, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर यूईएफए यूरो 2024 के लिए उल्लेखनीय विशेषज्ञ पैनलिस्टों में से एक, फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर पैट्रिस एवरा ने पुर्तगाली दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अच्छा खेल दिखाया और हर जगह हमले में दिखाई दिए।

# पेरिस ओलंपिक से पहले नीरज ने जीता गोल्ड



85.97
थ्रो कर पहला स्थान प्राप्त किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**
जैवलिन थ्रो स्टार नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने गोल्ड मेडल हासिल किया है। नीरज ने फिनलैंड में पावो नूरमी गेम्स 2024 में यह सफलता हासिल की है। हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने इस मौके पर उन्हें बधाई दी है। टोक्यो ओलंपिक में जैवलिन थ्रो के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने फिनलैंड में आयोजित पावो नूरमी गेम्स में जेवलिन में यह जीत हासिल की। उन्होंने 85.97 थ्रो कर पहला स्थान प्राप्त किया। नीरज ने इस जीत के साथ पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी फॉर्म को लेकर अच्छे संकेत दे दिए हैं। इस खास मौके पर सीएम नायब सैनी ने उन्हें बधाई दी है। सीएम ने कहा, नीरज चोपड़ा को बधाई, वो देश का सम्मान लगातार बढ़ा रहे हैं। उन्हें गोल्ड मेडल जीतने के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं। उनकी इस जीत से पूरा देश खुश है, वो आगे भी इसी तरह देश के लिए मेडल जीतते रहें। चोट के बाद वापसी कर रहे नीरज का इस इवेंट में बेस्ट थ्रो 85.97 मीटर का रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने यह दूरी हासिल की। पहले प्रयास में 83.62 का बेस्ट थ्रो नीरज ने ही मारा था।

### पेरिस ओलंपिक के बाद डॉक्टरों से परामर्श लेंगे चोपड़ा

**तुर्कु।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने अपने एडक्टर की समस्या के बारे में खुलासा किया है, जिसने उनके सत्र को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि वह इस समस्या से निपटने के लिए पेरिस ओलंपिक के बाद अलग-अलग डॉक्टरों से परामर्श करेंगे। चोपड़ा ने एक महीने के ब्रेक के बाद प्रतियोगिताओं में वापसी की और मंगलवार को यहां पावो नूरमी खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 85.97 मीटर की दूरी तय की, जो उनके तीसरे प्रयास में आया। टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक और फील्ड में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा ने पिछले महीने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से एहतियात के तौर पर नाम वापस ले लिया था, क्योंकि उन्हें अपने एडक्टर (जांघों के अंदरूनी हिस्से में स्थित मांसपेशियों का समूह) में कुछ तकलीफ महसूस हुई थी।

# जेएससीए में कंट्री क्रिकेट क्लब की स्विमिंग प्रतियोगिता संपन्न




**संवाददाता। रांची**
जेएससीए के कंट्री क्रिकेट क्लब में चल रहे स्विमिंग प्रतियोगिता 2024 का अयोजन किया गया। जिसमें 5 वर्ष से लेकर 55 वर्ष तक की तौराको ने भाग लिया, जिसमें महिला व पुरुष प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने एक दूसरे को जोरदार टक्कर दिया, जो काफी रोमांचक और प्रदर्शनियां रहा। जिसमें हर उम्र के प्रतियोगियों ने भाग लिया। विजेताओं में प्रतियोगिता का परिणाम में ग्रुप (5 - 9) बॉयज 15 मीटर में पहला स्थान इशांक सिंह, दुसरे स्थान पर रियांश भारद्वाज और तीसरे स्थान पर युग रहे। वहीं ग्रुप (5 - 9) गर्ल्स 15 मीटर में पहले स्थान पर राज शांभवी, दुसरे उपासना प्रसाद एवं तीसरे स्थान पर श्रीनिका श्री रहीं। ग्रुप (10 - 15) बॉयज 15 मीटर में 1. शिवम प्रमाणिक, 2. लक्ष्य तिवारी, 3. नीले मणि सिंह। ग्रुप (10 - 15) गर्ल्स 15 मीटर में 1. रचना, 2. अक्षरा गुप्ता, 3. पृषा जैन। ग्रुप (10 - 15) बॉयज 25 मीटर में 1. लक्ष्य तिवारी, 2. लाल प्रत्यूष सहदेव, 3. विराट सिंह। ग्रुप (10 -15) गर्ल्स 25 मीटर में 1. आराध्या सिंह, 2. रचना, 3. पृषा सिंह। ग्रुप (16 -25) पुरुष 25 मीटर में 1. कुशाग्रह चौधरी, 2. रत्नम दक्षिणामूति, 3. प्राणतप प्रकाश। ग्रुप (16 -25) महिला 25 मीटर में 1. त्रिशला, 2. मानवी कौशिक, 3. श्रेया। ग्रुप (26 - 35) पुरुष 25 मीटर में 1. ऋषभ जैन, 2. विंटर स्क्वाट, 3. अजीत कुमार। ग्रुप (36 - 45) पुरुष 25 मीटर 1. रवि शंकर सिंह, 2. देवेश प्रधान, 3. राहुल कपूर। ग्रुप (36 - 45) महिला 25 मीटर में 1. भूमिका, 2. विभा कुमार। ग्रुप (46 - 55) पुरुष 25 मीटर में 1. संजय जैन, 2. डॉ राजीव रंजन, 3. राम कुमार प्रसाद। ग्रुप (46 - 55) महिला 25 मीटर में 1. नीलम, 2. वीणा कुमारी, 3. नम्रता सिंह। ग्रुप (56 +) पुरुष 25 मीटर में 1. दीपक दत्ता, 2. लोक नारायण, 3. यूके मिश्रा। ग्रुप ओपन टू ऑल में 1. कुशाग्रह चौबे, 2. रत्नम दक्षिणामूर्ति, 3. ऋषभ जैन। ग्रुप अंडरवाटर में 1. ऋषभ जैन, 2. रत्नम दक्षिणामूर्ति, 3. शिवम प्रमाणिक रहे। विजेताओं को पुरस्कार अखिलेश झा के द्वारा प्रदान किया गया। पूरे प्रतियोगिता का संचालन विशाखा झा और राजीव रंजन के देखरेख में संपन्न हुआ।

# अफगानिस्तान से भारत को रहना होगा सावधान : पटवाल

**एजेंसी। मुंबई**
अफगानिस्तान के पूर्व बैटिंग कोच उमेश पटवाल ने भारत को चेतावनी दी है कि सुपर-8 मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना करते समय बिल्कुल सावधान रहे। भारत और अफगानिस्तान के बीच गुरुवार को बारबाडोस में ये मैच खेला जाएगा। अफगानिस्तान बड़े मंच पर व्हाइट-बॉल टूनामेंट में बड़ी टीमों को पछाड़ने का माद्दा रखता है। भारत पुरुषों के टी20 में अफगानिस्तान से आठ बार भिड़ चुका है और इस प्रारूप में हमेशा जीत भारत की हुई है।पिछली बार जब वे इस साल बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भिड़े थे, तो भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकबला 212-212 रन के ड्रॉ पर पहुंच गया। फिर, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को जीत के लिए दो सुपर ओवर खेलने पड़े।

उमेश पटवाल ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, भारत को वाकई सावधान रहना होगा। पिछले साल के वनडे विश्व कप में अफगानिस्तान ने इंग्लैंड और दूसरी बड़ी टीमों को हराकर दिखाया कि वे क्या कर सकते हैं। मुझे लगता है कि अब तक उसने जिस टीम को नहीं हराया है, वह भारत है। इसलिए उसके दिमाग में अगला लक्ष्य यही होगा।

इसलिए, इस बार भारत को अफगानिस्तान का सामना करने के लिए मजबूत रणनीति बनानी होगी।

### बारबाडोस के विकेट पर सूर्यकुमार ने कहा यह बेहतर है

**ब्रिजटाउन।** अफगानिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी 20 विश्व कप सुपर 8 मैच से पहले, भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि बारबाडोस का विकेट न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम की तुलना में बेहतर दिखता है। भारत ने ग्रुप ए में आयरलैंड, पाकिस्तान और यूएसए के खिलाफ तीन मैचों में तीन जीत के साथ अपना ग्रुप चरण समाप्त किया, जबकि कनाडा के खिलाफ उनका आखिरी मैच बारिश के कारण रद्द हो गया।

# अमेरिकी टीम को कमजोर टीम समझना बेवकूफी : एडेन मार्कराम



**एजेंसी। नॉर्थ साउंड**
टी20 विश्व कप 2024 का सफर अब सुपर 8 के दौर में पहुंच चुका है। इस चरण का पहला मैच द. अफ्रीका और अमेरिका के बीच होने वाला है। इस मैच से पहले अफ्रीकी कप्तान एडेन मार्कराम ने कहा कि अमेरिका को कमजोर टीम समझना सबसे बड़ी बेवकूफी हो सकती है।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्कराम का मानना है कि यूएसए ने साबित कर दिया है कि वे टी20 विश्व कप 2024 में अब छोटी टीम नहीं है और हम सुपर आठ के मुकाबले में उन्हें हल्के में नहीं लेंगे। अपने पहले पुरुष टी20 विश्व कप में, सह-मेजबान अमेरिका ने कनाडा और पाकिस्तान को हराकर शानदार प्रदर्शन किया है। साथ ही ग्रुप-ए में भारत के बाद दूसरे नंबर पर है। अब अमेरिका का सामना दक्षिण अफ्रीका की टीम से होगा, जिसने नीदरलैंड और नेपाल के खिलाफ जीत सहित ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया है। एडेन मार्कराम ने कहा, वे वास्तव में अच्छे रहे हैं। उन्होंने साबित कर दिया है कि वे अब छोटी टीम नहीं हैं। इसलिए, हमें 100 प्रतिशत अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा और उम्मीद है कि सब ठीक रहेगा, लेकिन मैं अमेरिका के खिलाफ एक चुनौतीपूर्ण मैच के लिए उत्साहित हूं। यह एक ऐसी टीम है जिसके खिलाफ हमने ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए हम इसके लिए और यहां एंटीगा में खेलने के लिए उत्सुक हैं।

इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के साथ इससे पहले कोई भी मुकाबला नहीं खेला है। हालांकि कागजों पर मजबूत दिखने वाली अफ्रीकी टीम को यह जरूर पता है कि वह अमेरिका को हल्के में नहीं ले सकती।

# एमएमए फाइटर संग्राम सिंह को याद आया फ्लैशबैक



**एजेंसी। नई दिल्ली**
संग्राम सिंह भारतीय पहलवान, एक्टर और एमएमए फाइटर भी हैं। संग्राम 38 साल की उम्र में एमएमए की दुनिया में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट हैं। पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूपी कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन ने आईएएनएस से एक खास बातचीत में अपनी यात्रा, अपने करियर और एमएमए फाइटर में इतनी देर से एंट्री के बारे में बात की। संग्राम सिंह ने आईएएनएस को बताया, मैं अभी शुरूआत कर रहा हूं। मेरा मानना है कि यूएफसी और एमएमए दोनों बहनें हैं। यूएफसी ने भी मुझसे संपर्क किया था, लेकिन मेरा मानना है कि मुझे एमएमए से शुरूआत करनी चाहिए। जब अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की बात आती है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां खेलते हैं, इसलिए निश्चित रूप से यूएफसी मेरी भविष्य की योजनाओं में भी है। कोई मुझसे मजाक कर रहा था कि मैं क्रिकेट भी आजमाऊं। जीवन बहुत छोटा है, इसलिए आपको हर मौके पर दूसरों को प्रेरित करने की कोशिश करनी चाहिए, और मेरा मानना है कि जीने का सबसे अच्छा तरीका निस्वार्थ जीवन जीना है। कई सालों की कड़ी मेहनत और 25 साल से ज्यादा के शानदार करियर के बाद एक मजबूत शरीर पाने के बावजूद, पूर्व कुश्ती चैंपियन ने खुलासा किया कि उनका जीवन आसान नहीं रहा है।

# टी20 विश्व कप की धूम के बीच गोल्फ खेलते नजर आए विव रिचर्ड्स



**एजेंसी। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)**
वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी सर विवियन रिचर्ड्स एंटीगा के सीडर वैली गोल्फ कोर्स में गोल्फ खेलते हुए दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने टी20 विश्व कप में सह-मेजबान वेस्टइंडीज की टूनामेंट में दावेदारी पर भी अपनी बात रखी। टी20 विश्व कप 2024 इस बार अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जा रहा है। टूनामेंट का ग्रुप चरण समाप्त हो गया है और टॉप-8 टीमें सुपर-8 चरण के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रही हैं। इस राउंड की शुरूआत बुधवार को अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले से होगी। वेस्टइंडीज ने ग्रुप सी में अपने सभी मैचों में जीत हासिल करते हुए सुपर 8 में अपनी जगह पक्की की। अब टी20 विश्व कप 2024 में सुपर 8 के ग्रुप 2 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच भिड़ंत देखने को मिलेगी। यह मुकाबला गुरुवार सुबह 6 बजे खेला जाएगा (भारतीय समयानुसार)।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### टाटा मोटर्स एक जुलाई से बढ़ाएगी वाहनों की कीमत

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमत दो फीसदी तक बढ़ाने का ऐलान किया है। कीमतों में बढ़ोत्तरी वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी, जो एक जुलाई से लागू होगी। टाटा मोटर्स ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि जिंस की कीमतों में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर वाणिज्यिक वाहनों के दाम में दो फीसदी की वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में ये बढ़ोत्तरी एक जुलाई से वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी, जो अलग-अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से भिन्न होगी। कंपनी ने उत्पादन लागत में बढ़ोत्तरी की वजह से एक अप्रैल, 2024 से कीमतों में दो फीसदी की बढ़ोत्तरी की थी।

### एयर इंडिया चुनिंदा घरेलू मार्गों पर शुरू करेगी प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया अगले महीने से चुनिंदा घरेलू मार्गों पर प्रीमियम इकनॉमी श्रेणी शुरू करने जा रही है। एयर इंडिया यह श्रेणी उपलब्ध कराने वाली दूसरी भारतीय एयरलाइन कंपनी होगी। फिलाहल सिर्फ विस्तारा ही घरेलू मार्गों पर प्रीमियम इकनॉमी यात्रा श्रेणी उपलब्ध कराती है। एयर इंडिया ने बुधवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि उसने अपने पहले दो रिफिटेड नए ए-320 नियो विमानों को तीन श्रेणियों में बांटा है। इनमें बिजनेस श्रेणी में आठ और प्रीमियम इकनॉमी में पैर रखने के लिए अतिरिक्त जगह के साथ 24 सीटें हैं।

# अमेजन पर 60 लाख डॉलर का जुर्माना




**एजेंसी। न्यूयॉर्क**
ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन पर अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने के लिए लगभग 60 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया है।

कैलिफोर्निया के इंडस्ट्रियल रिलेशंस डिपार्टमेंट ने एक बयान में कहा कि अमेजन ने कर्मचारियों को काम के कोटा के बारे में लिखित सूचना नहीं दी। वेयर हाउस कोटा कानून के तहत ऐसा करना अनिवार्य है।बयान के अनुसार, नियोक्ता ने तर्क दिया कि उन्हें कोटा प्रणाली की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वे सहकर्मी से सहकर्मी मूल्यांकन प्रणाली का उपयोग करते हैं। कानून के अनुसार वेयरहाउस नियोक्ताओं को कर्मचारियों को प्रति घंटे किए जाने वाले कार्यों की संख्या और कोटा पूरा न करने पर होने वाली किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानकारी देनी होती है।

श्रम आयुक्त लिलिया गार्सिया-ब्रोवर ने कहा, अमेजॅन इन दो गोदामों में जिस सहकर्मी से सहकर्मी प्रणाली का उपयोग कर रहा था, वह ठीक उसी तरह की प्रणाली है, जिसे रोकने के लिए वेयर हाउस कोटा कानून बनाया गया था। गार्सिया-ब्रोवर ने कहा, अघोषित कोटा कर्मचारियों पर तेजी से काम करने का दबाव बढ़ाता है और कर्मचारियों को ब्रेक छोड़ने के लिए मजबूर कर-के चोट लगने की दर और अन्य उल्लंघनों को बढ़ा सकता है। श्रम आयुक्त कार्यालय ने 22 सितंबर 2022 को अपना प्रारंभिक निरीक्षण शुरू किया। जांच में पाया गया कि 20 अक्टूबर 2023 से 9 मार्च 2024 तक मोरेनो वैली और रेडलैंड्स गोदामों में नियमों के 59,017 उल्लंघन हुए।

### अप्रैल-जून तिमाही में विकास दर 7.2% से ज्यादा रहने का अनुमान

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई है कि पिछले वित्त वर्ष की मजबूत विकास दर चालू वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025 की अप्रैल-जून तिमाही में भी मजबूत विकास दर जारी रहेगी। इसे अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद से बल मिलेगा। दास ने मंगलवार को एक मीडिया कार्यक्रम में कहा, हमें इस बात को लेकर काफी उम्मीद है कि हमने इस साल की पहली तिमाही के लिए जो अनुमान लगाया है - 7.2 प्रतिशत का, हम उससे आगे 7.3 प्रतिशत पर चले जाएंगे। दास ने यह भी कहा कि निजी खपत में सुधार हो रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कृषि क्षेत्र में मजबूत वृद्धि के कारण ग्रामीण मांग में सुधार हो रहा है।

# सरकारी क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन निजी और विदेशी बैंकों से बेहतर




**संवाददाता। मुंबई**
निजी बैंकों की अपेक्षा सरकारी बैंक अधिक दक्षता के साथ कार्य कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक स्टडी में ये खुलासा हुआ है। इस स्टडी में संसाधनों के उपयोग के आधार पर बैंकों की तुलना की गई, जिसमें सरकारी बैंकों को निजी की अपेक्षा बेहतर पाया गया। एसबीआई ग्रुप के मुख्य आर्थिक सलाहाकार, सौम्य कांती घोष ने कहा कि नतीजे आम धारणओं के बिल्कुल विपरीत हैं।

सरकारी क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन निजी और विदेशी बैंकों की अपेक्षा काफी अच्छा है। इसके अलावा यह स्टडी दिखाती है कि केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंकों में दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के सभी प्रयास सफल हुए हैं। स्टडी में बताया गया कि सरकारी बैंक, निजी बैंकों की अपेक्षा काफी दक्ष होते हैं। विलय और बिजनेस, ब्रांच और कर्मचारी के युक्तीकरण के कारण वित्त वर्ष 19-23 तक सरकारी बैंक, निजी बैंकों से पीछे रहे थे। सरकार की ओर से किए गए ढांचागत बदलावों के कारण सरकारी बैंकों का दक्षता स्तर 82.8 प्रतिशत रहा है। वहीं, सभी कमर्शियल बैंकों में यह 81.2 प्रतिशत है। निजी और विदेशी बैंकों में दक्षता का स्तर क्रमशः 79.6 प्रतिशत और 78.2 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय बैंकिंग सेक्टर ने पिछले 10 वर्षों में काफी लचीलापन दिखाया है और इस दौरान कई घरेलू और वैश्विक झटकों का सामना किया।

# पीएलआई स्कीम में बदलाव करेगा केंद्र

### एमएसएमई को मिलेगा ज्यादा फायदा



**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्र सरकार की ओर से प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम में बड़े बदलाव की तैयारी की जा रही है। इसके तहत नए सेक्टरों को इसमें जोड़ा जाएगा और एमएसएमई (माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज) के लिए फायदों को बढ़ाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएलआई स्कीम में सुधार के तहत सरकार फंड जुटाने के नियमों को आसान बना सकती है। इसमें नए सेक्टरों को जोड़ने के साथ अधिक श्रम वाले क्षेत्रों की एमएसएमई को ज्यादा लाभ दिए जा सकते हैं। सरकार का पूरा ध्यान मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने को लेकर है। पीएलआई में रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के लिए इंसेंटिव को जोड़ा जाएगा। रिपोर्ट्स में बताया गया कि सरकार की ओर से तिमाही आधार पर इंसेंटिव देने के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया गया है। पहले यह वार्षिक आधार पर ही फंड्स रिलीज किए जाते थे। टॉय, फर्नीचर और कपड़ा क्षेत्र को इस स्कीम के अंदर जल्द ही कवर किया जा सकता है। इन क्षेत्रों में अधिक नौकरियां पैदा होने की संभावना है। सरकार मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) को भी पीएलआई स्कीम के तहत ला सकती है। इसके अलावा कुछ कॉटन को कवर करने के लिए टेक्निकल टेक्सटाइल को भी इसमें शामिल किया जा सकता है।

### भारतीय होने का इससे अच्छा समय नहीं हो सकता : गौतम अदाणी

**मुंबई।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि भारतीय होने का इससे अच्छा समय नहीं हो सकता। अगले एक दशक में भारत अपनी जीडीपी में हर 12 से 18 महीने में एक ट्रिलियन डॉलर जोड़ेगा। इसकी मदद से 2050 तक भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। क्रिसिल रेटिंग्स के 'एनुअल इन्फ्रास्ट्रक्चर समिट' में गौतम अदाणी ने कहा कि भारत को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 58 वर्ष का समय लगा।

# ग्लोबल फंड्स ने भारतीय बॉन्ड में निवेश किए 83,000 करोड़ रुपये




**एजेंसी। नई दिल्ली**
विदेशी निवेशक भारतीय बॉन्ड्स में जमकर निवेश कर रहे हैं। ये निवेश ऐसे समय पर किया जा रहा है जब इस महीने के अंत में भारतीय बॉन्ड्स को ग्लोबल इंडेक्स में शामिल किया जाना है। पिछले वर्ष सितंबर से अब तक भारतीय बॉन्ड्स में 10 अरब डॉलर (करीब 83,360 करोड़ रुपये) से ज्यादा का निवेश आ चुका है। जेपी मॉर्गन की घोषणा के मुताबिक, भारतीय बॉन्ड्स को उभरते हुए बाजारों की बॉन्ड इंडेक्स में 28 जून से शामिल किया जाना है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, ग्लोबल फंड्स की ओर से 18 जून तक करीब 7,350 करोड़ रुपये (881 मिलियन डॉलर) का निवेश भारतीय बॉन्ड मार्केट में किया जा चुका है। ये आंकड़ा मई में 5,200 करोड़ रुपये पर था। हालांकि, अप्रैल में उनकी ओर से करीब 9,830 करोड़ रुपये की बिकवाली बॉन्ड मार्केट में की गई थी। भारतीय बॉन्ड मार्केट में आ रहा निवेश बॉन्ड यील्ड को कम रखने में ऐसे समय पर मदद कर रहा है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की गठबंधन सरकार केंद्र में बनी है। इस महीने के उच्चतम स्तर से 10 वर्ष की सरकारी बॉन्ड यील्ड में 8 आधार अंक की गिरावट हुई है और यह 6.98 प्रतिशत रही है।

## एक नजर

### छत से गिरकर युवती घायल, रिम्स रेफर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के अवधेश बिहारी सिंह की 15 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमार बुधवार की सुबह अपने घर की छत से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया। वहां पर डाक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार खुखबू तीन तल्ले छत पर कुछ काम से गई थी। वहां पैर फिसलने के कारण तीसरी मंजिल से अचानक नीची गिर गई। बगल में पेंट कर रहे मजदूर ने उसे पहले गिरते देखा। उसके सिर के अंदरूनी हिस्से में चोट लगने के साथ दाहिना पैर में मोच आ गई है।

### 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**हुसैनाबाद।** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में योग शिक्षक डॉ. दयानंद जी और राज योग शिक्षिका प्रियंका दीदी के द्वारा एकदिवसीय योग शिविर का आयोजन हुसैनाबाद अनुमंडलीय मैदान में किया जाएगा।जानकारी देते हुए ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीके धीरज ने क्षेत्र के सभी नगर वासियों से अनुरोध किया है की सुबह 5:00 बजे से अधिक संख्या में योग स्थल पर पहुंचकर स्वास्थ्य का लाभ उठाने की अपील की है।

### बिना बोरिंग और कनेक्शन किये पानी टंकी खड़ा कर दिया गया

**महुआडांड़।** महुआडांड़ केवरकी केनाटोली गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत तीन जलमीनार लगाया गया है। जिसमें बिना बोरिंग किए एक जलमीनार खड़ा किया गया है। बोर्ड लगाकर फाइनल कर दिया गया, इसे लेकर ग्रामीणों में भारी रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी लिखित शिकायत प्रखंड कार्यालय में करने के बाद भी आज महीनों गुजर गया। लेकिन कोई सुनवाई नही हुई।

### श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा ने विभिन्न मंदिरों में पूजन सामग्री बांटी

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय गोसाई बाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा विभिन्न मंदिरों में झाड़ू, अगरबत्ती, फूल बत्ती, कपूर, का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों ने श्री बंशीधर नगर के बस स्टैंड अवस्थित राधा कृष्ण मंदिर, श्री बंशीधर मंदिर, सूर्य मंदिर, शारदा मंदिर, महावीर मंदिर रक्सा, नृवादेश्वर मंदिर पालहे, भवनाथपुर मोड़ महावीर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जाकर झाड़ू अगरबत्ती, माचिस, कपूर, धूपबत्ती, का वितरण किया, सदस्यों ने बतलाया कि 19 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय पर कई कार्यक्रम समूह शाखा नगर उंटारी के द्वारा आयोजित किया जाता रहा है।

चैनपुर थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज

# पिस्टल का भय दिखाकर अपराधियों ने मोटरसाइकिल, मोबाइल और 15 सौ रुपये लूटा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के लोकेया नरसिंपुर पथरा निवासी हबीब अंसारी के 34 वर्षीय पुत्र हैदर अली का मोटरसाइकिल, 15 सौ व मोबाईल अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखा कर लूट कर फरार हो गए। घटना बुधवार की रात मंगरदाहा घाटी के पेट्रोल पंप के पास की है। इस संबंध में भुक्तभोगी चैनपुर थाना में अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में कहा कि बीती रात वह काम कर अपने घर वापस जा रहा था। इस बीच मंगरदाहा घाटी में पहले ही घात लगाए अपराधियों ने हाथ में डंडे के बल पर मोटरसाइकिल रोक दिया। मोटरसाइकिल रूकते ही एक ने पिस्टल व दूसरे ने चाकू निकाल कर जान से मारने की धमकी देते हुए पॉकेट रखे 15 सौ रूपए, मोबाइल, यामाहा कंपनी की काले रंग की मोटरसाइकिल लूट कर फरार हो गए। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि मोटरसाइकिल, मोबाइल, 15 सौ लूट का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस अपराधियों की धर पकड़ के लिए प्रयास कर रही है।

## बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खुरा कला गांव निवासी स्व. मल्लू चौधरी के पुत्र लालबाबू चौधरी को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ झिरझिरिया जंगल से गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत के तहत जेल भेज दिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि झिरझिरिया जंगल में एक युवक एक नाली बंदूक लेकर घूम रहा। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने तत्काल ही छापामारी दल का गठन कर झिरझिरिया जंगल पंहुची तब पुलिस देखते ही भागन लगा। पुलिस ने उसे दौड़कर पकड़ने में सफल रही। खुरा पिकेट प्रभारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि युवक किस मकसद से बंदूक लेकर घूम रहा इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है। उसे हथियार कहां से मिला इस बात का भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। छापामारी दल में नायक सूबेदार सुखदेव माली, हवलदार रघुवंश सिंह, सिपाही विकास कुमार पांडेय, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, करमालुयस चरमाको, जेवियर खलखो, आलोक कुमार शामिल थे।

## छात्रों ने आरपीएफ पोस्ट का किया घेराव



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज स्टेशन स्थित आरपीएफ पोस्ट का मंगलवार को छात्रों ने करीब तीन घंटे तक घेराव किया. उनका आरोप था कि आरपीएफ द्वारा छात्रों के साथ मारपीट की गयी है।बाद में वरीय अधिकारियों के समझाने पर छात्रों ने घेराव खत्म किया। इस संबंध में अरविंद कुमार ने बताया कि वह डाल्टनगंज मे एकेडमिक गुरु कोचिंग संस्थान मे रोजाना पढ़ने आता है और उसके भाई व कुछ छात्र रेहला से गोमो-चोपन पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए थे। सभी प्रतिदिन डालटनगंज में कोचिंग के लिए रेहला से आते थे। मंगलवार को जल्दबाजी में सभी टिकट नहीं ले पाये और ट्रेन में सवार हो गये। टिकट चेकिंग के दौरान टीटीइ ने सभी को पकड़ लिया. जिसके बाद उनसे फाइन भी वसूला गया. वहीं आरपीएफ ने सभी को आरपीएफ पोस्ट के अंदर लाकर कमरे में बंद कर पिटाई कर दी. इसके बाद उन छात्रों ने कोचिंग में पढ़ने आये सभी छात्रों को और छात्र नेता अभिषेक राज को फोन कर इसकी सूचना दी। जिससे के बाद सैकड़ों छात्र जमा हो गये व आरपीएफ पोस्ट का घेराव किया. छात्र आरपीएफ जवान को बाहर निकालने की मांग कर रहे थे. उनका आरोप था कि फाइन लेने के बाद भी उन्हें रसीद नहीं दी गयी थी. बाद में वरीय अधिकारियों के समझाने के बाद छात्र वापस लौटे. आरपीएफ पोस्ट पर तैनात एसआइ केएन उपाध्याय ने बताया कि छात्र थोड़ी देर के लिए आरपीएफ पोस्ट के पास जमा हुए थे। बाद में उन्हें समझा कर भेज दिया गया। छात्र नेता अभिषेक राज और कई छात्रों का कहना है कि रेलवे मे भ्रष्टाचार चरम पर है और बीएम पांडे की छवि अच्छे अधिकारी के रूप मे की जाती है मगर इस घटना के बाद उनकी छवि हमारे नजरों से गिर चुका है। छात्र के साथ इस तरह के व्यवहार को कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसकी सिकायत के लिए आज मै पत्राचार करूंगा ताकि भविष्य मे किसी भी छात्र के साथ इस तरह का दूर व्यवहार न हो।

## रेलव ने पकड़े 12500 अवैध यात्री ट्रेनों में टिकट जांच अभियान चलाया

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** ट्रेनों में रेल प्रशासन की ओर से लगातार चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के तहत मंगलवार की रात नौ बजे तक बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले 12500 यात्रियों की धर पकड़ कर करोड़ों रुपये राजस्व वसूलने का ऐतिहासिक कार्य किया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने इस संबध में विज्ञप्ति जारी कर खुलासा किया है कि इन दिनों पूर्व मध्य रेलवे के पांच रेल मंडलों के मुख्य स्टेशनों पर पैसेंजर व कई एक्सप्रेस ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अवैध रुप से वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध भी कार्रवाई किये जाने से उनके मंसूबे पर पानी फीर गया है। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय व धनबाद रेल मंडल में भी एक साथ विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रेलवे अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, रेलकर्मियों, टीटीई के साथ भारी मात्रा में रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों को तैनात किया गया। इस अभियान में कई मेल एक्सप्रेस ट्रेनों यथा पटना-रांची जनशताब्दी,



हावड़ा-मुंबई मेल, पुरूषोत्तम एक्सप्रेस, जबलपुर हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, धनबाद एल्लेपी एक्सप्रेस, गया-हावड़ा एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों के वातानुकूलित कोचों की भी विशेष जांच की गई। इसमें कुल 450 बेटिकट / अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया। जिनसे जुमार्ने के रुप में 3. 15 लाख रुपये वसूले गये। इसके साथ ही सभी पैसेंजर / मेमू ट्रेनों में भी विशेष टिकट जांच अभियान में कुल 12500 बेटिकट / अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है। जिनसे जुमार्ने के रुप में 95. 55 लाख की वसूली गई है। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट या बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धर पकड़ के लिये रेल प्रशासन की ओर से निरंतर टिकट जांच की जा रही है। उन्होंने कहा है कि भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगी। उन्होंने पूर्व मध्य रेल यात्रियों से हमेशा उचित यात्रा टिकट लेकर ही करने की अपील भी की है।

किसान क्रेडिट कार्ड लक्ष्य के अनुरूप दें बैंकर्स

# आपस में समन्वय बनाकर काम करें

### विभिन्न विकास कार्यों के लिये उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार करने का निर्देश दिया



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने मुद्रा ऋण योजना, पीएमईजीपी, केसीसी, स्वयं सहायता समूह, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई, पीएमजेडीवाई, ऋण प्रवाह सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान एलडीएम ने बताया कि पूरे पलामू जिले में मार्च तिमाही में केसीसी लोन 45232 लोगों के बीच 49892 लाख रुपया,पीएमईजीपी के तहत 118 लोगों के बीच 258.95 लाख रु सहित कई अन्य योजनाओं के तहत लोन दिया गया है। उन्होंने केसीसी के समीक्षा के क्रम में कृषि क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ बढ़ाने को कहा। गाय-बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ मत्स्य पालकों को केसीसी से लाभान्वित करने की बात कही। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों के लिये उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंकों से सीडी रेश्यो पर विशेष रूप से कार्य करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों को सक्रिय होकर आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त के एएसपी राकेश कुमार, डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, एलडीएम, सांसद, विधायक प्रतिनिधि समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### जांच रिपोर्ट में खाद्यान्न कटौती की हुई पुष्टि

**डंडाई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडाई गांव के जन वितरण दुकानदार पारसनाथ प्रसाद के खिलाफ लाभुकों की ओर से की गई शिकायत मामले की जांच रिपोर्ट बुधवार को एम ओ कार्यालय पहुंच गया। सीआई राजेंद्र यादव ने अंचल प्रधान लिपिक नुमान अंसारी के हाथों में उक्त रिपोर्ट सौंपा। उनके रिपोर्ट में खाद्यान्न कटौती मामले की जहां पुष्टि हुई वहीं लाभुकों की शिकायत भी शत प्रतिशत सही रहा ।सी आई ने बताया कि मामले के जांच की जिम्मेवारी अंचलाधिकारी के द्वारा मुझे दी गई थी। उसी के आलोक में संबंधित डीलर के दर्जनों से भी अधिक लाभुकों से पूछताछ कर मैं उनके बयान को कलमबद्ध कर लिया। साथ ही बुधवार के दिन प्रधान लिपिक नुमान अंसारी के हाथों में वह रिपोर्ट सौंप दिया।

समीक्षा

उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा की

# पंड़वा, सदर एमओ का वेतन रोका, छतरपुर,नावा बाजार से स्पष्टीकरण

नवीन मेल संवाददात

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को झारनेट के सभागार में खाद्य आपूर्ति,जन वितरण प्रणाली दुकान,धोती-साड़ी योजना समेत खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने प्रत्येक कार्डधारी लाभुकों को उचित दरों पर उचित मात्रा में समय खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करवाने पर बल दिया। उन्होंने जून, जुलाई माह एनएफएसए डोर स्टेप डिलीवरी के तहत विक्रेताओं को खाद्यान्न निर्गमन की समीक्षा की। 10 दिनों के अंदर सभी सहायक गोदाम प्रबंधक को जुलाई तक का खाद्यान्न शत-प्रतिशत डोर स्टेप करने का निर्देश दिया गया। जून, जुलाई माह का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न वितरण की समीक्षा के दौरान पाया कि जुलाई का छतरपुर, मोहम्मदगंज, नावा बाजार, नवडीहा बाजार, पड़वा, पिपरा से एक-एक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से बारी-बारी वितरण असंतोषप्रद रहने के कारण पूछा गया। वितरण कार्य प्रगति में लाने का निर्देश दिया गया। अप्रैल का चना दाल, अगस्त 2023 का ग्रीन राशन कार्ड, सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत वस्त्रों के वितरण के संबंध में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।



### पीवीटीजी डाकिया योजना की समीक्षा

जून का पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत पीवीटीजी लाभुक परिवारों को खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गयी। 25 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से वितरण कार्य पूर्ण करने तथा ऑनलाइन आहार पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने डीएसओ प्रीति किस्कू को वितरण कार्य में अनियमितता बरतने वाले जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लाभुकों के तरफ से प्राप्त होने वाले शिकायतों की भी जांच करने को लेकर सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।

### शत प्रतिशत आधार सीडिंग करने के निर्देश

उपायुक्त ने कार्डधारियों का आधार सिडिंग, मोबाइल सिडिंग कार्यों की समीक्षा की। शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। हरा राशन कार्ड अंतर्गत माह अगस्त 2023 अंतर्गत अबतक वितरण कार्य असंतोष रहने के कारण,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, छतरपुर,मेदिनीनगर सदर, पंड़वा, नावा बाजार को स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में अनुपस्थित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, पंड़वा, सदर मेदिनीनगर को अगले आदेश तक वेतन रोकने करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित थे।

**हरा राशन कार्ड अंतर्गत माह अगस्त 2023 अंतर्गत अबतक वितरण कार्य असंतोष रहने के कारण, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, छतरपुर,मेदिनीनगर सदर, पंड़वा, नावा बाजार को स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया।**

## पेज एक का शेष

### नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है : नरेंद्र मोदी

और मुझे ये देख कर खुशी है कि दुनिया के कई देशों से आज यहां विद्यार्थी आने लगे हैं। नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है।

उन्होंने कहा, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। आज भारत में योग की सैकड़ों विधाएं मौजूद हैं। हमारे ऋषियों ने कितना गहन शोध इसके लिए किया होगा, लेकिन किसी ने योग पर एकाधिकार नहीं बनाया। आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है, योग दिवस एक वैश्विक उत्सव बन गया है।

**1600 वर्ष पुराने नालंदा विवि को यूपीए राज में पुनर्जीवित करना शुरू किया गया :** इसने अपना पहला शैक्षणिक सत्र 1 सितंबर 2014 को स्कूल ऑफ हिस्टोरिकल स्टडीज और स्कूल ऑफ इकोलॉजी एंड एनवायरनमेंटल स्टडीज में 15 छात्रों के साथ शुरू किया। राजगीर में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित एक होटल ने प्रारंभिक छात्रावास आवास प्रदान किया। प्रारंभ में राजगीर में अस्थायी सुविधाओं के साथ स्थापित, 160 हेक्टेयर (400 एकड़) में फैले एक आधुनिक परिसर का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक 2021 तक पूरा हो चुका है। विश्वविद्यालय ने जनवरी 2020 से अपने 455 एकड़ के नए परिसर से काम करना शुरू कर दिया है। विश्वविद्यालय के आसपास के कम से कम 200 गांवों को पुराने नालंदा की याद ताजा करते हुए विश्वविद्यालय से जोड़ा जाएगा। उसी विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन 19 जून को हुआ है। तुर्क आक्रमणकारी बख्तियार खिलजी ने 1193 में हमला के दौरान नालंदा विश्वविद्यालय को जला दिया था। पुस्तकालय में 90 लाख से ज्यादा किताबें थीं। इस विश्वविद्यालय की स्थापना 450 ई. में गुप्त राजवंश के कुमार गुप्त प्रथम ने की थी। उनके बाद हर्षवर्धन व पाल शासकों ने भी इसे संरक्षण दिया। इस विश्वविद्यालय में 300 कमरे, 7 बड़े कक्ष और अध्ययन के लिए 9 मंजिला एक विशाल पुस्तकालय था। तो इस तरह अब 1600 वर्ष पुराने इस नालंदा विश्वविद्यालय को कई देश मिलकर नए सिरे से मूर्त रूप देने की कोशिश कर रहे हैं।

नवीन परिसर का बुधवार को उद्घाटन किया गया। नए कैंपस के उद्घाटन के साथ ही इस प्राचीन विश्वविद्यालय के इतिहास की चर्चा हो रही है। दुनिया के पहले आवासीय नालंदा विश्वविद्यालय का प्राचीन इतिहास है। इस विश्वविद्यालय में कई महान लोगों ने पढ़ाई की थी। 'ना', 'आलम' और 'दा' शब्दों से मिलकर नालंदा बना है, जिसका मतलब ऐसा उपहार, जिसकी कोई सीमा नहीं है। इसका इतिहास, शिक्षा के प्रति भारतीय दृष्टिकोण और इसकी समृद्धि को दिखाता है। विश्वविद्यालय का महत्व भारत समेत पूरी दुनिया के लिए अनमोल धरोहर है। नालंदा विश्वविद्यालय में किसी समय 10 हजार से ज्यादा छात्र पढ़ते थे। इन छात्रों को पढ़ाने के लिए 1500 से ज्यादा शिक्षक थे। छात्रों का चयन उनकी मेधा पर किया जाता था। सबसे खास बात यह है कि यहां पर शिक्षा, रहना और खाना सभी निःशुल्क था। इसमें भारत ही नहीं, बल्कि कोरिया, जापान, चीन, तिब्बत, इंडोनेशिया, ईरान, ग्रीस, मंगोलिया जैसे देशों के भी छात्र भी पढ़ने के लिए आते थे। चीनी भिक्षु ह्वेनसांग ने नालंदा में शिक्षा ग्रहण की थी। विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए ज्यादातर एशियाई देशों चीन, कोरिया और जापान से आने वाले बौद्ध भिक्षु होते थे। इतिहासकारों के मुताबिक, सातवीं सदी में चीनी भिक्षु ह्वेनसांग ने भी यहां से शिक्षा ग्रहण की थी। ह्वेनसांग ने अपनी किताबों में नालंदा विश्वविद्यालय की भव्यता के बारे में लिखा है। बौद्ध के दो सबसे अहम केंद्रों में से यह एक था। यह प्राचीन भारत के ज्ञान और बुद्धिमत्ता के प्रसार के योगदान को दशार्ता है।

**ज्ञान को भंडार कहा जाता है :** दुनिया में नालंदा विश्वविद्यालय को ज्ञान का भंडार कहा जाता रहा है। इस विश्वविद्यालय में धार्मिक ग्रंथ, लिटरेचर, थियोलॉजी, लॉजिक, मेडिसिन, फिलॉसफी, एस्ट्रोनॉमी जैसे कई विषयों की पढ़ाई होती थी। उस समय जिन विषयों की पढ़ाई यहां पर होती थी, वह कहीं भी नहीं पढ़ाए जाते थे। 700 साल तक यह विश्वविद्यालय दुनिया के लिए ज्ञान का मार्ग था।

### राज्य में होगा जातिगत सर्वेक्षण

**रिटायर्ड कर्मचारियों को प्रमोशन देने का निर्णय :** झारखंड राज्य में 24 दिसंबर 2020 से 10 अप्रैल 2023 तक जो प्रमोशन पर रोक लगाया गया था और इसके बाद 10 अप्रैल 2023 को हटाया गया था। इस दौरान सेवा निवृत्त हुए अधिकारियों को उनके रिटायरमेंट की तिथि से प्रमोशन देने का संकल्प जारी था। अब कैबिनेट में इसमें उस अवधि में रिटायर्ड कर्मचारियों को भी प्रमोशन देने का निर्णय लिया है।

**वायुयान नियमावली में संशोधन :** गृह विभाग से जुड़े अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी के लिए वायुयान नियमावली में संशोधन किया गया है। इसके साथ अब प्राकृतिक आपदा, नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई या निगरानी से जुड़े मामलों में अगर वायुयान की सुविधा लेनी पड़ी तो विभाग के प्रधान सचिव के अनुमति से यह सुविधा प्राप्त की जा सकेगी।

**ऐसे मिलेगा विधायकों को वेतन, भत्ता और सुविधा :** वेतन 60,000 प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 80,000, सत्कार भत्ता 40,000, दैनिक भत्ता राज्य के अंदर 3000, राज्य के बाहर 4000 प्रति दिन, एक लाख रुपये लगभग प्रतिमाह। विधायकों के निजी सहायक को 50,000 पर प्रतिमाह, अनु सेवक को 30,000 प्रतिमाह, कंप्यूटर लैपटॉप प्रिंटर का प्रावधान एक लाख रुपये, सवारी भत्ता 5000 प्रतिमाह, समाचार पत्र 3000 रुपये प्रतिमाह, होम लोन की सुविधा 60 लाख रुपया चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर। पेंशन 50,000 प्रतिमाह, पेंशन में वार्षिक वृद्धि 5000 प्रतिमाह, अधिकतम दो लाख तक निजी, परिसहाय पूर्व सदस्यों को एक निजी परिसहाय हेतु 15000 प्रतिमाह देय होगा।

### गैंगेस्टर अमन साहू के खिलाफ एनआईए की छापेमारी में वाहन, डीवीआर और दस्तावेज जब्त

एनआईए को जानकारी मिली है कि अमन साहू ने लेवी रंगदारी से अपने और अपने रिश्तेदारों के नाम पर बड़ी संपत्ति अर्जित की है। पलामू जेल में बंद अमन साहू जेल से ही गैंग को ऑपरेट करता है। साथ ही, व्यापारियों को धमकी देता और दिलवाता है। इस जानकारी के आधार पर एनआईए की टीमों ने एक साथ अमन के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। साथ ही, सभी लोगों के मोबाइल को कब्जे में लेकर तलाशी शुरू की।

लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में गोलीबारी मामले में टेरर फंडिंग की जांच कर रही एनआईए ने इससे पहले नौ फरवरी को बिहार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। यह छापेमारी भागलपुर, पूर्णिया और मधेपुरा के एक-एक ठिकानों पर हुई थी। इस छापेमारी में कुख्यात अमन साहू का गुर्गा शंकर यादव भागलपुर से गिरफ्तार किया गया था। उसके ठिकाने से एनआईए ने 1.30 करोड़ रुपये भी बरामद किया था, जो अमन साहू के लेवी-रंगदारी से वसूले गये रुपये बताए जा रहे हैं।

ज्ञात हो कि मतवे आपराधिक गिरोह चलाने वाले अमन साहू का पैतृक गांव है। अमन साहू वर्तमान में पलामू जेल में बंद है। अमन साहू गिरोह के कनेक्शन गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई गिरोह से भी जुड़े हैं। अमन साहू के गुर्गे झारखंड के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में भी सक्रिय हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## ब्रिफ न्यूज

### राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान का दौरा करेंगी राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले संस्थान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। इसके बाद संस्थान परिसर में पौधारोपण करेंगी और पी-एंड-ओ कार्यशाला का निरीक्षण करेंगी। राष्ट्रपति क्रॉस डिसेबिलिटी शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (सीडीईआईसी) का भी दौरा करेंगी और यहां इलाज करा रहे बच्चों से मिलेंगी और उनके स्वास्थ्य की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगी। राष्ट्रपति दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चे अपनी प्रतिभा और उपलब्धियों का प्रदर्शन करेंगे।

### जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के रफीयाबाद इलाके के हादीपोरा गांव में आज सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। अभी मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस और सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि इलाके में आतंकवादी छिपे हुए हैं। इसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया था। अधिकारियों ने कहा, जब सुरक्षाबलों की टीम छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंची तो उन्होंने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। परिणाम स्वरूप वहां मुठभेड़ शुरू हो गई जिसमें दो आतंकवादी मारे गये हैं। अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ अब भी जारी है।हाल के दिनों में पूरे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ की घटनाएं बढ़ गई हैं।

### लोकसभा में भाजपा अपने सांसद को ही अध्यक्ष बनायेगी

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा का अध्यक्ष भाजपा अपने सांसद को बनवाएगी। अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवार को उपाध्यक्ष बना सकती है। इंडिया गठबंधन वाले दल उपाध्यक्ष पद मांग रहे हैं, लेकिन भाजपा इसके लिए राजी नहीं हो रही है। क्योंकि उसको हर जगह टोटल अपना कंट्रोल चाहिए। अध्यक्ष पद पर भी वह उसी व्यक्ति ओम बिरला को फिर बैठाना चाहती है,जो बीते पाँच साल स्पीकर रहे हैं। उन पर विपक्षी दल वाले सत्ता पक्ष की हर तरह से तरफदारी करने का आरोप लगाते रहे हैं। वैसे तो भाजपा के सहयोगी दल टीडीपी व जदयू पहले से ही कह दिये थे कि भाजपा जिसको चाहे लोकसभा अध्यक्ष बना दे। लेकिन आपसी सहमति की खानापूर्ति करने की ज़िम्मेदारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दी गई है। अब देखना है कि पिछली बार की तरह इस बार भी भाजपा लोकसभा में उपाध्यक्ष किसी को बनाती है या टोटल कंट्रोल रखने के लिए अध्यक्ष से ही काम चला लेगी। जैसे बीते लोकसभा के पांच साल के दौरान हुआ। यदि सहयोगी दलों में से किसी के सांसद को उपाध्यक्ष बनाने के लिए हामी भरती है तो यह भाजपा सत्ता सर्वोच्च द्वारा कृपा किया जाना ही होगा। यदि उपाध्यक्ष बनाया गया तो वह डीटीपी का होगा। क्योंकि एनडीए में भाजपा के बाद उसी के सांसद ज्यादा हैं।

### बिहार के सीएम ने कहा, दुनिया के कई जगहों से विद्यार्थी यहां पढ़ने आते थे

# ज्ञान के केंद्र के रूप में रही है नालंदा विश्वविद्यालय की पहचान : नीतीश

*तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने इसे स्थापित करने की बात कही थी*



एजेंसी

**नालंदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का बुधवार को उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय की पहचान ज्ञान के केंद्र के रूप में रही है। पुराने विश्वविद्यालय में करीब 10 हजार छात्र पढ़ते थे, जबकि दो हजार शिक्षक बच्चों को पढ़ाते थे। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं, दुनिया की अनेक जगहों के लोग यहां आकर पढ़ाई करते थे, लेकिन दुर्भाग्यवश यह विश्वविद्यालय नष्ट हो गया था।

नीतीश ने कहा कि साल 2005 से हम लोगों को काम करने का मौका मिला और तब से हमने बिहार के विकास का काम शुरू किया। वर्ष 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम बिहार आए थे। विधानमंडल में संबोधन के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की बात कही थी, जिसके बाद सरकार ने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की पहल शुरू की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से हमने अनुरोध किया था लेकिन उस वक्त केंद्र में जो सरकार थी, वह जल्दी कुछ सुन नहीं रही थी। इसके बाद राज्य सरकार ने इसको लेकर नया कानून बनाया। राज्य सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय के लिए 455 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। वर्ष 2008 में जब काम शुरू हुआ, तो कलाम साहब उसे देखने के लिए फिर से आए थे।

नीतीश ने कहा कि 2010 में हमारे अनुरोध पर नालंदा विश्वविद्यालय के लिए लोकसभा में बिल पारित किया गया। इसके बाद बिहार सरकार ने भूमि समेत अन्य चीजों को केंद्र सरकार को सौंप दिया था। फिर विश्वविद्याल का काम धीरे-धीरे होता रहा और साल 2014 से पढ़ाई शुरू हो गई। केंद्र में 2014 में एनडीए की सरकार बनी, तो काम में और तेजी आई। वर्ष 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने विश्वविद्यालय के भवनों का शिलान्यास किया था। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि नालंदा अपनी सांस्कृतिक और शैक्षिक धरोहर है। अनेक वर्षों से इसपर ध्यान देने की आवश्यकता थी। इसको फिर एक बार उभार कर लाने की आवश्यकता थी। इसके प्रयास हमारे द्वारा किया जा रहा है।

#### नालंदा विश्वविद्यालय की खास बातें

- नया परिसर नालंदा के प्राचीन खंडहरों के पास है, जो नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम 2010 द्वारा स्थापित एक विश्वविद्यालय है। अधिनियम ने 2007 में फिलीपींस में आयोजित दूसरे पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में किए गए विश्वविद्यालय की स्थापना के निर्णय को लागू किया।
- पांचवीं शताब्दी में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने वाला एक प्रसिद्ध शिक्षण केंद्र था। 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों द्वारा इसे नष्ट करने से पहले यह 800 वर्षों तक फलता-फूलता रहा।
- समकालीन विवि ने 2014 में 14 छात्रों के प्रारंभिक समूह के साथ एक अस्थायी स्थल पर अपना संचालन शुरू किया और 2017 में निर्माण कार्य शुरू हुआ।
- भारत के अलावा कुल 17 देशों ने नालंदा विश्वविद्यालय को समर्थन देने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन देशों में ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, लाओस, मॉरीशस, श्रीलंका, थाईलैंड, चीन, म्यांमार और वियतनाम शामिल हैं।
- विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय छात्रों को 137 छात्रवृत्तियां प्रदान करता है। इसमें छह स्कूल शामिल हैं- बौद्ध अध्ययन स्कूल, दर्शन और तुलनात्मक धर्म, ऐतिहासिक अध्ययन, पारिस्थितिकी और पर्यावरण अध्ययन और सतत विकास और प्रबंधन।
- शैक्षणिक वर्ष 2022-24, 2023-25 के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रमों और 2023-27 के लिए पीएचडी कार्यक्रम में नामांकित अंतरराष्ट्रीय छात्र अर्जेंटीना, बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, घाना, इंडोनेशिया, केन्या, लाओस, लाइबेरिया, म्यांमार, मोजाम्बिक, नेपाल, नाइजीरिया, कांगो गणराज्य, दक्षिण सूडान, श्रीलंका, सर्बिया, सिएरा लियोन, थाईलैंड, तुर्की, युगांडा, यूएसए, वियतनाम और जिम्बाब्वे सहित विभिन्न देशों से आते हैं।
- परिसर में 40 कक्षाओं वाले दो शैक्षणिक ब्लॉक हैं, जिनकी संयुक्त बैठने की क्षमता लगभग 1,900 है। परिसर में दो सभागार भी हैं, जिनमें से प्रत्येक में 300 सीटें हैं। छात्रावास में 550 छात्र रह सकते हैं।
- परिसर में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र, 2,000 लोगों की क्षमता वाला एक एम्फीथिएटर, एक फैकल्टी क्लब और एक खेल परिसर शामिल हैं।
- परिसर एक 'नेट जीरो' ग्रीन कैंपस है, जिसे सौर ऊर्जा प्रतिष्ठानों, घरेलू और पेयजल उपचार सुविधाओं, अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए एक जल पुनर्चक्रण संयंत्र, 100 एकड़ जल निकायों और कई अन्य पर्यावरण के अनुकूल सुविधाओं के साथ आत्मनिर्भर होने के लिए डिजाइन किया गया है।

### पीएम कल जाएंगे जम्मू-कश्मीर, 21 को योग दिवस समारोह में होंगे शामिल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए 20 और 21 जून को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर में 1,500 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 84 प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार 21 जून को सुबह करीब 6.30 बजे प्रधानमंत्री श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर सभा को संबोधित करेंगे और उसके बाद सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) योग सत्र में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री 20 जून को शाम करीब 6 बजे श्रीनगर के एसकेआईसीसी में ह्यएम्पावरिंग यूथ, ट्रांसफॉर्मिंग जेएंडकेह्न कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 1800 करोड़ रुपये की प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना (जेकेसीआईपी) भी लॉन्च करेंगे।

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित दिल्ली के केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। ड्यूटी जज न्याय बिंदु ने यह आदेश दिया। कोर्ट में अभी केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई चल रही है। केजरीवाल की बुधवार न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया।



राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री ने मुलाकात की।




नई दिल्ली में हरियाणा की पूर्व कांग्रेस नेता किरण चौधरी अपनी बेटी श्रुति चौधरी के साथ भाजपा में शामिल हुई।

### विदेश मंत्री डा.जयशंकर कल जाएंगे श्रीलंका

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर कल एक दिन की आधिकारिक श्रीलंका यात्रा पर जाएंगे। पीएम मोदी की तीसरी बार सरकार बनने के बाद यह उनकी पहली समुद्री पड़ोसी देश की यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान वे श्रीलंका सरकार के शीर्ष नेतृत्व के साथ आपसी साझेदारी से जुड़े विभिन्न मसलों पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा कनेक्टिविटी परियोजनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में अन्य पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को गति प्रदान करेगी। मंत्रालय के अनुसार भारत की पड़ोसी प्रथम नीति की पुष्टि करते हुए यात्रा श्रीलंका के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के युवा एवं छात्र विंग ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने उन्हें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलने से रोक दिया और विरोध करने पर लाठीचार्ज किया। विंग ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग की, ताकि सभी बच्चों को बराबर मौका मिल सके। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने कहा कि यह देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। आम आदमी पार्टी छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनको न्याय दिलाने के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेगी। नीट परीक्षा में हुई धांधली का असर लाखों छात्रों पर हुआ है। इससे युवाओं और देश के भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा।



### कनाडा की संसद ने खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर के 'सम्मान' में रखा मौन



**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की मौत की पहली वर्षगांठ पर कनाडाई संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स में एक मिनट का मौन रखा गया। पिछले साल 18 जून को निज्जर की कनाडा के सरे में एक पार्किंग स्थल के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भारत ने निज्जर को गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत 'नामित आतंकवादियों' की सूची में डाल रखा था।

### राहुल गांधी ने जन्मदिन पर कांग्रेस दफ्तर में काटा केक, खड़गे, कई नेताओं ने दी बधाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में अपना 54वां जन्मदिन मनाया। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कांग्रेस दफ्तर में राहुल गांधी ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, अजय माकन समेत कई नेताओं की मौजूदगी में अपना बर्थडे केक काटा। राहुल गांधी ने केक काट कर सबसे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को खिलाया। इसके बाद प्रियंका गांधी ने भाई राहुल को केक खिलाया। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है। इससे पहले राहुल गांधी के कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और नेताओं ने फूलों से स्वागत किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, "मेरे प्यारे भाई को जन्मदिन की शुभकामनाएं, जिसका जीवन, ब्रह्मांड और हर चीज पर अनूठा दृष्टिकोण पथ को रोशन करता है।



**जानलेवा गर्मी** | ज्यादातर मजदूर या फुटपाथ पर रहने वाले अस्पतालों में प्रतिदिन बेहोशी, उल्टी व चक्कर आने के मरीज बढ़ रहे हैं

# प्रचंड जानलेवा गर्मी से दिल्ली में 24 घंटे में 33 मौत, नोएडा में 15

*बुधवार की रात 12 साल की सबसे गर्म रात रही*

– आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** उत्तर व पश्चिम भारत में इतनी ज्यादा गर्मी पड़ रही है कि मरीजों, धूप में मजदूरी करने वालों , फुटपाथ पर रहने वालों की जान पर बन आई है। बुजुर्गों , बच्चों व हृदय, मधुमेह आदि रोगियों के लिए भी गर्मी घातक हो रही है।भीषण गर्मी व लू लगने से हर जगह से लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं। दिल्ली में बुधवार को 12 साल की सबसे गर्म रात रही, न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के सामान्य से आठ डिग्री अधिक है। मौसम कार्यालय का कहना है कि शहर में पिछली सबसे गर्म रात जून 2012 में दर्ज की गई थी जब न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। मंगलवार को दिल्ली में इस सीजन की सबसे गर्म रात 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई।प्रचंड गर्मी की इस ऐतिहासिक दौर में दिल्ली में लगातार 37 दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है।हालत यह है कि प्रचंड गर्मी ने दिल्ली में कोहराम मचा रखा है। इस गर्मी व लू से 24 घंटे में 33 लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। पुलिस के पास अभी पांच जिलों का डेटा नहीं है। ज्यादातर पुलिस उपायुक्त का कहना है कि यह फुटपाथ व रैन बसेरों में रहने वाले लोग थे। शुरूआती जांच में पुलिस इनकी मौत का कारण गर्मी ही मान रही है। हालांकि यह भी कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तस्वीर और स्पष्ट हो जाएगी। उधर, दिल्ली के 38 अस्पतालों में हर रोज बेहोशी, उल्टी व चक्कर आने के 100 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। लू की स्थिति से कोई राहत नहीं मिलने के कारण, दिल्ली-एनसीआर के अस्पतालों में हीट स्ट्रोक और थकावट की शिकायत वाले मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। डॉक्टरों ने बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले मरीजों को बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है।



**बीते एक सप्ताह का अधिकतम व न्यूनतम तापमान**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 18 जून | 44.0 | 33.8 |
| 17 जून | 45.2 | 33.0 |
| 16 जून | 44.6 | 33.2 |
| 15 जून | 44.6 | 32.4 |
| 14 जून | 44.0 | 33.3 |
| 13 जून | 44.8 | 29.4 |
| 12 जून | 44.7 | 28.5 |

#### गर्मी से बचाव के लिए क्या करें

चिकित्सकों का कहना है कि बढ़ते तापमान को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता रहा है। ज्यादा देर तक गर्मी या धूप के संपर्क में रहने से हीट स्ट्रोक, बेहोशी, चक्कर आने, लो ब्लड प्रेशर, हृदय गति में असमानता जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इसके अलावा जिन लोगों को पहले से ही डायबिटीज, हार्ट और ब्लड प्रेशर की दिक्कत रही है, उनके लिए अधिक तापमान की स्थिति के कारण जटिलताओं के और भी बढ़ने का खतरा हो सकता है।सो ऐसे लोग हर तरह से अपना बचाव करें। धूप में नहीं निकलें। दवा लेने में लापरवाही नहीं करें।

**हीट स्ट्रोक का जोखिम** : गर्मियों में हीट स्ट्रोक के मामले सबसे ज्यादा देखे जाते हैं, ये शरीर का तापमान बहुत अधिक बढ़ जाने के कारण होता है। हीट स्ट्रोक में तेज सिरदर्द, भ्रम, मतली, चक्कर आने, शरीर का तापमान 103त्से ऊपर होने, त्वचा लाल होने, चेतना की हानि जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। कुछ स्थितियों में ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव की समस्या के कारण गंभीर जटिलताएं भी हो सकती हैं।

**डायबिटीज रोगी बरतें सावधानी** : स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मियों में निर्जलीकरण होना सामान्य है। इससे रक्त शर्करा का स्तर बढ़ने का भी खतरा हो सकता है। इसके अलावा डायबिटीज की समस्या आपकी रक्त वाहिकाओं-तंत्रिकाओं को भी नुकसान पहुंचाने लगती है, इनमें पसीने की ग्रंथियों की तंत्रिकाएं भी शामिल हैं। इन स्थितियों में हीटवेव की समस्या शरीर को ठंडा रखने के तंत्र को भी प्रभावित कर देती है। डायबिटीज के ऐसे रोगी जिनको न्यूरोपैथी की दिक्कत (डायबिटीज न्यूरोपैथी) रही है उन्हें अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

**इसके अलावा**

- शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए आपको प्यास न लगी हो तब भी थोड़ी - थोड़ी देर पर थोड़ा पानी पीते रहें।
- गन्ना का जूस ,गुड़ का शरबत नींबू डालकर , आम का पन्ना, नारियल पानी, पतला घोल वाला सत्तू जैसे तरल पदार्थों का खूब सेवन करें।
- दोपहर में घर से निकलने से बचें।
- धूप में कड़ी मेहनत करने से बचें।
- धूप से बचने के लिए छाता, तौलिया, हैट का इस्तेमाल करें।
- अचानक ठंडे से गर्म तापमान में या गर्म से ठंडे तापमान में न जाएं।
- हल्के रंग के पतले, ढीले और सूती कपड़े पहनें।
- ककड़ी , खीरा, तरबूज,खरबूज खायें।
- सूती और ढीले कपड़े पहनें। ये शरीर को ठंडा रखने में मददगार है।
- पूरे कपड़े पहनें, हाथों को अच्छे से कवर करके रखें।
- दिन में 11 बजे से साढ़े तीन बजे तक घर से बाहर जाने से बचें।

**क्या न करें?**

1. गर्मी से बचाव के लिए बच्चों और जानवरों को गाड़ी में न छोड़ें।
2. शराब- कार्बोर्नेटेड ड्रिंक्स के सेवन से बचें।